WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

रायपुर, बुधवार, 5 नवंबर 2025 | शुक्ल पक्ष- पूर्णिमा, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 | अंक-258 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

राज्य अलंकरण एवं 'रजत महोत्सव' समापन समारोह 2025

5 नवंबर 2025 | सायं 4 बजे

राज्योत्सव मैदान, नवा रायपुर अटल नगर

श्री विष्णु देव साय
मान. मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
मान. प्रधानमंत्री

मुख्य अतिथि

श्री सी.पी. राधाकृष्णन
मान. उपराष्ट्रपति

अध्यक्ष

श्री रमेन डेका
मान. राज्यपाल, छत्तीसगढ़

अतिविशिष्ट अतिथि

श्री विष्णु देव साय
मान. मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

विशिष्ट अतिथि

श्री तोखन साहू
मान. केन्द्रीय राज्यमंत्री

डॉ. रमन सिंह
मान. अध्यक्ष, विधानसभा छत्तीसगढ़

श्री अरूण साव
मान. उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री विजय शर्मा
मान. उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री रामविचार नेताम
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री दयाल दास बघेल
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री केदार कश्यप
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री लखन लाल देवांगन
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री श्याम बिहारी जायसवाल
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री ओ.पी. चौधरी
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री टंकराम वर्मा
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री गजेन्द्र यादव
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री राजेश अग्रवाल
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री गुरू खुशवंत साहेब
मंत्री, छत्तीसगढ़

डॉ. चरणदास महंत
नेता प्रतिपक्ष, छत्तीसगढ़

श्री बृजमोहन अग्रवाल
सांसद, रायपुर

श्री राजेश मूणत
विधायक

श्री पुरन्दर मिश्रा
विधायक

श्री मोती लाल साहू
विधायक

श्री अनुज शर्मा
विधायक

श्री सुनील सोनी
विधायक

श्री इंद्र कुमार साहू
विधायक

एवं

समस्त सांसद, विधायक, निगम मंडल, आयोग, जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यगण, महापौर रायपुर एवं सरपंच की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित है।

आप सादर आमंत्रित हैं।

सूर्यकिरण एयरोबेटिक शो
प्रातः 10:00 बजे | सेंध जलाशय, नवा रायपुर अटल नगर

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

लखपति दीदी सम्मेलन
दोपहर 02:00 बजे
स्टेट स्कूल ग्राउंड, राजनांदगांव

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

S-45792/6

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

संक्षिप्त खबरें

बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था, नकली दवाओं के लिए स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त किया जाय

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा, मेकाहारा जैसे अस्पताल में एक बेड पर दो प्रसूता को बच्चों के साथ लिटाया जा रहा। सरकारी अस्पतालों में जांच और इलाज नहीं पा रहा। प्रदेश नकली दवाओं का केंद्र बन चुका है, राजधानी सहित सभी मेडिकल कॉलेजों में हर सरकारी अस्पताल में लगातार नकली दवाएं मिल रही है। स्वास्थ्य मंत्री व्यवस्था सुधारने के बजाय उस पर पर्दा डालने में लगे है। स्वास्थ्य मंत्री के मिली भगत या लापरवाही के बिना अस्पतालों में गुणवत्ता विहीन दवाएं नहीं पहुंच सकती।गलती एक या दो जगह हो सकती है, लगातार हर अस्पताल में नकली अमानक दवाएं मिलना बड़े घोटाले की ओर इशारा करते है।पूरे मामले की जांच की जाए और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को तत्काल पद से हटाया जाय।

एसआईआर चुनाव आयोग का काम है या भाजपा का एजेंडा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि खबरे छपी है कल भाजपा की एक बैठक हुई जिसमें यह निर्णय हुआ कि एसआईआर के बारे में विपक्ष कोई बयान देगा या उसके खिलाफ कोई समाचार छपेगा तो भाजपा के विधायकों और पूर्व विधायकों को जवाबदारी दी गई है कि उसका वे जवाब देंगे। एसआईआर चुनाव आयोग का काम है तो उसके बारे में कोई सवाल खड़ा होता है या प्रक्रिया में परेशानी आती है तो उसका निराकरण करना जवाब देना आयोग का काम है। भाजपा किस हैसियत से इसका जवाब देने की तैयारी कर रही है। क्या भाजपा आयोग की प्रवक्ता है?कांग्रेस ने पहले भी कहा था आयोग यह सुनिश्चित करे कि एसआईआर किसी राजनैतिक दल का एजेंडा नहीं है।आयोग यह भी सुनिश्चित करे यह काम पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से होगा। एसआईआर का उद्देश्य मतदाताओं का सत्यापन होना चाहिए न कि मतदाताओं को परेशान करने की नीयत। हमारी मांग है कि आयोग भाजपा के कल की मीटिंग के संबंध में छपे समाचारों पर स्पष्टीकरण मांगे।

कांग्रेस ने पांच साल में झीरमकांड की निष्पक्ष जांच क्यों नहीं कराई-अजय चंद्राकर

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश और प्रदेश में नक्सलियों के सफाये के दावे को लेकर अब सियासत तेज हो गई है। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने नक्सलियों को पाला पोशा जिसके चलते यह समस्या नासूर हो गई। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पलटवार करते हुए कहा कि पिछले कई दिनों से नक्सलियों का सफाये होने का दावा सरकार कर रही है। लेकिन अभी तक यह बताने में सक्षम नहीं हुई कि अभी तक क्या हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और नक्सलियों के बीच क्या डील हुई है इसको लेकर स्थिति स्पष्ट करे।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रायपुर में देश एवं राज्य को लाल आतंक से मुक्ति दिलाने की घोषणा के पश्चात अब छग में कांग्रेस और भाजपा के बीच सियायत तेज हो गई है। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने आरोप लगाया कि राज्य में कांग्रेस ने ही नक्सलियों को पाला पोशा और आगे बढ़ाया। उनके सफाये के लिए कुछ नहीं किया आज भाजपा सरकार ने अपने दृढ़ इच्छा शक्ति से नक्सलवाद को सफाया किया है तो वह हो हल्ला मचा रही है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि नक्सलियों को पालने पोसने का काम किया और पांच साल में नक्सली गतिविधियां बढ़ाई जिसके चलते झीरम कांड हुआ।

मानवीय संवेदना के साथ आकांक्षी क्षेत्रों में विकास कार्य करें : राज्यपाल

- **राज्यपाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बस्तर के विकासखण्डों की समीक्षा बैठक ली**

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने आज राजभवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बस्तर संभाग के आकांक्षी विकासखण्डों में चल रहे कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को मानवीय संवेदना के साथ आकांक्षी क्षेत्र में तेजी से समन्वित विकास के लिए निर्देशित किया है।

बैठक में राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास की दिशा में विशेष पहल करें और इसमें तेजी से प्रगति लायें। टीबी उन्मूलन के कार्य को गति देने, स्कूलों से ड्राप आउट बच्चों पर विशेष ध्यान देने, आजीविका के लिए स्व सहायता समूहों को मजबूत करने और उन्हें रोजगार कार्यों से जोड़ने के लिए कहा गया है। बैठक में राज्यपाल के सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना, आकांक्षी जिलों के कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत एवं विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड अधिकारी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने बस्तर जिले के तोकापाल, बीजापुर जिले के उसूर, दंतेवाड़ा जिले के कुवाकोंडा, कोण्डागांव जिले के माकड़ी, नारायपुर जिले के ओरछा, सुकमा जिले के कोंटा और कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा एवं दुर्गकोंदल आकांक्षी विकासखण्डों में किए जा रहे समन्वित विकास कार्यो एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की। राज्यपाल ने इन क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और इसके लिए जनजागरूकता की दिशा में प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। राज्यपाल ने रेडक्रॉस सोसायटी में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने और इसका सक्रिय उपयोग लेने कहा है। बच्चों के सुपोषण, पशु टीकाकरण पर ध्यान देने कहा गया है। स्कूलों में बच्चों के आंख एवं कान की नियमित जांच करने पर जोर दिया गया है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत दूरस्थ क्षेत्रों में तेजी से आवास के निर्माण के लिए सामाग्री का भंडारण समन्वय के साथ करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए है। अधिकारियों को दिसंबर माह तक कार्य में प्रगति लाकर एक्शन टेकन रिपोर्ट देने कहा गया है।

अबूझमाड़ के जंगलों से निकला सुशासन का उजाला किरण

कच्चापाल की महिलाओं ने रच दी आत्मनिर्भरता की मिसाल

- **जैविक बासमती से बदली तकदीर**

रायपुर/नवप्रदेश। कभी नक्सल हिंसा और भय के साये में जीवन जीने वाले नारायणपुर जिले के ओरछा विकासखण्ड के अबूझमाड़ क्षेत्र के ग्राम कच्चापाल में अब सुशासन और आत्मनिर्भरता की किरणें पहुँच चुकी हैं। यह वही इलाका है जहाँ कभी बम धमाकों की गूँज और बंदूकों की आवाज़ें विकास के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा थीं। सड़क, बिजली, पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित यह गांव अब नियद नेल्ला नार योजना के तहत विकास की मुख्यधारा से जुड़ चुका है।

राज्योत्सव के भव्य मंच पर इस परिवर्तन की गूंज सुनाई दी जब कच्चापाल के आश्रित ग्राम ईरकभट्टी की दो महिलाएँ -मांगती गोटा और रेनी पोटाई ङ्क अपने हाथों से उगाई गई जैविक बासमती चावल लेकर राजधानी पहुँचीं। ये महिलाएँ राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के लालकुंवर स्व-सहायता समूह से जुड़ी हैं। कभी शहर का नाम तक न जानने वाली ये महिलाएँ आज अपने गाँव की पहचान बन चुकी हैं।

एरिया कोऑर्डिनेटर सोधरा धुर्वे बताती हैं कि पहले इस क्षेत्र में लाल आतंक के कारण कोई सरकारी योजना पहुँच ही नहीं पाती थी। ग्रामीणों के पास बाजार की जानकारी नहीं थी, और बिचौलिए उनके उत्पादों को औने-पौने दामों पर खरीदकर मुनाफा कमा लेते थे। लेकिन सशस्त्र बलों के कैम्प लगने और शासन की सक्रिय पहल से जब 'नियद नेल्ला नार' योजना के तहत बिहान समूहों का गठन हुआ, तो हालात बदलने लगे। महिलाओं में बचत की आदत और आत्मनिर्भरता का भाव बढ़ा।

मांगती गोटा बताती हैं, हम हमेशा से बिना रासायनिक खाद के जैविक तरीके से बासमती चावल उगाते रहे हैं। पहले बिचौलिए हमसे 15ङ्क20 रुपये किलो में चावल ले जाते थे। लेकिन बिहान योजना से जुड़ने और प्रशिक्षण मिलने के बाद हमें असली कीमत का पता चला। आज राज्योत्सव में हमारे चावल की कीमत 120 रुपये किलो मिल रही है। लोग इसे शुद्ध और जैविक जानकर बहुत उत्साह से खरीद रहे हैं।

रेनी पोटाई बताती हैं कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी हमारे गाँव आये थे तो हमारी समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित किया था। इस बार हमने सिर्फ चावल नहीं, बल्कि बाँस की टोकनी और झाड़ू भी तैयार किए हैं। हमारे समूह ने इस साल 40 क्विंटल जैविक बासमती चावल का उत्पादन किया है, उन्होंने मुस्कराते हुए बताया।

मेक मी टैगोर, मदर' ने बच्चों-और शिक्षिकों को झकझोरा

- **एकल नाटक का मंचन, शरारती बच्चों की भी आंखें हुईं नम**

रायपुर/नवप्रदेश। 12वीं की पढ़ाई छोड़कर एक लड़का बाहर मजदूरी करता है। एक दिन वह उसे स्कूल के बच्चों के पास पहुंचता और उनसे बात करता है और उन्हें बताता है कि आखिर उसकी पढ़ाई कैसे छूट गई और वो क्यों आज मजदूरी करने के लिए मजबूर है। वह लड़का अपने पढ़ाई के दिनों को याद करते हुए बच्चों से कहता है कि वो भी टैगोर बनना चाहता था। टैगोर की तरह कविताएं और कहानी लिखने का उसे शौक था, लेकिन कैसे पारिवारिक मजबूरी के कारण उसके सपनों पर ब्रेक लग जाता है और वह बच्चों से कहता है कि मैं मजदूरी के पैसों से आगे की पढ़ाई करूंगा और अपने जैसे मजबूर बच्चों की मदद करने के लिए शिक्षक बनूंगा, ताकि कोई और बच्चा अपने सपनों को मारकर मजदूर न बने। मौका था महाराष्ट्र मंडल के संचालित संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में 'मेक मी टैगोर, मदर' एकल नाट्य के मंचन का। स्कूल के सभागृह में मंचित एकल नाटक 'मेक मी टैगोर, मदर (मां मुझे टैगोर बना दे) में संवेदनशील अभिनय के माध्यम से अभिनेता लकी गुप्ता ने बच्चों के साथ शिक्षकों की अंतरात्मा से झकझोरा कर रख दिया। सभी की आंखों नम हो गईं। जम्मू से पहुंचे लकी गुप्ता के एकल अभिनय ने बच्चों को शिक्षा के प्रति असरदार संदेश भी दिया।

स्कूल के प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने कहा कि अब तक कई नाटक देखे लेकिन एकल अभियन के साथ यह नाटक अद्भुत था। अपने मंचन के दौरान लकी ने बच्चों को अपने नाटक में शामिल किया।

ऊर्जा विभाग के मण्डप में दर्शकों की भारी भीड़

- **मॉडल, कठपुतली, वीडियो, क्विज से बढ़ा आकर्षण**
- **डबल इंजन सरकार की डबल सब्सिडी का रोचक चित्रण**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती पर नवा रायपुर में आयोजित राज्योत्सव में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज तथा ऊर्जा विभाग के मण्डप में आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया है जिससे इस मण्डप में दर्शकों की सर्वाधिक भीड़ देखी जा रही है। इस मण्डप में उत्पादन, पारेषण तथा वितरण कंपनियों के साथ क्रेडा, सीबीडीए आदि की 25 वर्षों की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है। साथ ही कठपुतली, क्विज, वीडियो प्रदर्शन जैसे नवाचार के जरिए पूरे प्रदर्शन को काफी मनोरंजक, रूचिकर तथा ज्ञानवर्द्धक बनाया गया है। मण्डप के प्रवेश द्वार पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कट आउट लगे है।

सरकार के दो वर्ष बाद भी मोदी की गारंटी का लाभ नहीं मिला: फेडरेशन

- **रजत जयंती वर्ष में सरकार को कर्मचारी हित में ऐतिहासिक घोषणा की उम्मीद**

रायपुर/नवप्रदेश। विकसित राज्यों की सूची में शामिल छत्तीसगढ़ में कर्मचारियों को अपने हक़ के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। महंगाई भत्ते समेत अन्य 11 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने लंबे समय से संघर्षरत है। फेडरेशन का कहना है कि सरकार के साथ हुई चर्चाओं के बावजूद अब तक किसी ठोस समाधान पर सहमति नहीं बना है। जिससे कर्मचारियों में गहरी नाराज़गी व्याप्त है।

फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा,बी पी शर्मा,सचिव राजेश चटर्जी,प्रवक्ता द्वय जी आर चंद्रा,चंद्रशेखर तिवारी, रोहित तिवारी, संजय सिंह ठाकुर, अरुण तिवारी, मनीष मिश्रा एवं केदार जैन ने कहा कि जब राज्य विकास के नए आयाम गढ़ रहा है, तब कर्मचारियों को बुनियादी हक़ के लिए आंदोलन करना दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदेशभर के कर्मचारी,शिक्षक और पेंशनभोगी लगातार कर्मचारी-विरोधी निर्णयों से आहत हैं तथा फेडरेशन से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का मांग कर रहे हैं। फेडरेशन ने सरकार से मांग की है कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए ठोस पहल की जाए तथा 11 सूत्रीय मांगों पर शीघ्र निर्णय लिया जाए।

एग्री स्टेट पोर्टल में वंचित 7 लाख किसानों का ऑफलाइन पंजीयन किया जाए: कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। एग्री स्टेट पोर्टल में पंजीयन से वंचित 7 लाख किसानों का ऑफ्लाईन पंजीयन करने की मांग करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि एग्री स्टेट पोर्टल में 7 लाख किसानों का डेटा नहीं मिलने के कारण पंजीयन नहीं हो पाया। सरकार के लपरवाही के चलते किसानों के सामने धान बेचने का संकट खड़ा हो गया है। सरकार हठ धर्मिता छोड़कर किसानों के हित में फैसला करे। जिन किसानों का एग्रो स्टेट पोर्टल में पंजीयन नहीं हो पाया उन किसानों का ऑफ्लाईन पंजीयन करवाये। किसानों का सभी उत्पादित धान बेरोक टोक खरीदी किया जाये।

एग्रो स्टेट पोर्टल में इन 7 लाख किसानों की खेती का समस्त डाटा तुरंत दर्ज किया जाये, ताकि भविष्य में दोबारा परेशानी न हो।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों से वादा अनुसार 3100 रु. प्रति क्विंटल की दर पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने से बचना चाहती है। इसीलिए पहले धान बुवाई के समय खाद, बीज का संकट उत्पन्न की, बिजली की आपूर्ति बाधित की, ताकि धान का उत्पादन प्रभावित हो और अब धान बेचने के समय अचानक एग्री स्टेट पोर्टल में पंजीयन करने की अनिवार्यता करके किसानों को परेशान किया है, जिसके चलते 7 लाख किसान धान बेचने से वंचित हो सकते हैं और सरकार की यही मंशा है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा है कि भाजपा की किसान विरोधी सरकार अपने तुगलकी निर्णय को किसानों पर जबरिया थोपी है। एग्री स्टेट पोर्टल में केवल 2023 तक के ही रिकॉर्ड भी पूर्ण रूप से अपडेट नहीं हैं।

अच्छी पहल ...

ट्रांसपोर्ट से जुड़ी मुद्दों पर चर्चा की गई

सभी जिला इकाइयों में कैट ट्रांसपोर्ट का गठन किया जायेगा

रायपुर/नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छ.ग. इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, छ.ग. इकाई के अध्यक्ष परमानंद जैन, महामंत्री सुरेन्द्र सिंह एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट के प्रदेश कार्यालय में कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी जी अध्यक्षयता में कैट ट्रांसपोर्ट के पदाधिकारियों के साथ मिटिंग हुई। मिटिंग में ट्रांसपोर्ट से जुडी हुई मुद्दो पर चर्चा की गई।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी ने बताया कि कैट के सभी जिला इकाईयों में कैट ट्रांसपोर्ट का गठन किया जायेगा। उन्होनें आगे कहा कि विगत दिनों छत्तीसगढ़ शासन के जीएसटी आयुक्त पुष्पेंद्र कुमार मीणा से सौजन्य मुलाकात कर ई-वे बिल नियमों में आवश्यक एवं व्यावहारिक सुधारों की माँग को लेकर पत्र सौंपा गया था। पत्र में में ईज ऑफ डुइंग बिज़नेस की भावना के अनुरूप छत्तीसगढ़ के व्यापारियों एवं उद्योगपतियों की ओर से दो प्रमुख माँगें रखी गई है।

1. एक ही जिले के भीतर माल परिवहन पर ई-वे बिल से पूर्ण छूट दी जाए।

2. आवश्यक वस्तुएँ जैसे पुस्तकें, नोटबुक, शैक्षणिक सामग्री, ताज़ा फल-सब्जियाँ, डेयरी उत्पाद, खाद्य सामग्री, चिकित्सा उपकरण, कृषि निवेश व उपकरण आदि पर राज्य में परिवहन पर ई-वे बिल से पूर्ण छूट दिया जाएँ। कैट ट्रांसपोर्ट के प्रदेश अध्यक्ष नवीन शर्मा ने बताया कि प्रदेश में कैट ट्रांसपोर्ट इकाई का विस्तार किया जायेगा। शहर चारों ओर स्थित ट्रांसपोटर्स को कैट से जोडा जायेगा।

छत्तीसगढ़ के जंगल और खनिज संसाधनों पर पूंजीपतियों की नज़र

- **सरकार की कॉर्पोरेट परस्त नीतियों का प्रमाण**
- **लेमरू एलीफेंट रिजर्व और जंगली जानवरों के रहवास में कमर्शियल माइनिंग**

रायपुर/नवप्रदेश। कोयला मंत्रालय द्वारा निजी पूंजीपति के कमर्शियल यूज के लिए कोल ब्लॉकों की नीलामी की सूची में छत्तीसगढ़ के जैव विविधता के अति महत्वपूर्ण क्षेत्रों के खदानों को शामिल किए जाने का विरोध करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है

कि केंद्र की मोदी सरकार ने अपने पूंजीपति मित्रों के मुनाफे के लिए निजी कमर्शियल यूज के लिए खुली नीलामी का विकल्प दिया है। डबल इंजन की सरकार में अब तक 12 राउंड में नीलामी हो चुकी है। दो अलग-अलग अधिनियमों के तहत कोयला खदानों की नीलामी की जा रही है। इसी दुर्भावना को अमल करने के लिए मोदी सरकार ने कोल बेयरिंग एक्ट और वन अधिकार अधिनियम में आदिवासी हितों के विरुद्ध संशोधन किए हैं। कॉर्पोरेट परस्त नीतियों के तहत मोदी सरकार में कोल माइंस स्पेशल प्रोविजन्स एक्ट (सीएमएसपी) और माइंस एंड मिनरल्स डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन्स एक्ट (एमएमडीआर) के तहत अलग-अलग नीलामी हो रही है। केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद कोयले के कमर्शियल माइनिंग सेक्टर में निजी क्षेत्र को एंट्री दी गई है ताकि सरकारी उपक्रम, नवरत्न कंपनियों कोल इंडिया और एसईसीएल से काम छीनकर दबाव पूर्वक अपने मित्रों को लाभ पहुंचा सके।

WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2| राजधानी 4| अभिव्यक्ति 8| छत्तीसगढ़ 11| देश विदेश

रायपुर, बुधवार, 5 नवंबर 2025 शुक्ल पक्ष- पूर्णिमा, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक-258 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

बिलासपुर में मालगाड़ी के ऊपर चढ़ी पैसेंजर ट्रेन, 8 की मौत, कई घायल

मृतकों के परिजनों को 10 लाख और घायलों को 5 लाख मुआवजे का ऐलान

बिलासपुर /नवप्रदेश। बिलासपुर में लालखदान के पास बड़ा रेल हादसा हुआ है। हावड़ा रूट पर चल रही पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में 8 की मौत और 12 से ज्यादा लोगों के घायल होने की जानकारी मिल रही है। बिलासपुर में लालखदान के पास बड़ा रेल हादसा हुआ है। हावड़ा रूट पर चल रही पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतरने के कारण यात्रियों में दहशत फैल गई। मिली जानकारी के मुताबिक कई लोगों के मरने की खबर है। रेलवे प्रशासन ने तुरंत रेस्क्यू टीम और मेडिकल यूनिट को मौके पर भेजा है। स्थानीय प्रशासन भी सहायता के लिए पहुंचा। हादसे के कारण पूरे रूट पर ट्रेन परिचालन पूरी तरह ठप हो गया। कई ट्रेनों को रद्द या रूट डायवर्ट कर दिया गया। हादसे में प्रभावित लोगों के लिए मुआवजे का ऐलान कर दिया गया है। जिसमें मृतकों के परिजनों को 10 लाख, गंभीर रूप से घायल यात्रियों को पांच लाख और सामान्य रूप से घायल यात्रियों को एक लाख की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। कोरबा पैसेंजर और मालगाड़ी में टक्कर हुई है। इस हादसे में 6 लोगों की मौत होने की खबर सामने आ रही है। वहीं 12 से ज्यादा यात्रियों के घायल होने की भी खबर है। मृतकों की संख्या बढ़ भी सकती है। फिलहाल, रेस्क्यू जारी है। मौके पर रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद हैं। हादसे की सूचना मिलते ही घटना ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मेडिकल यूनिट और रेस्क्यू टीम मौके पर

रेलवे प्रशासन ने मेडिकल यूनिट और रेस्क्यू टीम को मौके पर भेजा है। वहीं स्थानीय प्रशासन भी मदद में जुटा हुआ है। इस हादसे की वजह से कई ट्रेनों का परिचालन ठप हो गया है। कई ट्रेन दूसरे रूट से अपने गंतव्य के लिए जा रहे हैं। हादसे का कारण अज्ञात है। रेलवे की टीम मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर रही है। यह हादसा बिलासपुर कटनी रेल मार्ग पर हुआ है, जो की सबसे व्यस्ततम मार्ग है जांच पड़ताल के बाद ही स्पष्ट होगा

दुर्घटना का कारण अब तक स्पष्ट नहीं

फिलहाल दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। रेलवे की जांच टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मुआयना कर रही है और तकनीकी पहलुओं को खंगाला जा रहा है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि हादसे के पीछे की वास्तविक वजह जांच पूरी होने के बाद ही सामने आ पाएगी। यह हादसा गटौरा स्टेशन के लाल खदान के पास हुआ है। रेलवे और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद हैं।

बिलासपुर जोन में कब -कब हुए हादसे

26 नवंबर 2024

कोयले से भरी मालगाड़ी के 23 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं। बिलासपुर रेलवे जोन अंतर्गत गौरेला-पेण्ड्रा मारवाही जिले के भंनवारटोंक रेलवे स्टेशन के पास यह हादसा हुआ है।

रेलवे कोचिंग डिपो हादसा,

रेलवे कोचिंग डिपो में रेलवे प्रशासन और ठेकेदार की लापरवाही से ठेकेदार के अधीन क्लीनर एसी कोच की सफाई के दौरान हाईटेंशन तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया।

27 जुलाई 2023

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर रेल मंडल में बड़ा ट्रेन हादसा हुआ है। एक मालगाड़ी की 8 डिब्बे बेपटरी हो गई है। इसके चलते अब कई पैसेंजर ट्रेन का आना जाना प्रभावित हो गया है।

17 जनवरी 2024

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर मंगलवार की रात छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस सिग्नल तोड़कर स्टॉपर के ऊपर चढ़ गई।

9 जुलाई 2024

बिलासपुर जोनल स्टेशन के करीब बीसीएन डिपो में अप्रेंटिस की करेंट से मौत जोनल स्टेशन के करीब बीसीएन यार्ड में वैगन की वेल्डिंग के दौरान हादसा हुआ।

29 अगस्त 2025

रेलवे यार्ड में ट्रेन की एसी सफाई के दौरान ओएचई तार से झुलसे ठेकाकर्मी युवक की मौत हो गई। युवक मुलमुला का रहने वाला था।

यात्रियों एवं उनके परिजनों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

बिलासपुर -7777857335, 7869953330, चांपा - 8085956528, रायगढ़ -9752485600, पेंड्रा रोड - 8294730162, कोरबा - 7869953330, उसलापुर - 7777857338. यात्री एवं उनके परिजन इन नंबरों पर संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं ।

आज बेबाक

अमेरिका के बहकावे में आकर पाकिस्तान ने अफगानिस्तान से पंगा मोल लेकर अपनी स्थिति धोबी के कुत्ते की तरह कर ली है जो घर का रहता है न घाट का। अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान ने मुस्लिम देशों के दबाव में आकर सीजफायर तो कर लिया है लेकिन यह कभी भी टूट सकता है। इस बीच रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने एलान किया है कि यदि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हमला किया तो रूस अफगानिस्तान का साथ देगा। मतलब पाकिस्तान दो पाटों के बीच पीसकर साबूत नहीं बचेगा। एक पाकिस्तान के टुकड़े कई होंगे कोई इधर गिरेगा, कोई उधर गिरेगा।

ट्रैक पर तबाही का मंजर, चारों तरफ मची चीखपुकार

बिलासपुर जिले में लालखदान रेलवे स्टेशन के निकट रेल दुर्घटना में दोनों ट्रेनों के कई डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि चारों ओर चीख-पुकार और धुएं का माहौल फैल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के तुरंत बाद यात्रियों में दहशत का वातावरण बन गया।

ट्रेन संचालन ठप कई रूट डायवर्ट

हादसे के कारण बिलासपुर-कटनी रेलमार्ग, जो देश के सबसे व्यस्ततम रेल मार्गों में गिना जाता है, पूरी तरह बाधित हो गया है। पूरे रूट पर ट्रेन संचालन रोक दिया गया है। कई ट्रेनों को रद्द किया गया है, जबकि कुछ को वैकल्पिक मार्गों से उनके गंतव्य की ओर भेजा जा रहा है। यात्रियों को असुविधा से बचाने के लिए रेलवे की ओर से बसों और अन्य साधनों की व्यवस्था की जा रही है।

ट्रेन संचालन ठप कई रूट डायवर्ट

हादसे के कारण बिलासपुर-कटनी रेलमार्ग, जो देश के सबसे व्यस्ततम रेल मार्गों में गिना जाता है, पूरी तरह बाधित हो गया है। पूरे रूट पर ट्रेन संचालन रोक दिया गया है। कई ट्रेनों को रद्द किया गया है, जबकि कुछ को वैकल्पिक मार्गों से उनके गंतव्य की ओर भेजा जा रहा है। यात्रियों को असुविधा से बचाने के लिए रेलवे की ओर से बसों और अन्य साधनों की व्यवस्था की जा रही है।

सीएम साय ने जताया दुख, हरसंभव मदद का आश्वासन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बिलासपुर रेल हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स पर पोस्ट कर इस दुर्घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि बिलासपुर के पास ट्रेन दुर्घटना का समाचार अत्यंत दुःखद है। बिलासपुर जिला कलेक्टर से जानकारी लेकर उन्हें हरसंभव सहायता और राहत कार्य संबंधित निर्देश दिए गए हैं। राज्य सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ है। उन्होंने कहा कि रेलवे और प्रशासन की टीमें तुरंत राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई हैं। घायलों के उपचार के लिए सभी आवश्यक संसाधन और चिकित्सा सहायता सुनिश्चित की जा रही है। राज्य सरकार पूरी तत्परता और संवेदनशीलता के साथ स्थिति पर नजर रख रही है। बिलासपुर ट्रेन दुर्घटना पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि एक बहुत ही दुखद घटना घटी है। मेमू यात्री ट्रेन एक खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई। टक्कर में आगे का डिब्बा, जिसमें इंजन और कुछ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वोट चोरी जनता के खिलाफ बहुत बड़ी साजिश : प्रियंका

सहरसा (वार्ता) कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बिहार में 65 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से काटे जाने को बहुत बड़ी साजिश बताते हुए सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार लोगों के अधिकार छीन रही है।

वाड्रा ने सहरसा जिले के सोनबरसा में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वोट कटने का मतलब सिर्फ मतदान से वंचित होना नहीं है, बल्कि यह नागरिकता रद्द होने के समान है, जिससे लोग पेंशन, मनरेगा जैसी सरकारी योजनाओं से भी वंचित हो जाएंगे। उन्होंने जनता दल यूनाईटेड (जदयू)-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर हमला करते हुये कहा कि बिहार में शिक्षा व्यवस्था ठप हो गई है, स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई हुई हैं, पेपर लीक हो रहे हैं, भ्रष्टाचार और महंगाई चरम पर है। जनता बेरोजगारी और पलायन का दंश झेल रही है। युवाओं को बिहार में रोजगार नहीं मिल रहा, इसलिए वे काम की तलाश में राज्य से बाहर जाने को मजबूर हैं। आज खेती से भी कमाई नहीं हो रही है, मेहनत के बावजूद किसानों को फसल का सही दाम नहीं मिलता।

आईएएनएस-मैटराइज सर्वे

बिहार में पीएम मोदी की लोकप्रियता का असर तय, 63 प्रतिशत लोगों की मुहर

नई दिल्ली (आईएएनएस)। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण के लिए मंगलवार को प्रचार थम जाएगा। राज्य में पहले चरण के लिए 121 सीटों पर 6 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। इसी बीच बिहार चुनाव को लेकर आईएएनएस-मैटराइज सर्वे के आंकड़े भी सामने आ चुके हैं। सर्वे के मुताबिक, बिहार में एक बार फिर से राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार बना सकती है। राज्य की 243 सीटों में से एनडीए को 153-164 सीटें मिल सकती हैं। जबकि, इंडी गठबंधन को 76-87 सीटें मिलने का अनुमान है। इसके अलावा, आईएएनएस-मैटराइज सर्वे में बिहार की जनता से कई सवाल पूछे गए हैं। बिहार विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का कितना प्रभाव पड़ेगा? इस सवाल के जवाब में 63 प्रतिशत लोगों ने माना कि पीएम मोदी की लोकप्रियता का इस चुनाव में बड़ा असर पड़ेगा। सर्वे के आंकड़ों के अनुसार, 8 प्रतिशत लोगों ने माना कि पीएम मोदी की लोकप्रियता का राज्य के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राज्योत्सव के बाद सीएम साय का दो राज्यों में दौरा

■ 6 को ओडिशा में करेंगे चुनाव प्रचार, 10-11 नवंबर को रहेंगे गुजरात में

रायपुर/नवप्रदेश । ओडिशा के नुआपाड़ा विधानसभा उपचुनाव में अब कुछ ही दिन शेष हैं, ऐसे में अब भाजपा प्रचार में पूरी ताकत झोंकने वाली है. मुख्यमंत्री विष्णदेव साय 6 नवंबर को नुआपाड़ा विधानसभा जाएंगे। जहां वे भाजपा प्रत्याशी जय ढोलकिया के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे।

बता दें कि प्रदेश के कुछ नेता भी वहां पर भाजपा प्रत्याशी के प्रचार प्रसार के लिए जुटे हुए हैं. बिहार में हो रहे विधानसभा चुनाव के साथ ही नुआपाड़ा में 11 नवंबर को उपचुनाव हो रहा है। यहां से भाजपा के प्रत्याशी जय ढोलकिया चुनाव लड़ रहे हैं. बीजेडी से स्नेहंगिनी छुरिया और कांग्रेस से घसियाराम माझी जैसे प्रमुख दलों के उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. अन्य प्रमुख दलों से रमाकांत हाटी (समाजवादी पार्टी), हेमंत तांडी (बहुजन मुक्ति पार्टी) और शुकाधर डड़सेना (ओडिशा जनता दल) भी चुनाव लड़ रहे हैं.

मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण प्रारंभ

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सभी विधानसभा क्षेत्रों में आज से मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण प्रारंभ हो गया है। 4 नवंबर से राज्य के सभी मतदान केंद्रों के बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) वितरित किए जा रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर के तहत पुनरीक्षण के लिए अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। इसके लिए 4 नवम्बर 2025 से 4 दिसम्बर 2025 तक गणना प्रपत्र भरे जाएंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री यशवंत कुमार ने राज्य के सभी पात्र नागरिकों से एसआईआर में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। उन्होंने सभी मतदाताओं से आग्रह किया है कि वे मतदाता सूची में अपने नाम का सत्यापन अवश्य कराएं। मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष पुनरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है।

एसआईआर के लिए नागरिक अपने मतदान केंद्र के बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से ऑफलाइन गणना प्रपत्र भरकर जमा कर सकते हैं। मतदाता अपने मोबाइल फोन पर ईसीआईनेट एप डाउनलोड कर या वोटर्स डॉट ईसीआईडॉट जीओव्ही डॉट इन वेबसाइट पर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सुरक्षाबलों की बड़ी कामयाबी | नई रणनीति के तहत चलाया जा रहा है एंटी नक्सल ऑपरेशन

नक्सलियों की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री ध्वस्त, हथियारों का जखीरा बरामद

सुकमा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों को एक बड़ी सफलता मिली है। डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व ग्रुप) टीम ने गोमगुड़ा इलाके के घने जंगल में नक्सलियों की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए उसे ध्वस्त कर दिया। मौके से 17 रायफल, हथियार बनाने की मशीनें, गन पाट्र्स और भारी मात्रा में निर्माण सामग्री बरामद की गई है। यह कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चलाए जा रहे एंटी नक्सल ऑपरेशन का हिस्सा थी।

जिला पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नई रणनीति के तहत संचालित एंटी नक्सल अभियान का हिस्सा थी। लगातार चल रहे इन अभियानों से नक्सलियों को भारी नुकसान पहुंचा है और वे अब दबाव में हैं। **नक्सलियों पर बढ़ रहा दबाव** : सुकमा पुलिस के अनुसार हाल के महीनों में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खुफिया सूचना पर चला ऑपरेशन

3 नवंबर 2025 को सटीक खुफिया सूचना के आधार पर ष्ठक्रत्र टीम ने गोमगुड़ा क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया। इसी दौरान सुरक्षाबलों को जंगल में नक्सलियों द्वारा संचालित अवैध हथियार निर्माण फैक्ट्री मिली। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ कि नक्सली इस फैक्ट्री में सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए हथियार और विस्फोटक सामग्री तैयार कर रहे थे।

बरामद किये गए हथियारों की सूची

फैक्ट्री से जब्त किए गए हथियारों और उपकरणों की विस्तृत सूची में क्चत्ररु रॉकेट लॉन्चर (1 नग), क्चत्ररु लॉन्चर (6 नग), 12 बोर राइफल (6 नग), सिंगल शॉट राइफल (3 नग), देशी कट्टा (1 नग) और क्चत्ररु बैरल (3 नग) शामिल हैं। इसके अलावा नक्सलियों द्वारा हथियार निर्माण में प्रयुक्त कई गन पाट्र्स और भारी उपकरण भी बरामद हुए हैं।

सरेंडर करने वाले माओवादी कमलू पुनेम को बताया डरपोक, पर्चा जारी

जगदलपुर /नवप्रदेश । जगदलपुर में पश्चिम बस्तर डिवीजन ने एक पर्चा जारी किया है। जारी पर्चे में नक्सलियों ने कुछ दिन पहले सरेंडर किए कमलू पुनेम को डरपोक बताया है। इसके साथ ही दो लाख रुपये लेकर भागने का आरोप भी लगाया है। पश्चिम बस्तर डिवीजन के नक्सलियों ने हाल ही में आत्मसमर्पण करने वाले पार्टी सदस्य कमलू पुनेम के खिलाफ एक पर्चा जारी कर सनसनी मचा दी है। इस पर्चे में कमलू पुनेम को 'डरपोक करार देते हुए उस पर 2 लाख रुपये लेकर पार्टी छोड़कर भागने का गंभीर आरोप लगाया गया है।

पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी, भाकपा माओवादी ने जारी किए गए पर्चे में कहा है कि कमलू पुनेम, जो कि 25 से 30 वर्षों तक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एशिया की टॉप यूनिवर्सिटीज की लिस्ट जारी

भारत में आईआईटी दिल्ली नंबर वन

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली ने क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में भारत में अपना टॉप स्थान बरकरार रखा है। इस साल कुल 294 भारतीय संस्थान इस रैंकिंग में शामिल हुए हैं, जिनमें 7 टॉप 100, 20 टॉप 200 और 66 टॉप 500 में जगह पाने में सफल रहे हैं।

भारत का प्रदर्शन: पिछले साल की तुलना में इस बार 36 विश्वविद्यालयों की रैंकिंग बेहतर हुई है, 16 की स्थिति समान रही और 105 की रैंकिंग में गिरावट दर्ज की गई है। भारत ने इस साल 'पेपर्स प्रति फैकल्टीÓ और 'स्टाफ विद पीएचडीÓ जैसे मानकों में सबसे अधिक अंक हासिल किए हैं।

भारत के 5 विश्वविद्यालय एशिया के टॉप 10 और 28 विश्वविद्यालय टॉप 50 में रहे हैं, जबकि 45 संस्थान 'स्टाफ विद पीएचडीÓ श्रेणी में एशिया के टॉप 100 में शामिल हैं।

अनुसंधान में भारतीय संस्थानों का प्रदर्शन : पश्चिम बंगाल का मौलाना अबुल कलाम आजाद यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी क्कड्डश्चद्गह्य श्चद्गह्म् स्नड्डष्ह्वद्यह्ल4 में एशिया की नंबर 1 यूनिवर्सिटी रही।

इसके बाद भारथियार यूनिवर्सिटी, भारतीय विज्ञान संस्थान, अन्ना यूनिवर्सिटी, और ढ्ढढ्ढञ्ज मद्रास का स्थान रहा।

स्ह्लड्डद्घद्घ 2द्बह्लद्ध क्कद्धष्ठ श्रेणी में ह्वढ्ढञ्ज नागालैंड और मदर टेरेसा विमेंस यूनिवर्सिटी ने भारत में दूसरा स्थान साझा किया।

जबकि चौथे स्थान पर संयुक्त रूप से IISc, आईआईटी मद्रास, आईआईटी कानपुर, आईआईटी खडग़पुर, आईआईटी भुवनेश्वर, आईआईटी पटना, आईआईटी रोपड़, IISER भोपाल और IIITDM रहे।

सुविचार

खेल चाहे ताश का हो या जिंदगी का अपना इक्का उसी समय दिखाना चाहिए जब सामने बादशाह हो। - अज्ञात

भारत की एक और बड़ी कूटनीतिक जीत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत के प्रति सख्त रवैया अपनाने और भारत पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने के बावजूद भारत अमेरिका के आगे नहीं झुका है और अब तो उसने अमेरिका को झुकने पर बाध्य कर दिया है। ईरान स्थित चाबहार बंदरगाह पर भारत को आगे भी व्यापार करने के लिए अमेरिका ने छूट प्रदान कर दी है जो भारत की एक और बड़ी कूटनीतिक जीत है। गौरतलब है कि चाबहार बंदरगाह से व्यापार की सुविधा आगे बढ़ जाने के कारण अब भारत और अफगानिस्तान के बीच व्यापार सुचारू रूप से हो पाएगा। गौरतलब है कि अफगानिस्तान चारों ओर से कई देशों से घिरा हुआ है उसके पास कोई समुद्र नहीं है। नतीजतन उसे भारत से या अन्य देशों से व्यापार करने के लिए पाकिस्तान पर निर्भर रहना पड़ता था। जिसका पिछले कई दशकों से पाकिस्तान नाजायज फायदा उठाता रहा है और इसकी एवज में अफगानिस्तान से भारी शुल्क से वसूलता रहा है। अभी तो पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जम के हालात बन गये हैं। फिलहाल भले ही संघर्ष विराम हो गया है लेकिन कभी भी यह टूट सकता है और दोनों देशों के बीच जंग हो सकती है। ऐसे में पाकिस्तान के रास्ते भारत अफगानिस्तान को जो समान भेजता है उसे पाकिस्तान रोक लेगा। इस समस्या का समाधान करने भारत ने चाबहार बंदरगाह से व्यापार जारी रखने का जो फैसला लिया है उसपर अमेरिका को सहमत होना पड़ा है। यह पाकिस्तान के लिए एक बड़ा झटका है। वहीं इससे अफगानिस्तान की तालिबान सरकार भारत की और मुरीद बन गई है। इस बीच खबर यह है कि अफगानिस्तान अपने बगराम एयरबेस को भारत के हवाले करने का मन बना चुका है। अफगानिस्तान स्थित बगराम एयरबेस न सिर्फ एशिया का बल्कि पूरी दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे सुरक्षित एयरबेस है। जिसे पांच दशक पूर्व रूस ने बनवाया था और दो दशकों तक इस पर अमेरिका ने अपना कब्जा कायम रखा था। और इसे अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस कर दिया था। बगराम ऐयरबेस में दस हजार से अधिक अमेरिकी सैनिक भी तैनात थे। किन्तु जो वाइडन के कार्यकाल में जब अमेरिकी सेना अफगानिस्तान चली गई तो बगराम ऐयरबेस पर पाकिस्तान और चीन दोनों ने ही उसके सामरिक महत्व को देखते हुए अपनी गिद्ध दृष्टि गड़ा दी थी लेकिन तालिबान ने दोनों को ही ठेंगा दिखा दिया था इसके बाद अब अमेरिका फिर से बगराम एयरबेस पर कब्जा करने की फिराक में है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि बगराम एयरबेस को छोड़ना जो वाइडन सरकार की बड़ी गलती थी जिसे वे सुधारेंगे और बगराम एयरबेस पर फिर से काबिज होंगे लेकिन तालिबान ने अमेरिका के प्रस्ताव को भी ठुकरा दिया है और अब उसने बगराम एयरबेस भारत के हवाले करने का मन बना लिया है। यदि ऐसा हुआ तो भारत की यह बड़ी उपलब्धि होगी। गौरतलब है कि भारत का ताजिकिस्तान में जो एक मात्र एयरबेस था उसके एग्रीमेन्ट की अवधि खत्म हो गई है जिसे आगे बढ़ाने की भारत ने पहल की थी लेकिन पाकिस्तान और तुर्की ने ताजिकिस्तान पर दबाव डालकर उस एग्रीमेन्ट को आगे बढ़ने से रोक दिया था। अब भारत को बगराम एयरबेस मिल जाता है तो इस क्षति की पूर्ति हो जाएगी और भारत तथा अफगानिस्तान के बीच द्विपक्षीय संबंध और मजबूत हो जाएंगे। साथ ही पाकिस्तान और चीन की गतिविधियों पर नजर रखना भारत के लिए और आसान हो जाएगा।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ जब चित्त में स्थान नहीं हो, इसी को त्याग कहते हैं।

❖ इस पश्थ्वी पर दुर्जन और दुष्ट को सज्जन बनाने का अभी तक कोई उपाय जन्म नहीं लिया है।

❖ कुल के हित के लिए एक का त्याग करना, गांव के हित के लिए कुल का त्याग करना, देश के हित के लिए किसी गांव का त्याग करना और अपने आत्म कल्याण के लिए पूरी पश्थ्वी का त्याग करना समीचीन है।

❖ प्रत्येक मनुष्य को एक पवित्र आत्मा होने का गौरव होना चाहिए।

❖ गुरु गोविंद के पथ पर चलने के लिए और अपने निजानंद को ढूंढने का पहला ठोस और बड़ा जोरदार कदम उनके सानिध्य में पहुँच जाना; सिर्फमन में नहीं, असलियत में !

❖ पृथ्वी पर ऐसा कोई उपाय नहीं जिससे दुर्जन को सज्जन बनाया जा सके इसलिए समय नष्ट करने से कोई लाभ नहीं है चाहे अपना हो चाहे पराया हो।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1780 कर्नल लाबाल्म के तहत फ्रांसीसी-अमेरिकन बल को मियामी चीफलिटिल टर्टल द्वारा पराजित किया गया। 1781 जॉन हंसन ने अमेरिका के पहले संकलित कांग्रेस राष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज की। 1812 अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में जेम्स मैडिसन ने डेविट क्लिंटन को हराया। 1824 रेंससेलयर पॉलिटेक्निक इंस्टीट्यूट, अंग्रेजी भाषी दुनिया में पहला तकनीकी विश्वविद्यालय, न्यूयॉर्क में ट्रॉय, में स्थापित किया गया। 1829 तकनीकी विश्वविद्यालय डेनमार्क (डीटीयू) खोला गया। 1838 मध्य अमेरिका के संघीय गणराज्य के पतन ने निकारागुआ को संघ से अलग कर दिया। 1862 एम्ब्रोस बर्नासस ने मैक्लेन को पोटोमैक की सेना के प्रमुख के रूप में स्थान दिया। 1862 अमेरिकी नागरिक युद्ध-अब्राहम लिंकन ने दूसरी बार और अंतिम बार यूनियन आर्मी के कमांडर जॉर्ज बी। मैकलेलन को हटा दिया। 1872 उल्येसेस एस ग्रांट अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति निर्वाचित हुए। 1895 अमेरिकी राज्य ने यूटा में महिला मताधिकार की शुरुआत की गयी। 1909 पहला वूलवर्थ डिपार्टमेंटल स्टोर ब्रिटेन के लिवरपूल में खोला गया, क्योंकि अमेरिकी श्रृंखला यूरोप में अपने डिपार्टमेंटल स्टोर का विस्तार कर रही थी 1918 योरोपीय देशों से शुरु हुई इन्फ्लूएन्ज़ा की महामारी ने दुनिया में 10 लाख लोगों की जान ली। 2006 इराक के पूर्व राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को फांसी की

योगेश कुमार गोयल

लोग आश्चर्यचकित होकर पूछने लगे, ''खेतों में पानी! पानी खेतों में कहां जा रहा है? यह तो वापस गंगा में ही जा रहा है और यहां पानी देने से आपके खेतों में पानी जा भी कैसे सकता है?'' गुरु नानक ने उनसे पूछा कि यदि पानी नजदीक में ही मेरे खेतों तक नहीं पहुंच सकता तो इस प्रकार आप द्वारा दिया जा रहा जल इतनी दूर आपके पूर्वजों तक कैसे पहुंच सकता है? लोगों को अपनी गलती का अहसास हुआ और वे गुरु जी के चरणों में गिरकर प्रार्थना करने लगे कि उन्हें सही मार्ग दिखलाएं ताकि जिससे उन्हें परमात्मा की प्राप्ति हो सके। गुरु नानक सदैव मानवता के लिए जीए और जीवनपर्यन्त शोषितों व पीड़ितों के लिए संघर्षरत रहे। उनकी वाणी को लोगों ने परमात्मा की वाणी माना और इसीलिए उनकी यही वाणी उनके उपदेश एवं शिक्षाएं बन गई। ये उपदेश किसी व्यक्ति विशेष, समाज, सम्प्रदाय अथवा राष्ट्र के लिए ही नहीं बल्कि चराचर जगत एवं समस्त मानव जाति के लिए उपयोगी हैं।

गुरु नानक का प्रकाश पर्व: हर युग के अंधकार को मिटाने वाला संदेश

सिख धर्म के आदि संस्थापक और सिखों के पहले गुरु हैं गुरु नानक देव, जो केवल सिखों में ही नहीं वरन् अन्य धर्मों में भी उतने ही सम्माननीय हैं। उनका जन्म तलवंडी (जो भारत-पाक बंटवारे के समय पाकिस्तान में चला गया) में सन् 1469 में हुआ था। प्रतिवर्ष कार्तिक मास की पूर्णिमा को गुरु नानक जयंती मनाई जाती है, जिसे 'प्रकाश पर्व' भी कहा जाता है और इस बार 5 नवम्बर को गुरु नानक का 556वां प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। हालांकि अब तक इसका कारण ज्ञात नहीं है कि गुरु नानक जयंती किसी एक निर्धारित तिथि को न मनाकर कार्तिक मास की पूर्णिमा को ही क्यों मनाई जाती है? नानक जब केवल पांच साल के थे, तभी धार्मिक और आध्यात्मिक वार्ताओं में गहन रूचि लेने लगे थे। अपने साथियों के साथ बैठकर वे परमात्मा का कीर्तन करते और अकेले में घंटों कीर्तन में मग्न रहते। दिखावे से कोसों दूर वे यथार्थ में जीते थे। जिस कार्य में उन्हें दिखावे अथवा प्रदर्शन का अहसास होता, उसकी वास्तविकता जानकर वे विभिन्न सारगर्भित तर्कों द्वारा उसका खंडन करने की कोशिश करते। नानक जब 9 वर्ष के हुए तो उनके पिता कालूचंद खत्री, जो पटवारी थे और खेती-बाड़ी का कार्य भी करते थे, ने उनका यज्ञोपवीत संस्कार कराने के लिए पुरोहित को बुलाया। पुरोहित ने यज्ञोपवीत पहनाने के लिए नानक के गले की ओर हाथ बढ़ाया तो नानक ने उनका हाथ पकड़कर पूछा कि आप यह क्या कर रहे हैं और इससे क्या लाभ होगा? पुरोहित ने कहा कि बेटे, यह जनेऊ है, जिसे पहनने से मोक्ष की प्राप्ति होती है और इसे पहने बिना मनुष्य शूद्र की श्रेणी में रहता है। तब नानक ने उनसे पूछा कि पुरोहित जी, सूत का बना यह जनेऊ मनुष्य को भला मोक्ष कैसे दिला सकता है क्योंकि मनुष्य का अंत होने पर जनेऊ तो उसके साथ परलोक में नहीं जाता। नानक के इन शब्दों से सभी व्यक्ति बहुत प्रभावित हुए और आखिरकार पुरोहित को कहना पड़ा कि बेटा, तुम सत्य कह रहे हो, वास्तव में हम अंधविश्वासों में डूबे हैं।

गुरु नानक का विवाह 19 वर्ष की आयु में गुरदासपुर के मूलचंद खत्री की पुत्री सुलखनी के साथ हुआ किन्तु धार्मिक प्रवृत्ति के नानक को गृहस्थाश्रम रास नहीं आया और वे

सांसारिक मायाजाल से दूर रहने का प्रयास करने लगे। पिता ने उन्हें व्यवसाय में लगाना चाहा किन्तु व्यवसाय में भी उनका मन न लगा। एक बार पिता ने कोई काम-धंधा शुरू करने के लिए उन्हें कुछ धन दिया लेकिन नानक ने सारा धन साधु-संतों और जरूरतमंदों में बांट दिया और एक दिन घर का त्याग कर परमात्मा की खोज में निकल पड़े। पाखंडों के घोर विरोधी रहे गुरु नानक की यात्राओं का वास्तविक उद्देश्य लोगों को परमात्मा का ज्ञान कराना किन्तु बाह्य आडम्बरों एवं पाखंडों से दूर रखना ही था। वे सदैव छोटे-बड़े का भेद मिटाने के लिए प्रयासरत रहे और उन्होंने निम्न कुल के समझे जाने वाले लोगों को सदैव उच्च स्थान दिलाने के लिए प्रयास किया।

गुरु नानक को एक बार भागो मलिक नामक एक अमीर ने भोजन के लिए अपने घर आमंत्रित किया लेकिन नानक जानते थे कि वह गरीबों पर बहुत अत्याचार करता है, इसलिए उन्होंने भागो का निमंत्रण स्वीकार नहीं किया और एक मजदूर के निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार कर लिया। भागो ने इसे अपना अपमान मानते हुए गुरु नानक को खूब खरी-खोटी सुनाई तथा अपमानजनक शब्द कहे लेकिन नानक ने सरल शब्दों में उसे कहा कि तेरी कमाई पाप की कमाई है जबकि इस मजदूर की कमाई मेहनत की कमाई है। भागो यह सुनते ही भड़क उठा और गुस्से में फुफकारते हुए कहने लगा कि तुम अव्वल दर्जे के पाखंडी और नीच कुल के हो, तभी तो नीच कुल वालों का ही निमंत्रण स्वीकार करते हो। इस पर गुरु नानक ने जवाब दिया कि मैं वह भोजन कदापि ग्रहण नहीं कर सकता, जो गरीबों का खून चूसकर तैयार किया गया हो।

भागो ने गुस्से से उबलते हुए सवाल किया कि मेरे स्वादिष्ट व्यंजनों से तुम्हें खून निकलता दिखाई देता है और उस मजदूर की बासी रोटियों से ...? ''दूध। और अगर तुम्हें विश्वास न हो तो स्वयं आजमाकर देख लो।'' नानक ने कहा। घमंड व क्रोध से सराबोर भागो ने अपने घर से स्वादिष्ट व्यंजन मंगवाए और नानक ने उस मजदूर के घर से बासी रोटी। तब नानक ने एक हाथ में भागो के स्वादिष्ट व्यंजन लिए और दूसरे में मजदूर के घर की बासी रोटी और दोनों हाथों को एक साथ दबाया। जब वहां उपस्थित लोगों ने देखा कि मजदूर की बासी रोटी से दूध की धार निकल रही है जबकि भागो के स्वादिष्ट व्यंजनों से खून की धार तो उनके आश्चर्य का ठिकाना न रहा। यह देख भागो का अहंकार चूर-चूर हो गया और वह गुरु नानक के चरणों में गिरकर क्षमा याचना करने लगा। गुरु नानक एक बार हरिद्वार पहुंचे तो उन्होंने देखा कि बहुत से लोग गंगा में स्नान करते समय अपनी अंजुली में पानी भर-भरकर पूर्व दिशा की ओर उलट रहे हैं। उन्होंने विचार किया कि लोग किसी अंधविश्वास के कारण ऐसा कर रहे हैं। तब उन्होंने लोगों को वास्तविकता का बोध कराने के उद्देश्य से अपनी अंजुली में पानी भर-भरकर पश्चिम दिशा की ओर उलटना शुरू कर दिया। जब लोगों ने काफी देर तक उन्हें इसी प्रकार पश्चिम दिशा की ओर पानी उलटते देखा तो उन्होंने पूछ ही लिया कि भाई तुम कौन हो और पश्चिम दिशा में जल देने का तुम्हारा क्या अभिप्राय है? नानक ने उन्हीं से पूछा कि पहले आप लोग बताएं कि आप पूर्व दिशा में पानी क्यों दे रहे हैं?

लोगों ने कहा कि वे अपने पूर्वजों को जल अर्पित कर रहे हैं ताकि उनकी प्यासी आत्मा को तृप्ति मिल सके। इस पर नानक ने पूछा कि तुम्हारे पूर्वज हैं कहां? लोगों ने जवाब दिया कि वे परलोक में हैं लेकिन तुम पश्चिम दिशा में किसे पानी दे रहे हो? गुरु नानक बोले कि यहां से थोड़ी दूर मेरे खेत हैं। मैं यहां से अपने उन्हीं खेतों में पानी दे रहा हूं।

वन्दे मातरम : एक गीत, एक आत्मा, एक भारत

डॉ. सच्चिदानंद जोशी

"वन्दे मातरम
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम
शस्यशामलां मातरम् ।
शुभ्रज्योत्स्नापुलकितयामिनीं
फुल्लकुसुमितद्रुमदलशोभिनीं
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीं
सुखदां वरदां मातरम् ।। 1 ।। वन्दे मातरम् ।
कोटि-कोटि-कण्ठ-कल-कल-निनाद-कराले
कोटि-कोटि-भुजैर्धृत-खरकरवाले,
अबला केन मा एत बले ।
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं
रिपुदलवारिणीं मातरम् ।। 2 ।। वन्दे मातरम् ।'

20 नवंबर 1909 को कर्मयोगिन में इस अनुवाद के प्रकाशित होने से करीब बीस वर्ष पहले, 'वंदे मातरम' गीत भारतीय एकता की आत्मा में रच-बस चुका था। रैलियों और घरों में गुनगुनाए जाने वाले इस गीत ने लाखों लोगों के दिलों को प्रांतों और पंथों से ऊपर उठने का आह्वान किया। बंकिमचन्द्र चटर्जी के शब्दों ने पूरे देश को एक साथ सपने देखने के लिए प्रेरित किया, और अरबिंदो के अंग्रेजी अनुवाद ने इसे नई पीढ़ियों और पूरे विश्व तक पहुंचाया, ताकि वे भारत की आजादी की पुकार सुन सकें। कर्मयोगिन में इस कविता का प्रकाशन केवल एक गीत का अनुवाद नहीं था- यह एक आंदोलन का रूप बन गया, जिसने पिछले दो दशकों से भारत को हर तरह के भेदभाव से ऊपर उठकर एक सूत्र में बाँधने की शक्ति दी। लोगों ने पहली बार 'वंदे मातरम्' को 1896 में एक भजन की तरह सुना, जब रवींद्रनाथ ठाकुर ने इसे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कोलकाता अधिवेशन में गाया। उस शाम श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। गीत में विरोध के नहीं, भक्ति के स्वर थे। 10 साल बाद 1905 में, जब बंगाल का विभाजन हुआ और वहां असंतोष फैला, तब रवींद्रनाथ ठाकुर के भतीजे अबनिंद्रनाथ ठाकुर ने भारत माता की तस्वीर बनाई- भगवा वस्त्रों में एक स्त्री, जिसके हाथ में अनाज की पुंज, एक पुस्तक और एक माला थी। यह चित्र बंकिमचंद्र के 'वंदे मातरम्' की भावना का जीवंत रूप बन गया। यह गीत केवल किसी कवि की कल्पना नहीं था। यह उस आत्मा की पीड़ा भरी पुकार थी, जो वर्षों से मातृभूमि की रक्षा और अस्तित्व के लिए जूझ रही थी। जब ब्रिटिश हुकूमत लोगों से 'लॉन्ग लिव द क्वीन' कहलवा रही थी, तब बंकिमचन्द्र चटर्जी ने एक ही रात में यह गीत लिखा। यह गीत सदियों के दुख और अपमान का काव्यात्मक उत्तर था- एक गूंजती पुकार, जिसने उस सोए हुए राष्ट्र को जगाने की कोशिश की जो लंबे समय से पीड़ा में सुन्न हो गया था।

कांग्रेस के अधिवेशन से लेकर लाहौर की फाँसी तक, वंदे मातरम् विद्रोह की सांस बन गया। भगत सिंह, चंद्रशेखर आज़ाद, बटुकेश्वर दत्त और अनेक क्रांतिकारियों ने इसे मौत का सामना करते हुए जोर से पुकारा। सुभाष चंद्र बोस ने इसे आजाद हिंद फौज का मार्चिंग धुन बना दिया। यह गीत सभाओं में गूंजता था और जेलों की दीवारों में धीमे स्वर में फुसफुसाया जाता था। इसने संत और सैनिक, विद्वान और किसान, हिंदू और मुस्लिम- सभी को एक सूत्र में बांध दिया। यह गीत एक साथ प्रार्थना भी था और विरोध की पुकार भी।

'वंदे मातरम्'का पहला अंग्रेजी अनुवाद श्री अरविंदो ने नहीं किया था। कई भारतीय और अंग्रेज विद्वानों ने इस गीत का अंग्रेजी में अनुवाद किया था। इसे उर्दू सहित कई भारतीय भाषाओं में भी अनुवादित किया गया था। डब्ल्यू. एच. ली, जो ब्रिटिश शासन के दौरान भारतीय सिविल सेवा में थे, उन्होंने 1906 में इसका अंग्रेजी अनुवाद किया। जब'वंदे मातरम् शब्द बोलना भी प्रतिबंधित कर दिया गया था, तो इसका गुमनाम रूप से अनुवाद किया गया। हालांकि, अरविंदो घोष द्वारा किया गया अंग्रेजी अनुवाद सबसे प्रसिद्ध है, जिसे मूल बांग्ला गीत के साथ प्रकाशित किया गया था। कोई और गीत ऐसा नहीं है जो पीढ़ियों और सीमाओं को लांघते हुए, भारत के हर रंग और वर्ग तक पहुंचा हो और फिर भी भारतीयता की पहचान के केंद्र में बना रहा हो। गुलामी और दुख, सुधार और क्रांति, हर दौर में 'वंदे मातरम्' टिका रहा, केवल क्रोध के नारे के रूप में नहीं, बल्कि प्रेम के अभिवादन के रूप में।

इस गीत की स्थिरता को समझने के लिए हमें इसके उद्गम तक लौटना होगा। बंगाल के एक साधारण से घर में, उस उजले दिन तक, जिसने भारत की किस्मत बदल दी। बंकिमचंद्र चटर्जी (1838ङ्क1894), जो कलकत्ता विश्वविद्यालय के शुरुआती स्नातकों में से एक थे, ने सरकारी सेवा में प्रवेश किया और डिप्टी मजिस्ट्रेट तथा डिप्टी कलेक्टर बने। अपने काम के दौरान उन्हें ब्रिटिश अभिलेखों और राजपत्रों तक पहुंच मिली, जिनमें एक भूली हुई गाथा दर्ज थी: संन्यासी विद्रोह (1763ङ्क1780), जब साधु-संन्यासी ढाका और उत्तर बंगाल में अंग्रेज़ी अत्याचार के खिलाफ उठ खड़े हुए थे। त्याग से प्रतिरोध में बदलने वाली यह कहानी ही बाद में बंकिम बाबू के प्रसिद्ध उपन्यास आनंदमठ की प्रेरणा बनी। लेकिन उपन्यास से पहले गीत जन्मा-'वंदे मातरम। 1870 के दशक तक आते-आते, ब्रिटिश साम्राज्य ने अपनी निष्ठा दिखाने के नियम लागू करने शुरू कर दिए थे। सरकारी कार्यक्रमों और स्कूलों में भारतीयों को 'गॉड सेव द क्वीन' गीत के लिए खड़ा होना पड़ता था। बंकिमचंद्र के लिए यह केवल राजनीतिक दबाव नहीं था। यह आध्यात्मिक गुलामी थी। एक गौरवशाली सभ्यता को सिखाया जा रहा था कि वह विदेशी शासक के आगे सिर झुकाए।

यही वह शांत विद्रोह का क्षण था जब रविवार, 7 नवंबर 1875 (अक्षय नवमी) के दिन, कोलकाता के पास अपने घर में, बंकिमचंद्र चटर्जी ने कलम उठाई। उस समय वे एक अलौकिक भावना में थे और उसी एक बैठकी में उन्होंने'वंदे मातरम्' लिख डाला, जैसे यह गीत उन्होंने लिखा नहीं, बल्कि ऊपर से उनके भीतर उतर आया हो।

जब बाकी लोग रानी के लिए गाते थे, तब बंकिमचंद्र ने मातृभूमि के लिए गाया। उन्होंने साम्राज्य के आदेश का उत्तर आत्मसमर्पण से नहीं, बल्कि आत्म जागरण से दिया। किसी मुकुट के आगे नहीं, बल्कि अपने अंतःकरण के आगे झुके।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बताता वो कुछ तो

बताता वो कुछ तो सताने से पहले बताया नहीं क्यूं था जाने से पहले नहीं बेवफ़ा इश्क़ होता है अच्छा यही बात कहना ज़माने से पहले अचानक तुझे फोन आ ही गया तो ज़रा सोच लेना ये जाने से पहले तेरा नाम डाला नहीं लिस्ट में था विमोचन का खाका बनाने से पहले फ़क़त एक संख्या बनाओ न मुझको ये झूठी सी महफ़िल सजाने से पहले नहीं जीत पाया कोई मुझसे लड़कर ज़रा सोच लेना ये आने से पहले।

– मित्र ग़ाज़ियाबादी

कल्पना ज़रूरी है,

कल्पना ज़रूरी है, भावना ज़रूरी है शायरी में शायर की, आत्मा ज़रूरी है मुश्किलें तो आयेंगी इम्तिहान लेने को हौसला रहे क़ायम, आप का ज़रूरी है सीखना अगर चाहो, जीने का सलीक़ा तुम पास इन बुज़ुर्गों के, बैठना ज़रूरी है क़ौम से जहालत की, तीरगी मिटाने को इक दिया करें रौशन, इल्म का ज़रूरी है छोड़ दें झगड़ना हम, छोटी छोटी बातों पर वक़्त का तक़ाज़ा है, एकता ज़रूरी ह।

– अजय अज्ञात

हनुमान लला सुनो जरा, भक्तों की पुकार,

हनुमान लला सुनो जरा, भक्तों की पुकार, हाथ जोड़े विनती करें, सब पर करो उपकार ।। बुद्धि बल के स्वामी मुझको, शरण में अपनी ले लो, संजीवनी करुणानिधि देकर, जीवंत मुझको कर लो!! श्रद्धा-विश्वास से संबल-युक्त, जीवन मेरा कर दो, निर्बल के बल राम हैं सदा, शोभा की स्मृति में भर दो !! – **शोभा त्रिपाठी**

प्रबोधिनी एकादशी, उठे विष्णु भगवान

प्रबोधिनी एकादशी, उठे विष्णु भगवान। चतुर्मास का तज शयन, दिव्य समय आह्वान॥ तुलसी मैया शुभ प्रणय, पुण्य सनातन रीत। तुलसी शालिग्राम जुड़ीं, सदा सुमंगल प्रीत॥ तुलसी लक्ष्मी रूप में, पूज रहा संसार। तन मन धन शुभ संपदा, सकल जगत उद्धार॥ – **डॉ प्रतिभा गर्ग**

सिमटने लगे जमीन पर गलीचे पारिजात

सिमटने लगे जमीन पर गलीचे पारिजात के क्यारी में सैवंती खुल के खिलखिला रही है पसर रहा है आँगन में गुनगुनी धूप का उजास गुलाबी ठंड कोहरे की ओट से मुस्कुरा रही है ... बीत गया है अक्टूबर आहट नवम्बर की आ रही है। – **सरिता त्रिवेदी**

लड़कर जीतीं नारियाँ, लिखा

लड़कर जीतीं नारियाँ, लिखा नया इतिहास। ले क्रिकेट का विश्वकप, पूरी कर दी आस।। टूट पड़ीं मैदान में, छक्के दिए छुड़ाय। अफ्रीका को मात दे, उत्सव रहीं मनाय।। भारत का फिर हो गया, रोशन जग में नाम। अर्ध रात्रि जो आ गया, खुशियों का पैगाम।। – **रमेश शर्मा**

अभिलाषाओं का एक सिरा तो

अभिलाषाओं का एक सिरा तो सदैव अपने ही हाथ होता है दूसरा सिरा कभी स्वयं के हाथ नहीं होता है किंतु , कई लोग एक सिरा हाथ में रखते ही हैं और दूसरे सिरे को भी स्वयं के हाथ रखने का ही प्रयास करते हैं ... सारे मसले दुनिया के ऐसे में ही खड़े होते हैं अधिकतर ??

– मधुलिका शुक्ला

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन आप अपने हास्य भरे व्यवहार से आस पास का वातावरण खुशनुमा बनाएंगे। व्यवहार में भी नरमी रहने से लोग आपके साथ समय बिताना पसंद करेंगे।

वृष: आज का दिन आपकी आशाओ के विपरीत रहने वाला है अतिमहत्त्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले किसी अनुभवी की सलाह अवश्य लें।

मिथुन: आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। पूर्व में किये शुभकर्मों का फल आज किसी ना किसी रूप में अवश्य मिलेगा।

कर्क: आज का दिन सिद्धिदायक है लेकिन आज किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी योजना बनाकर ही करें सफलता निश्चित मिलेगी।

सिंह: आज के दिन आप दैनिक कार्यो में व्यस्त रहेंगे दिनचार्य उटपटांग रहने से निराश भी होंगे मध्यान तक किसी भी कार्य को दिशा ना मिलती देख मेहनत व्यर्थ होती प्रतीत होगी।

कन्या: आज आप दिनभर शारीरिक समस्या से जूझेंगे मौसमी बीमारियों का प्रकोप परिवार के सदस्यों को भी प्रभावित करेगा।

तुला: आज आप अपनी व्यवहार कुशलता से बिगड़े कार्यो को भी बनाने की क्षमता रखेंगे। मित्र परिजन विषम परिस्थितियों से बाहर निकालने के लिये आपका सहयोग मांगेंगे।

वृश्चिक: आज आपको अपनी बुद्धि चातुर्य पर गर्व रहेगा। अतिआत्मविश्वास से भरे रहेंगे प्रत्येक कार्य को मामूली समझ कर बाद के लिये टालेंगे।

धनु: आज आपको पूर्व में की किसी गलती अथवा आचरण का अफसोस होगा गलती मान लेने पर आपसी मतभेद शांत होंगे।

मकर: आज का दिन सावधानी से बिताने की सलाह है। दिन के आरंभ से ही मन मे अकारण क्रोध रहेगा।

कुंभ: आज का दिन भी आपके धन कोष अथवा अन्य सुख के साधनों में वृद्धि करेगा।

मीन: आज का दिन साधारण रहेगा आज आप अपनी व्यक्तिगत उलझनों के कारण अन्य लोगो को परेशान करेंगे लेकिन ध्यान रहें।

सूर्योदय : 06:43, सूर्यास्त : 05:38, चन्द्रोदय : 16:24, चन्द्रास्त : 30:06, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिण गोले), ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत :1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत :2082 (सिद्धार्थी), मास : कार्तिक, पक्ष : शुक्ल, तिथि : पूर्णिमा, नक्षत्र : अश्विनी, योग : सिद्धि, प्रथम करण :गर (12:23 तक), द्वितीय करण :वणिज (22:36 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : तुला, चंद्र : मेष (12:34 से), मंगल : वृश्चिक (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : वृश्चिक (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : तुला (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME c

Ramaquiz

1) भारत की पहली स्वदेशी हाई-स्पीड ट्रेन किस कंपनी ने बनाई है?

2) असम के दूसरे राजधानी शहर के रूप में किस शहर की घोषणा की गई है?

3) महामारी तैयारी का अंतर्राष्ट्रीय दिवस किस दिन मनाया जाता है?

4) कौन सा संस्थान सेंट्रल संदिग्ध रजिस्टर विकसित करता है?

5) गुवाहाटी मास्टर्स 2024 बैडमिंटन पुरुष एकल खिताब किसने जीता है?

उत्तरमाला- (1) भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (2) डिब्रूगढ़ (3) 27 दिसंबर (4) भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (5) सतीश कुमार करुणाकरण

शब्द सागर

राज्योत्सव : पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी ने दिया छत्तीसगढ़ राज्य का उपहार : सांसद बघेल

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ महोत्सव राज्योत्सव 2025 के दूसरे दिन गंजपारा परिसर में संस्कृति, संगीत का अनूठा संगम देखने मिला। लोगों की भीड़ विभिन्न स्टॉलों और प्रदर्शनियों में उमड़ पड़ी। विभागीय प्रदर्शनियां राज्योत्सव को और भी आकर्षक बना रही है।

जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल पर युवाओं की विशेष भीड़ मौजूद रही। विभाग द्वारा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित पाम्पलेट, जनमन पत्रिका व अन्य पुस्तिकाएं वितरित की जा रही हैं। युवाओं और विद्यार्थियों ने इन योजनाओं के प्रति गहरी रुचि दिखाई और जानकारी प्राप्त की।

शाम को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में पंडवानी गायिका प्रतिमा बारले ने सुंदर प्रस्तुति दी। खंजरी, मंजीरा , ढोलक जैसे वाद्ययंत्र के स्वर लहरियों के बीच दर्शक कलाकारों के साथ झूम उठे। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन पर कलाकारों की लयबद्ध प्रस्तुति ने दर्शकों को छत्तीसगढ़ की मिट्टी और संस्कृति से जोड़ दिया।

विनय गायकवाड़ ने ओड़िसी नृत्य, स्कूली बच्चों के कार्यक्रम, सृष्टि बिश्वास द्वारा कत्थक, छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक नृत्य, छत्तीसगढ़ आदिवासी नृत्य, जिला विधिक प्राधिकरण द्वारा प्रस्तुति दी गई। स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों ने नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से राज्य की संस्कृति को

जीवंत किया। विभिन्न स्टॉलों से लेकर सांस्कृतिक मंच तक हर जगह रौनक और उत्सव का माहौल बना रहा।

25 वीं रजत जयंती के पावन अवसर पर राज्योत्सव के दूसरे दिन मुख्य अतिथि विजय बघेल और विधायक साजा ईश्वर साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथियों के द्वारा विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण किया।

सांसद विजय बघेल ने प्रदेशवासियों को राज्योत्सव की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने हमें छत्तीसगढ़ राज्य एक उपहार के रूप में प्रदान किया, जो आज निरंतर प्रगति की राह पर अग्रसर है। छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ाने में शासन-प्रशासन, कलाकारों, उद्योगपतियों, किसानों, साहित्यकारों और पत्रकारों सहित सभी वर्गों ने अपने परिश्रम और समर्पण से महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विधायक ईश्वर साहू ने भी प्रदेशवासियों को राज्योत्सव की बधाई देते हुए कहा कि राज्य गठन के बाद से लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं, जिससे छत्तीसगढ़ एक समृद्ध और स्वावलंबी राज्य के रूप में उभर रहा है। इस अवसर पर कलेक्टर अभिजीत सिंह, अपर कलेक्टर वीरेंद्र सिंह, वनमंडलाधिकारी दीपेश कपिल, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, एसडीएम हितेश पिस्दा, महेश राजपूत, उत्तम ध्रुव, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक सहित विभागीय अधिकारी व बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व आम जनता उपस्थित थे।

कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने डीएलएसए की अनूठी पहल

जिला स्तरीय राज्योत्सव में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) दुर्ग द्वारा नागरिकों में उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए उत्कृष्ट पहल की। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के ध्येय वाक्य 'न्याय सबके लिए' की आकर्षक थीम पर विशेष विधिक साक्षरता स्टॉल स्थापित किया गया। यह स्टॉल आमजन को सरल भाषा में कानूनी जानकारी प्रदान करने का केंद्र बिंदु रहा। नागरिकों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा संचालित बच्चों की समस्याओं से संबंधित व अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं, निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया, मध्यस्थता, लोक अदालत, बाल अधिकार, वरिष्ठ नागरिक संरक्षण, घरेलू हिंसा से सुरक्षा, बाल विवाह निषेध, नशा मुक्ति आदि कानूनी विषयों के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन किया गया। आगंतुकों को कानूनी जानकारी के पॉमप्लेट, ब्रोशर व परामर्श पर्चे वितरित किए गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मध्यस्थता केन्द्र दुर्ग, जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग के अधिवक्ताओं और प्राधिकरण के पैरालीगल वॉलेंटियर्स द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। अधिवक्ताओं ने सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए स्वेच्छा से नाटक में भाग लेकर जनजागरण की दिशा में सराहनीय योगदान दिया। बच्चों में बढ़ती मोबाइल की लत, नशे की प्रवृत्ति, बाल श्रम और बाल अपराध जैसी गंभीर सामाजिक समस्याओं पर केंद्रित नाटक प्रस्तुत किये गए। नाटक के माध्यम से बच्चों को अच्छे संस्कार, शिक्षा व कानून की जानकारी का सशक्त संदेश दिया गया।

न्यूज गैलरी

अधिकारियों/कर्मचारियों के स्थानांतरण पर प्रतिबंध

दुर्ग। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) संबंधी कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। आयोग द्वारा जारी पुनरीक्षण कार्यक्रम अनुसार निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य 28 अक्टूबर को प्रारंभ कर 7 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। मतदाता सूची की तैयारी, पुनरीक्षण और सुधार के संबंध में नियोजित अधिकारी/कर्मचारी भारत निर्वाचन आयोग के नियंत्रण, अधीक्षण और अनुशासन के अधीन रहेंगे। इस अवधि में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में लगे संभागायुक्त/कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/बूथ लेवल अधिकारी पर्यवेक्षक/बूथ लेवल अधिकारी और कार्य में लगे अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों का स्थानांतरण पुनरीक्षण कार्य की अवधि में भारत निर्वाचन आयोग के बिना अनुमति/सहमति से नहीं होंगे। ताकि निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान कार्य की निरन्तरता बनी रहें और कार्य प्रभावित न हों।

भव्य चतुर्भुजी मंदिर का मेला

दुर्ग। धमधा से 5 किमी दूर शिवनाथ नदी किनारे स्थित बारहवीं शताब्दी के प्राचीन चतुर्भुजी मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर आज सुबह 3 बजे से मेले का आयोजन किया गया। यह मंदिर बारहवीं शताब्दी के समय से सोलह खण्ड से निर्मित मंदिर है, जिसमें भगवान विष्णु के सम्पूर्ण बारह अवतार का वर्णन है। पूर्णिमा के दिन नदी में स्नान कर पूजा-अर्चना करने से समस्त मनोकामना पूर्ण होती है। मंदिर की मूर्ति काले पत्थरों से निर्मित है। मंदिर के समीप एक बावली है। ऐसा कहा जाता है कि बावली के नीचे सुरंग है। यह मूर्ति स्वयंभू मूर्ति है। पूर्णिमा के दिन स्नान कर एक साथ पूजन करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है और मूर्ति के समीप किनारे पर महालक्ष्मी का हाथ निर्मित है, जिसका पूजन करने से श्रद्धालुगणों को धन की कमी नहीं होती है। मंदिर के पुजारी व्दारा शासन से पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने कई बार आग्रह किया जा चुका है।

साइंस के स्टूडेंट्स ने किया मिल्क प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण

दुर्ग। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के रसायन विभाग के बायो रसायन छात्राओं को वचन मिल्क प्रोडक्शन फैक्ट्री खरोरा रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। 45 विद्यार्थियों और दो प्राध्यापक उपमा श्रीवास्तव और अरुंधती खंडेलवाल के मार्गदर्शन में मिल्क प्लांट का भ्रमण किया गया। छात्र-छात्राओं ने दूध उत्पादन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग और गुणवत्ता नियंत्रण की पूरी प्रक्रिया को देखा। मिल्क प्लांट के विशेषज्ञों ने बताया कि दूध का परीक्षण कर विभिन्न उत्पाद दही, पनीर, घी और फ्लेवर्ड मिल्क में परिवर्तित किया जाता है। कॉलेज के प्राचार्य अजय सिंह ने बताया कि ऐसे औद्योगिक भ्रमण छात्राओं के व्यावहारिक ज्ञान और उद्योग से जुड़ी समझ को विकसित करने में सहायक होते हैं।

धान बिक्री करने पहुंचे किसानों के लिए ठहरने, पेयजल और विश्राम आदि की व्यवस्था का समुचित प्रबंध करें : संभागायुक्त

संभाग स्तरीय अधिकारी फील्ड विजिट के दौरान धान उपार्जन केन्द्रों का करें निरीक्षण

■ **संभाग के सभी जिलों में धान-खरीदी की व्यवस्था बेहतर हो**

दुर्ग/नवप्रदेश। संभाग आयुक्त सत्य नारायण राठौर ने कहा कि शासन द्वारा लिये गए निर्णय के अनुसार 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने जा रही है। दुर्ग संभाग के अंतर्गत सभी धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की व्यवस्था बेहतर होनी चाहिये। धान खरीदी के दौरान सहकारिता विभाग के सभी जिला पंजीयक एवं सहायक पंजीयक सहित अन्य अधिकारी दायित्वों का निर्वहन बेहतर ढंग से करें।

सहकारी समितियों और धान उपार्जन केन्द्रों में धान बिक्री करने पहुंचे किसानों के लिए ठहरने, पेयजल और विश्राम आदि की व्यवस्था का समुचित प्रबंध हो। संभाग आयुक्त राठौर ने संभाग आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में संभाग स्तरीय

अधिकारियों की बैठक में आयुक्त सहकारी संस्थाएं को निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि संभाग स्तरीय अधिकारी जिलों के क्षेत्र भ्रमण के दौरान धान उर्पाजन केन्द्रों का निरीक्षण कर उपार्जन केन्द्रों में पहुंचे किसानों से संपर्क व रू-ब-रू चर्चा कर खरीदी व्यवस्था के संबंध में प्रतिक्रिया लें। किसानों को किसी प्रकार की समस्या हो तो अधिकारी तत्काल संभाग आयुक्त को अवगत कराएं। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान संभाग आयुक्त राठौर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत शिक्षकों की ड्यूटी बीएलओ के रूप में लगाई गई है। इस व्यवस्था से स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित नहीं होनी चाहिये। उन्होंने संयुक्त संचालक शिक्षा को इस अवधि में स्कूलों की शैक्षणिक व्यवस्था बनाए रखने आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए।

संभाग आयुक्त ने निर्माण कार्य एजेंसी विभागों को निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने कहा। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर के निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की शिकायतें नहीं आनी चाहिए। निर्माण कार्य एजेंसी आरईएस द्वारा पंचायतों में बनाए जा रहे महतारी सदन निर्माण के लिये गांव में उर्पयुक्त स्थान का चयन करने के निर्देश दिए।

लोक निर्माण विभाग द्वारा जिला मुख्यालय दुर्ग में नव निर्मित बालक एवं कन्या छात्रावास को संबंधित महाविद्यालयों को शीघ्र हैण्डओवर करने और सड़क मरम्मत के कार्यों को प्राथमिकता देने अधीक्षण अभियंता को निर्देशित किया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत सीजीएमएससी द्वारा कराए जा रहे कार्यों में प्रगति लाने कहा। बैठक में उपायुक्त (राजस्व) पदुमलाल यादव, उपायुक्त (विकास) संतोष ठाकुर सहित समस्त विभाग के संभाग स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

अतिरिक्त मुख्य सचिव पिंगुआ ने बीएसपी के पैवेलियन की सराहना की

भिलाई/नवप्रदेश। राज्योत्सव 2025 के अवसर पर रायपुर में आयोजित प्रदर्शनी में भिलाई इस्पात संयंत्र के आकर्षक पैवेलियन का 3 नवम्बर को विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ न अतिरिक्त महानिरीक्षक जेल हिमांशु गुप्ता ने अवलोकन किया। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत महाप्रबंधक संपर्क प्रशासन एवं जनसंपर्क अमूल्य प्रियदर्शी ने किया।संयंत्र के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार ऑफिसर्स एसोसिएशन और सेफी के अध्यक्ष एनके बंछोर, महाप्रबंधक एवं शाखा प्रबंधक केंद्रीय विपणन संगठन शाखा विक्रय कार्यालय संतोष पात्रा और भिलाई महिला समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने भी बीएसपी के पैवेलियन का अवलोकन कर इसकी सराहना की। इस्पात संयंत्र के पैवेलियन में राष्ट्र के विकास में इस्पात उद्योग के योगदान और संयंत्र की सीएसआर गतिविधियों को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया है। पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन और ग्रीन स्टील उत्पादन की दिशा में बीएसपी द्वारा किए जा रहे नवाचार प्रयासों को भी विशेष रूप से उजागर किया गया है। राज्योत्सव में आने वाले आगंतुक पैवेलियन की प्रस्तुति और सज्जा की सराहना कर रहे हैं।

रोड निर्माण से पहले नाली बनाने कमिश्नर ने दिए निर्देश

भिलाईनगर/नवप्रदेश। निगम आयुक्त और कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा ने ढांचा भवन कुरूद में प्रस्तावित रोड निर्माण का निरीक्षण किया। रोड पर बरसात के पानी की निकासी की सुविधा नहीं है। रोड निर्माण से पूर्व नाली की व्यवस्था करने सहायक अभियंता अर्पित बंजारे को निर्देशित किया गया। यहां पानी निकासी के लिए नाली निर्माण प्रस्तावित है, जिसकी प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र नाली बनाने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को निर्देशित किया गया। स्थानीय नागरिकों की समस्या से अवगत होते हुए निराकरण के लिये चर्चा

की गई। आयुक्त ने नकटा तालाब की साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। तालाब के किनारे अवैध कब्जा हटाने सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे को निर्देशित किया गया। उप अभियंता चंदन निर्मल, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा उपस्थित रहे।

पीएमश्री सेजस की प्राचार्य लता रघु कुमार सेवानिवृत, स्टाफ ने दी विदाई

कुम्हारी/नवप्रदेश। पीएम श्री सेजेस विद्यालय कुम्हारी में प्राचार्य लता रघु कुमार के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। लता रघु कुमार सेजस कुम्हारी में अपने 37 वर्ष के कार्यकाल में व्याख्याता भौतिक और 16 वर्ष प्राचार्य के रूप में रही। इस कार्यकाल में उनकी अनेक उपलब्धियां रही, जिसमें

2017 में विद्यालय को जिला स्तरीय स्वच्छता विद्यालय पुरस्कार कलेक्टर द्वारा दिया गया। शिक्षा सचिव द्वारा राज्य स्तरीय स्वच्छता पुरस्कार प्राप्त हुआ। 2018-19 में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए कलेक्टर अंकित आनंद और प्रवास सिंह बघेल जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। 2024-25 में उन्हें मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव सम्मान उत्कृष्ट प्राचार्य का पुरस्कार शिक्षा मंत्री द्वारा प्राप्त हुआ है। उनके कार्यकाल में विद्यालय को अनेक सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के लिए राज्य और जिला स्तर पर विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्राचार्य लता रघुकुमार के पति एम एस रघुकुमार और पुत्र वैशाख विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुम्हारी नपा अध्यक्ष मीना वर्मा उपस्थित थे।

पथ विक्रेताओं के डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में निगम की पहल

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम आयुक्त सुमीत अग्रवाल के निर्देश पर दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत स्वनिधि से संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान 4 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक चलेगा। डाटा सेंटर (सेंट्रल लाइब्रेरी) दुर्ग में आयोजित शिविर में अभियान के पहले दिन रिटर्न बाय बैंक श्रेणी के 34 आवेदकों को आमंत्रित किया गया। टीम ने उनके प्रकरणों

की विस्तार से समीक्षा की और 32 इच्छुक आवेदकों के प्रकरणों को पुनः संबंधित बैंकों को भेजा गया, ताकि उन्हें प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ दोबारा मिल सके। शिविर में नगर निगम टीम द्वारा 32 पथ विक्रेताओं का सोशल प्रोफाइलिंग कार्य किया गया। नगर निगम दुर्ग ने डिजिटल पेमेंट एग्रीगेटर के सहयोग से 36 पथ विक्रेताओं को क्यू आर कोड और पेटीएम साउंड बॉक्स प्रदान किए गए। इससे पथ विक्रेता अपने ग्राहकों से डिजिटल तरीके से भुगतान स्वीकार कर सकेंगे। आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने बताया कि अभियान के अंतर्गत 2 दिसम्बर तक 1500 से अधिक पथ विक्रेताओं को क्यूआर कोड प्रदान कर डिजिटली सक्रिय किया जाएगा। नए ऋण प्रकरणों के वितरण के लिये बैंकों से संपर्क किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक विक्रेता प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से जुड़कर अपने व्यवसाय को विस्तार दे सकें।

वैशाली नगर में 24 लाख के विकास कार्य स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत वैशाली नगर विधानसभा के 8 निर्माण कार्यों के लिए 23.99 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। विधायक रिकेश सेन द्वारा अनुशंसित कार्यों में वार्ड 7 राधिका नगर में सार्वजनिक सामुदायिक भवन 5 लाख और वार्ड 12 रानी अवंतीबाई कोहका में सार्वजनिक डोम शेड निर्माण हेतु 2 लाख सहित अन्य कार्य स्वीकृत किए गए है।

बीएनएस में ई-कचरा स्वच्छता अभियान

भिलाई/नवप्रदेश। बीएनएस कॉलेज सेक्टर 8 भिलाई नायर समाजम के मार्गदर्शन में बीएनएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (बीएनएस स्कूल सेक्टर 8 और बीएनएस स्कूल हाउसिंग बोर्ड) द्वारा घरेलू अपशिष्ट इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक कचरे के स्वैच्छिक दान को प्रोत्साहित करने ई-कचरा स्वच्छता अभियान चलाया रहा है। अभियान के तहत बीएनएस सेक्टर 8 और बीएनएस हाउसिंग बोर्ड परिसर में ई-कचरा संग्रहण बिन रखा गया है। सभी छात्रों, कॉलेज और स्कूल के कर्मचारियों, समाजम के सदस्यों, स्थानीय निवासियों और शुभचिंतकों से अभियान का समर्थन और प्रचार करने की विनम्र अपील की गई है। ई-कचरे के सुरक्षित निपटान और पुनर्चक्रण के प्रति जागरूकता पैदा करने में सहयोग की अपील की गई है। बीएनएस के अध्यक्ष बी मधु पिल्लई, महासचिव जनीश पिल्लई, अन्य सभी शासी निकाय के सदस्यों ने बीएनएस कॉलेज के नेतृत्व वाली बीएनएस टीम के अभियान की सफलता के लिए समर्थन की अपील की।

सेक्टर-9 हास्पिटल में एनेस्थीसिया विभाग की टीम और क्वालिटी मैनेजमेंट विभाग की टीम ने दिया सहयोग

हृदयगति रुकने पर हैंड ओनली सीपीआर का दिया प्रशिक्षण

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ विभाग के अंतर्गत संचालित जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्रए सेक्टर 9 भिलाई में हैंड ओनली सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सामान्य नागरिकों में हृदयगति रुकने की आपात स्थिति में तत्काल सहायता प्रदान करने की जागरूकता बढ़ाना और जीवन रक्षक प्राथमिक उपचार, सीपीआर के व्यावहारिक कौशल का प्रशिक्षण देना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ विनीता द्विवेदी के मार्गदर्शन और मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ कौशलेंद्र ठाकुर व डॉ उदय कुमार के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को हैंड ओनली सीपीआर की प्रक्रिया का प्रत्यक्ष प्रदर्शन कराया गया। व्यावहारिक अभ्यास के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि हृदयगति रुकने की आकस्मिक स्थिति में त्वरित पहचान, तत्काल सहायता के लिए बुलाना और निरंतर छाती पर दबाव देना जीवनरक्षक के रूप में अत्यंत प्रभावी सिद्ध होता है। ओपीडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नागरिकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और सीपीआर की विधि सीखकर जान बचाने का संकल्प लिया। इस जीवनरक्षक तकनीक से लाभान्वित करने के लिए प्रतिमाह हैंड ओनली सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन का निर्णय लिया गया।

राजहरा माइंस अस्पताल में 17वें स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

सेल-बीएसपी के राजहरा माइंस चिकित्सालय में 17 वां एक दिवसीय निःशुल्क व्यापक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के वरिष्ठ चिकित्सकों और विशेषज्ञों ने स्थानीय समुदाय को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में 570 से अधिक परामर्श दिये गए। 12 इंट्राआर्टिकुलर इंजेक्शन और 10 प्लास्टर लगाए गए। ऑर्थोपेडिक सर्जन द्वारा एक रोगी पर आई एंड डी की चिकित्सकीय प्रक्रिया सफलतापूर्वक की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर हेतु संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ विभाग की टीम का नेतृत्व किया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों डॉ चंदन दास कार्डियोलॉजी डॉ पी मर्सी, चर्म रोग डॉ इमैनुएल मैसी, अस्थि रोग डा अमित अग्रवाल, पेन मैनेजमेंट क्लिनिक डॉ अश्विन जायसवाल, ईएनटी डॉ कौशिक किशोर, पीडियाट्रिक्स डॉ प्रभदीप कौर, प्रसूति एवं स्त्री रोग डॉ राजेश्वर राव, जनरल सर्जरी डा सुलभ साहू, नेत्र रोग सुषमा रोकड़े, जूनियर मैनेजर जया भास्कर, फिजियोथेरेपी डीएनबी डॉ रेहान, अस्थि रोग डीएनबी डॉ सुनील सिसोदिया, मेडिसिन डीएनबी डा श्रद्धा, ओ एंड जी डीएनबी डॉ सृष्टि, नेत्र रोग, डीएनबी डॉ अग्नि सिंह, ईएनटी, कलोल जूनियर एमटी सहित सेक्टर 9 हास्पिटल भिलाई के अधिकारियों और कार्मिकों ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

भिलाई नगर निगम में पीएम आवास के 11 हितग्राहियों को मकान आबंटित

भिलाई/नवप्रदेश। नगर निगम भिलाई में प्रधानमंत्री आवास योजना के 11 हितग्राहियों को लाटरी के माध्यम से मकान आबंटित किया गया। इस मौके पर सभापति गिरवर बंटी साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय और अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा उपस्थित रहे। हितग्राहियों द्वारा पूर्व में मकान हेतु आवेदन योजना शाखा के काउंटर में जमा किया गया था। दस्तावेज परीक्षण कर सक्षम स्वीकृति मिलने के बाद हितग्राहियों से मकान का 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा कराई गई। बेदखली व्यवस्थापन के लिये हितग्राही अंशदान राशि 75000 रूपये निगम कोष में जमा कराकर नियमानुसार लाटरी निकाला गया। लाटरी में वरिष्ठ नागरिक और

दिव्यांगजनों को प्राथमिकता के आधार पर भूतल के आवासों और सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को भूतल से निर्मित आवासों के साथ अन्य तल (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय) के आवासों को आवंटित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को वंदे मातरम कुरूद भिलाई से 1 हितग्राही और सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया से 10 हितग्राहियों को लाटरी निकालकर मकान आबंटित किया गया है। लाटरी के दौरान कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, पार्षद सत्या देवी जायसवाल, आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन, नम्रता सिंह ठाकुर, सी एल टी सी किरण चतुर्वेदी, उत्पल शर्मा, आदित्य सिंह, थलेश्वर जोशी, जी मोहन राव, महेत्तर सोनी, जागेश्वर साहू उपस्थित रहे।

33 लाख सदस्यों ने अभी तक राशन कार्ड सत्यापन नहीं कराया

ई-केवाईसी प्रक्रिया नहीं हुई पूरी तो होंगे रद्द, अब फिर एक बार समय सीमा बढ़ाने पर विचार किया जा रहा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राशन कार्ड धारकों के लिए जरूरी खबर है। प्रदेश में अब तक कई राशन कार्ड धारकों की ई-केवाईसी प्रक्रिया अधूरी रह गई है। जानकारी के मुताबिक करीब 33 लाख सदस्यों ने अभी तक राशन कार्ड सत्यापन नहीं कराया है। प्रदेश सरकार ने इस बार राशन कार्ड ई-केवाईसी की आखिरी तारीख 25 अक्टूबर तक की थी, लेकिन तय समय सीमा के भीतर राशन कार्ड सत्यापन पूर्ण नहीं हो पाया है। इस बीच जानकारी सामने आई है कि सत्यापन की समय सीमा बढ़ सकती है।

दिवाली और त्योहारों के बीच विभाग ने ई-केवाईसी का अभियान तो शुरू किया, मगर न तो लक्ष्य तय समय में पूरे हुए और न ही फील्ड स्तर पर तेजी दिखाई दी। 25 अक्टूबर को समय सीमा पूर्ण होने के बाद भी प्रदेश के 33 लाख सदस्यों का सत्यापन पूर्ण नहीं हुआ है। ऐसे में अब फिर एक बार समय सीमा बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है।

22 हजार प्रतिदिन का था लक्ष्य

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने इस बार हर दिन 22 हजार से अधिक सदस्यों का द्व-चङ्घष्ट कराने का लक्ष्य तय किया था। लेकिन अधिकांश जिलों में न तो शिविर लगाए गए और न ही संबंधित कर्मचारियों की जवाबदेही तय हुई। अभियान केवल आदेशों और समीक्षा बैठकों तक ही सीमित रहा गया। खाद्य नियंत्रक रायपुर भूपेंद्र मिश्रा ने बताया कि रायपुर में करीब 85 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। 25 अक्टूबर की समय सीमा पूरी हो गई है। अब आगे का आदेश मिलने पर शेष सदस्यों का ई-केवाईसी कराया जाएगा।

4 लाख से ज्यादा सत्यापन अधूरे

रायपुर जिले में कुल 6 लाख 48 हजार 464 राशन कार्ड रजिस्टर्ड हैं, जिनमें करीब 22 लाख 26 हजार 521 सदस्य पंजीकृत हैं। खाद्य विभाग के मुताबिक पंजीकृत सदस्यों में से करीब 18 लाख 7 हजार 52 लोगों ने राशन कार्ड का ई-केवाईसी कंप्लीट कर लिया है।

प्रदेश में 33 लाख लोगों का सत्यापन बाकी

वहीं, दुर्ग में 18 I40 लाख सदस्य पंजीकृत हैं। इनमें से 14 I60 लाख लोगों ने द्व-च्ङ्घष्ट करा ली है तो वहीं 3 I80 लाख सदस्यृ लंबित है। इसी तरह बिलासपुर में कुल पंजीकृत 19 I10 लाख सदस्य हैं। इनमें से 15 I25 लाख ने सत्यापन कराया है और 3 I85 लाख लोग बाकी हैं। पूरे छत्तीसगढ़ में कुल 1 I10 करोड़ सदस्य पंजीकृत हैं, जिनमें से 77 लाख लोगों ने ही सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण की है और करीब 33 लाख सदस्यों का सत्यापन अभी बाकी है।

ई-केवाईसी क्यों जरूरी?

ई-केवाईसी अभियान की शुरुआत फर्जी राशन कार्ड और डुप्लीकेट प्रविष्टियों को खत्म करने के मकसद से की गई थी। केंद्र सरकार ने सभी लाभार्थियों का आधार से प्रमाणीकरण अनिवार्य किया है, ताकि वास्तविक पात्रों को ही अनाज का लाभ मिल सके। लेकिन तकनीकी गड़बड़ियों, नेटवर्क समस्या और जन जागरूकता की कमी के कारण कई सदस्य अब तक प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पाए हैं।

सूर्यकिरण का रोमांच दिखाने नवा रायपुर के लिए चलेंगी बसें, मुफ्त मे होगा सफर

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर में चल रहे राज्योत्सव में राजधानी के हर व्यक्ति की हिस्सेदारी के लिए प्रशासन की तरफसे निशुल्क बस की सुविधा दी जा रही है। यह सुविधा आम लोगों को 4 और पांच नवंबर को मिलेगी। रायपुर के अलग-अलग स्थानों से बसें चलेंगी। ये बसें राज्योत्सव स्थल तक चलेंगी।

सूर्यकिरण का रोमांच दिखाने रायपुर से नवा रायपुर के लिए चलेंगी बसें 5 नवंबर को होने वाले एयर शो के लिए विशेष तौर पर बसों की व्यवस्था रहेगी। निशुल्क बस सेवा से राजधानी के हजारों लोग भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण एयरोबेटिक टीम के एयर शो का राज्योत्सव स्थल पहुंचकर भरपूर आनंद ले पाएंगे। ये बसें रायपुर रेलवे स्टेशन, भाठागांव बस स्टैंड, तेलीबांधा चौक, पचपेड़ी नाका, साइंस कॉलेज, कालीबाड़ी चौक से चार व पांच नवंबर को सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक और शाम 4 से रात 10 बजे तक नि:शुल्क बस की रहेगी व्यवस्था।

जानिए, किसके लिए कैसी रहेगी पार्किंग व्यवस्था

1- वीवीआईपी मार्ग : जैनम तिराहा से एयरपोर्ट तिराहा, यहां से स्टेडियम तिराहा से होते हुए पुराना मंदिरहसौद मार्ग रेलवे अंडर ब्रिज तिराहा, फिर सत्य साई हॉस्पिटल के सामने से कार्यक्रम स्थल सेंध जलाशय तक जाने वाले वाहन। पार्किंग की व्यवस्था सत्य साई हॉस्पिटल में होगी।

2- वीआईपी मार्ग माना विमानतल एवं सेरीखेड़ी ओवरब्रिज की ओर से विमानतल तिराहा से होते हुए स्टेडियम तिराहा, यहां से खूबचंद बघेल चौक फिर चंदूलाल चंद्राकर चौक से, कोटराभाटा कबीर चौक से होते हुए, सेक्टर 10 ग्राम पलौद चौक से कार्यक्रम स्थल सेंध जलाशय। पार्किंग क्रिकेट स्टेडियम के आसपास रहेगी।

आम लोगों के लिए सेरीखेड़ी एवं माना एयरपोर्ट की ओर से एयरपोर्ट तिराहा से खूबचंद बघेल चौक, चंदूलाल चंद्राकर चौक से कोटराभाटा कबीर चौक होते हुए सेक्टर 10 में वाहन पार्क कर पैदल जा सकेंगे।

अभनपुर की ओर से आने वाले दर्शक मॉटफोर्ट स्कूल तिराहा, उपरवारा चौक, दीनदयाल उपाध्याय चौक, कबीर चौक होते हुए सेक्टर 10 मैदान में वाहन पार्क करेंगे।

मंदिर हसौद एवं आरंग की ओर से आने वाले वाहनों के लिए नवागांव स्टेडियम टर्निंग, नवागांव रेलवे क्रॉसिंग, क्रिकेट स्टेडियम पानी टंकी तिराहा से बाएं होकर परसदा एवं कोसा मैदान में पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

सेंट्रल यूनिवर्सिटी जीजीयू में 13 दिन में दूसरी मौत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिला स्थित सेंट्रल यूनिवर्सिटी यानी गुरु घासीदास विश्वविद्यालय से एक बार फिर चौंकाने वाली खबर सामने आई है। यूनिवर्सिटी कैंपस में 13 दिनों में दूसरी मौत हो गई है। छात्र अर्सलान अंसारी की मौत का मामला शांत भी नहीं हुआ था कि अब बॉटनी के प्रोफेसर नरेंद्र कुमार मिश्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है।

प्रोफेसर नरेंद्र मिश्रा की मौत

जीजीयू में बॉटनी के प्रोफेसर नरेंद्र कुमार मिश्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से हड़कंप मच गया है। प्रोफेसर नरेंद्र कुमार मिश्रा को उल्टी-दस्त की शिकायत होने के बाद यूनिवर्सिटी कैंपस से सुबह 4 बजे सिम्स अस्पताल ले जाया गया था। यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

प्रोफेसर नरेंद्र कुमार मिश्रा उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के रहने वाले थे। 2 साल पहले उनकी यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर के तौर पर नियुक्ति हुई थी। जानकारी के मुताबिक वह अपने घर में अकेले रहते थे।

प्रोफेसर नरेंद्र कुमार की मौत के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सिम्स की मार्च्यूरी में रखा गया है। बता दें कि प्रोफेसर के परिजनों के आने का इंतजार किया जा रहा है। परिजनों के पहुंचने के बाद ही पोस्टमार्टम होगा।हाल ही में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के फिजिक्स विभाग में क्नास्ष्ट की पढ़ाई कर रहा छात्र अर्सलान अंसारी की मौत का मामला सामने आया है।

राजमिस्त्री संघ कुरुद के अध्यक्ष बने लल्लू , सचिव चिरंजीवी

कुरूद/नवप्रदेश। विश्वकर्मा बाबा राजमिस्त्री मजदूर संघ कुरूद का मासिक मीटिंग दिनांक 02/11/2025 दिन रविवार को संपन्न हुआ। जिसमें संघ के नए पदाधिकारी का चुनाव सर्व सम्मति से समस्त राजमिस्त्री एवं ठेकेदारों द्वारा किया गया। जिसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के नाम इस प्रकार है।अध्यक्ष- श्री लल्लू राम साहू उपाध्यक्ष - श्री परमानंद साहू,कोषाध्यक्ष - श्री चेतन पटेलसचिव - श्री चिरंजीवी सोनबेर बने।

अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार थे। जिसमें कुल मत संख्या 372 मत पड़े, जिसमे ओमप्रकाश यादव को 156 मत मिले एवं लल्लू राम साहू को 200 मत मिले जिसमें लल्लू राम साहू 44 वोट से विजयी घोषित हुए।

उपाध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार थे। जिसमें परमानंद साहू को 181 वोट , संतोष यादव को 113 वोट तथा धनीराम साहू को 48 वोट मिले।जिसमें परमानंद साहू 68 वोट से विजयी घोषित हुए।कोषाध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार थे। जिसमें चेतन पटेल को 180 वोट मिले एवं राजेश साहू को 152 वोट मिले।जिसमें चेतन पटेल 27 वोट से विजयी हुए द्य

सचिव पद के लिए चिरंजीवी सोनबेर को समस्त मतदाताओं द्वारा निर्विरोध विजयी घोषित किया गया।

चुनाव संपन्न कराने में चुनाव संचालक श्रीमान तोमन लाल सोनबेर, शीतल साहू, राजेंद्र गन्निर, राधे पटेल, हीराधर, कुलेश्वर सोनबेर, हरीश देवांगन, भोजराम तारक,सतीश साहू, गुणीराम,कृपाल साहू, सोहन साहू, सेवक यादव एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

रायपुर को बीसीसीआई ने दो इंटरनेशनल मैचों का दिया तोहफा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी ने क्रिकेट के इतिहास में अपना सबसे सुनहरा पन्ना जोड़ लिया है। बीसीसीआई ने 2025-26 के होम सीजन शेड्यूल में रायपुर को दो इंटरनेशनल मुकाबलों की मेजबानी सौंपी है, साथ ही पहली बार शहर को 'स्थायी रोटेशन सर्किट' का हिस्सा बना दिया है।

यानी अब हर साल रायपुर में कम से कम एक बड़ा मैच पक्का।3 दिसंबर 2025 को शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम की 65 हजार सीटें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे की गूंज से भरेंगी। ठीक 51 दिन बाद, 23 जनवरी 2026 को न्यूज़ीलैंड के खिलाफ टी-20 में रात को रंग जमेंगे। दोनों मैच डे-नाइट होंगे, नई एलईडी फ्लडलाइट्स की चकाचौंध में।सीएससीएस डायरेक्टर विजय शाह ने कहा, ये सिर्फ दो मैच नहीं, छत्तीसगढ़ की खेल-संस्कृति की जीत है। बीसीसीआई ने स्टेडियम की पिच, ड्रेनेज, प्रेस-बॉक्स और दर्शक सुविधाओं को हाई-ग्रेड रेटिंग दी है। उनकी टीम अभी से जुट गई है:

- 12 हजार नई कुर्सियां लग रही हैं।

-आउटफील्ड को आईसीसी मानक 92 मीटर बाउंड्री तक चौड़ा किया जा रहा है।

-16 अतिरिक्त सीसीटीवी और फेशियल रिकग्निशन गेट लगाए जा रहे हैं।

2017 में भारत-ऑस्ट्रेलिया टी-20 से शुरू हुआ रायपुर का सफर अब आईपीएल, रोड सेफ्टी सीरीज़ और पिछले साल न्यूज़ीलैंड वनडे तक पहुंच चुका है। लेकिन स्थायी दर्जा पहली बार मिला है। स्थानीय प्रशासन ने स्टेडियम तक 6-लेन एक्सप्रेस-वे और मेट्रो फीडर बस का ब्लू-प्रिंट तैयार कर लिया है।क्रिकेट प्रेमी 10 साल के बच्चे से 70 साल के दादा तक टिकट काउंटर की लाइन में खड़े होने को बेताब हैं। टिकट बुकिंग 10 नवंबर से शुरू होगी।

राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता आज

नगरी/नवप्रदेश। कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरुनानक जयंती के शुभ अवसर पर गांव में हरदीभट्ठा नगरी के तत्वावधान में राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दिन बुधवार रात्रि 08 बजे से नगर के रंगमंच बीसपारा हरदीभाठा (नगरी) में संपन्न होगा। जिसमे प्रतियोगिता में प्रतिभागी सामूहिक नृत्य, युगल नृत्य तथा एकल नृत्य की श्रेणियों में भाग लेंगे। आकर्षक पुरस्कारों से सुसज्जित इस आयोजन में विजेताओं को नगद राशि एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। सामूहिक नृत्य वर्ग में प्रथम पुरस्कार 8,000, द्वितीय ?6,000, तृतीय 4,000, चतुर्थ 2,000 तथा पंचम 1,000 रखा गया है। युगल नृत्य वर्ग में प्रथम 4,000, द्वितीय 3,000, तृतीय 1,500, चतुर्थ 1,000 एवं पंचम 500 के पुरस्कार रहेंगे।

वहीं एकल नृत्य वर्ग के प्रतिभागियों को प्रथम 3,000, द्वितीय 2,000, तृतीय 1,200, चतुर्थ 1,000 एवं पंचम 500 की राशि से सम्मानित किया जाएगा। जिसमे आयोजन समिति ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रदेश के प्रतिभाशाली कलाकारों को मंच प्रदान करना एवं सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के नर्तक-नर्तकियां अपनी प्रस्तुति

मुहडबरी में चेकर टाइल्स भूमिपूजन में सम्मिलित हुई विधायक हर्षिता स्वामी

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। डोंगरगढ़ विधानसभा की विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने आज ग्राम पंचायत मुहडबरी में आयोजित चेकर टाइल्स भूमि पूजन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। ग्राम पंचायत मुहडबरी में आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक श्रीमती बघेल ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ चेकर टाइल्स लगाने के कार्य का भूमि पूजन किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की और क्षेत्र के विकास कार्यों पर चर्चा की।

विधायक ने इस अवसर पर कहा कि यह कार्य गांव में सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने ग्रामीणों को विकास कार्यों में सहयोग देने और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान रखने की अपील भी की। इस दौरान उपस्थित राकेश वर्मा जी,प्रकाश वर्मा जी,आरती रिंकू महोबिया जी,तेजराम वर्मा जी,सुरजीत सिंह ठाकुर जी,कमलेश वर्मा जी,देवकांत यदु जी,पुह्नक वर्मा जी,और समस्त ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

सतगुरू कबीर वंशावली मिशन की बैठक

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। आज मिशन के प्रवर्तक सोलहवें वंश प्रतापाचार्य पंथ श्री हुजूर उदितमुनि नाम साहब के दया से सतगुरू कबीर धर्मदास वंशावली मिशन जिला राजनांदगांव (छ. ग.) का बैठक लाल बहादुरनगर नगर (पाथरी) में आयोजित किया गया ।जिसमें क्षेत्र के संत जनों की पावन, गरिमामय उपस्थिति में परम पूज्य नवोदित वंशाचार्य हुजूर उदितमुनि नाम साहब जी कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा का धर्मनगरी डोंगरगढ़ में प्रथम आगमन की तैयारी व मिशन के प्रचार -प्रसार के लिए बैठक आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम आयोजन एवं तहसील प्रतिनिधि चयन के संबंध में विस्तार से चर्चा किया गया व आगामी बैठक दिनांक 09/11/2025 दिन रविवार को 11 बजें कबीर मंदिर छीरपानी धाम डोंगरगड़ में आयोजित किया जाएगा। आगामी बैठक के लिए आप सभी संत जनों से पुनःपुनः निवेदन हैं कि आप सभी संतजन अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की कृपा करेंगे।

वृक्ष ने दिया राष्ट्रीय ध्वज का संदेश

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। स्थानीय न्यू विश्रामगृह में स्थित वृक्ष ने यहां लोगों को भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के तीन रंग होने की संदेश दे रहा है जो कि इन दोनों आसपास के लोगों में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है । देखा जाए तो हमारे राष्ट्रीय ध्वज में सेंदरी ,सफेद और रंग की होते हैं जिसका उदाहरण यहां साफतौर पर देखने को मिला । विश्रामगृह में लगाए गए इस पौधे में इन दोनों भारी मात्रा में अलग-अलग भागों में फ्ल लगे हुए हैं जोकि तीन भागो में झूमर जैसे दिखाई दे रहे हैं वैज्ञानिक भाषा में बोला जाए तो वैज्ञानिक भाषा में बोला जाए तोइसे इसे एक फ्शिटेल पाम ट्री के नाम से पहचाना जाता है जो संभवतः कैरियोटा जीनस की एक प्रजाति है, जैसे कि कैरियोटा यूरेन्स। इस प्रकार का ताड़ का पेड़ अपनी विशिष्ट, दांतेदार किनारों वाली पत्तियों के लिए जाना जाता है जो मछली की पूंछ जैसी दिखती हैं। फ्लिहाल लोगों ने इसकी सेल्फी खींचकर अपने-अपने मोबाइल में अपलोड करके रखी है यह वृक्ष इन दिनों यहां आकर्षण का केंद्र बना हुआ है ।

सहकारिता विभाग का स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर में आयोजित राज्योत्सव-2025 में सहकारिता विभाग का स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस वर्ष स्टॉल की थीम 25 वर्षों की यात्रा और अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 रखी गई है, जिसके तहत विभाग ने अपनी उपलब्धियाँ और नवाचार प्रदर्शित किए हैं। राज्योत्सव में आने वाले आगंतुकों ने सहकारिता विभाग के इस स्टॉल को राज्य के सहकारी विकास की प्रेरणादायक झलक बताया। यह स्टॉल छत्तीसगढ़ के किसानों की आत्मनिर्भरता और सामूहिक सहयोग की भावना का सशक्त प्रतीक बन गया है। प्रदर्शनी में यह दर्शाया गया है कि सहकारिता आंदोलन ने पिछले 25 वर्षों में किसानों, श्रमिकों और आम नागरिकों के जीवन में किस प्रकार आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन लाया है। स्टॉल में सहकारी शक्कर कारखानों, इथेनाल संयंत्रों, प्राथमिक कृषि साख समितियों, धान उपार्जन प्रणाली, किसान क्रेडिट कार्ड योजना और सहकारी बैंकों में कोर बैंकिंग सॉल्यूशन जैसी प्रमुख उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है। स्टॉल में यह भी उपयोगी जानकारी दी गई कि प्रदेश में 725 नई सहकारी समितियों का गठन हुआ है तथा 695 समितियों में गोदाम-सह-कार्यालय भवन बन चुके हैं।

प्रथम पेज का शेष

बिलासपुर में मालगाड़ी के ...

स्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुटी हुई है।

घायलों को कराया गया भर्ती

घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है , जहां पर उनका इलाज चल रहा है। मालगाड़ी और पैसेंजर ट्रेन में टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पैसेंजर ट्रेन मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गई । मौके पर यात्रियों की चीख पुकार मची हुई थी। सूचना पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे । रेलवे और जिला प्रशासन को मामले की सूचना दी गई, इसके बाद बचाव और राहत कार्य जारी है।

सीएम साय ने जताया दुख...

यात्री भी थे, क्षतिग्रस्त हो गया। रेलवे और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और बड़े पैमाने पर बचाव एवं राहत अभियान शुरू हो गया है।

बिहार में पीएम मोदी की..

चुनाव पर थोड़ा बहुत असर पड़ेगा, जबकि 19 प्रतिशत लोगों ने माना कि चुनाव में पीएम मोदी की लोकप्रियता का जादू नहीं चलेगा।

आईएएनएस-मैटराइज सर्वे में प्रदेश की जनता से मुख्यमंत्री के रूप में पहली पसंद कौन होंगे, इस सवाल पर भी राय ली गई है। सर्वे में मुख्यमंत्री की पहली पसंद के तौर पर नीतीश कुमार (जेडीयू) को 46 प्रतिशत लोगों ने पसंद किया है। मतलब साफहै कि 20 साल के शासन के बाद भी नीतीश कुमार की छवि जनता के बीच आज भी चमक रही है। सर्वे में पसंदीदा सीएम चेहरे के तौर पर दूसरे नंबर पर तेजस्वी यादव (राजद) को 15 प्रतिशत लोगों ने पसंद किया है।

कानून-व्यवस्था को बेहतरीन माना

आईएएनएस-मैटराइज सर्वे में प्रदेश की जनता ने लालू राज से नीतीश कुमार के शासन को कानून-व्यवस्था के मामले में बेहतरीन माना है। 73 प्रतिशत जनता ने सर्वे में माना कि नीतीश कुमार की सरकार में बिहार की कानून-व्यवस्था शानदार रही है, जबकि लालू यादव की सरकार के समय की कानून-व्यवस्था को 12 प्रतिशत लोगों ने अच्छा माना है।

आईएएनएस-मैटराइज का सर्वे 10 अक्टूबर से 3 नवंबर के बीच किया गया है। इसमें बिहार के 73,287 लोगों के राजनीतिक मिजाज को जानने की कोशिश की गई है। सर्वे में 38,109 पुरुषों, 19,787 महिलाओं और 15,390 युवाओं को शामिल किया गया है। एजेंसी का दावा है कि उसके सर्वे में मार्जिन ऑफ एरर +/- 3 प्रतिशत हो सकता है।

मतदाता सूचियों का ...

जाकर ऑनलाइन गणना प्रपत्र भर सकते हैं। फॉर्म भरने में किसी प्रकार की कठिनाई होने पर मतदाता टोल-फ्री नंबर 1950 पर फोन कर या अपने बूथ लेवल अधिकारी से सहयोग प्राप्त कर सकते हैं।

मतदाता को एन्यूमरेशन फॉर्म भरने में किसी भी तरह की परेशानी ना हो इसको ध्यान में रखते हुए जिला एवं तहसील स्तर पर हेल्प डेस्क एवं आईटी डेस्क स्थापित किए गए हैं, जिसमें कार्यालयीन समय पर अधिकारी कर्मचारी मतदाताओं के सहायता के लिए उपस्थित रहते हैं।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा SIR के लिए जारी गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) का प्रारूप निम्नानुसार है:

नक्सलियों की ऑर्डिनेंस ..

लगातार चलाए जा रहे एंटी नक्सल ऑपरेशनों से माओवादियों को भारी नुकसान हुआ है। पिछले एक वर्ष में 545 माओवादी आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौट चुके हैं, जबकि 454 नक्सली गिरफ्तार किए गए हैं और 64 नक्सली मुठभेड़ों में मारे गए हैं। अब शेष बचे नक्सलियों पर भी सुरक्षाबलों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है।

एसपी की अपील

पुलिस अधीक्षक सुकमा ने कहा कि सुरक्षाबलों की कार्रवाई का उद्देश्य केवल नक्सलवाद का उन्मूलन नहीं, बल्कि क्षेत्र में स्थायी शांति और विकास की स्थापना है। उन्होंने भटके हुए नक्सलियों से अपील की कि वे हिंसा छोड़कर विकास के मार्ग पर लौटें। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जो भी माओवादी हथियार छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटना चाहते हैं, उन्हें शासन की पुनर्वास नीति के अंतर्गत सम्मानजनक जीवन की पूरी गारंटी दी जाएगी।

सरेंडर करने वाले ....

नक्सली संगठन के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा था, हाल ही में 26 अक्टूबर को पार्टी छोड़कर भाग गया और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। नक्सलियों के अनुसार, कमलू को उसके लंबे सेवाकाल को देखते हुए पहले एसी (एरिया कमेटी) और फिर डीवीसी (डिवीजनल कमेटी) के लिए चुना गया था। बाद में उसे भैरमगढ़ एरिया का एसी इंचार्ज भी बनाया गया था।

पर्चे में आरोप लगाया गया है कि कमलू ने पार्टी के साथ गद्दारी की और अपने साथियों को छोड़कर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया। नक्सलियों ने यह भी दावा किया है कि कमलू 2 लाख रुपये लेकर भागा था और उसके बाद पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

नक्सली संगठन में बढ़ती बौखलाहट

हाल के दिनों में नक्सलियों के आत्मसमर्पण की घटनाओं में वृद्धि देखी जा रही है। इस संदर्भ में, नक्सलियों का यह पर्चा उनकी आंतरिक बौखलाहट को दर्शाता है। आत्मसमर्पित सदस्यों के खिलाफ इस तरह के आरोप लगाकर वे अन्य सदस्यों के बीच भय का माहौल बनाने और भविष्य में होने वाले आत्मसमर्पण को रोकने का प्रयास कर सकते हैं। नक्सलियों ने अपने पर्चे में सोनू और सतीश नामक दो अन्य व्यक्तियों को भी 'गद्दार' बताया है।

हौसले बुलंद होने का दावा

इन आत्मसमर्पणों के बावजूद, नक्सलियों ने अपने पर्चे में दावा किया है कि उनके हौसले कम नहीं होंगे और उनका आंदोलन कमजोर नहीं, बल्कि और तेज होगा। यह बयान उन पर बढ़ते दबाव और खुद को मजबूत दिखाने की कोशिश को दर्शाता है।

एक ही दिन में दो अजगर निकले, शहर में वन विभाग ने दोनों का किया रेस्क्यू

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर में सोमवार की रात वन विभाग की टीम के लिए बेहद व्यस्त रही। कुछ ही घंटों के भीतर दो अलग-अलग स्थानों से अजगर निकलने की घटनाएँ सामने आईं। पहले गौरव पथ पर और उसके बाद नेहरू नगर स्थित लोहिया बाड़ी में 10 से 12 फीट लंबे अजगर दिखाई देने से लोगों में दहशत फैल गई।

पहली घटना गौरव पथ की, दूसरी नेहरू नगर की : पहली घटना सोमवार रात करीब

8 बजे की है, जब गौरव पथ क्षेत्र में एक अजगर दिखाई दिया। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी, जिसके बाद रेस्क्यू टीम ने अजगर को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा। इसके लगभग डेढ़ घंटे बाद रात 9.30 बजे नेहरू नगर स्थित लोहिया बाड़ी में एक और विशालकाय अजगर दिखा। टीम ने वहाँ भी तत्परता से पहुँचकर रेस्क्यू अभियान चलाया। वन अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश और मिट्टी में नमी बढ़ने के कारण अजगर एवं अन्य सांप खुले क्षेत्रों की ओर निकल रहे हैं। लोगों से अपील की गई है कि ऐसे हालात में डरने के बजाय तुरंत विभाग को सूचना दें।

छत्तीसगढ़ की परंपरा की पहचान है मड़ई मेला : द्वारिकाधीश यादव

खल्लारी विधायक ने क्षेत्रवासियों को दी राज्योत्सव की बधाई

बागबाहरा/नवप्रदेश। खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि मड़ई मेला छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा की पहचान है। हमें इस सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने की जिम्मेदारी निभानी होगी।

वे राज्योत्सव के अवसर पर कोमाखान में बस स्टैंड दुर्गा समिति द्वारा आयोजित मड़ई मेला

उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर, नगरपालिका महासमुंद के अध्यक्ष निखिलकांत साहू, पूर्व मंडी अध्यक्ष तेजन चंद्राकर, कोमाखान सरपंच जमा बाई ठाकुर, सुनील जैन, राजू जैन, प्रदीप यादव, वाजिद खान, रवि केसरवानी, सतीश वाजपेई, रूपेश साहू, अयान खान, ललित जैन, बबल केसरवानी और कार्तिक देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे। पूजा-अर्चना के पश्चात विधायक श्री यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मड़ई मेला न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह लोक संस्कृति, मेल-मिलाप और सामाजिक एकता का संदेश भी देता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को राज्योत्सव की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण हमारे पूर्वजों के संघर्ष और बलिदान का परिणाम है। हमें उनके सपनों के अनुरूप समृद्ध और संस्कारित प्रदेश बनाने का संकल्प लेना चाहिए। इस दौरान भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने छत्तीसगढ़ी नृत्य और गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। ग्रामीणों ने उत्सव का भरपूर आनंद उठाया।

रिया अग्रवाल सीए बनी, बधाइयां

भाटापारा/नवप्रदेश। रिया अग्रवाल ने की परीक्षा

उत्तीर्ण कर अपना , परिवार,समाज एवं नगर का नाम रोशन किया है । रिया छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष बृजेश अग्रवाल एवं श्रीमती अर्चना अग्रवाल की सुपुत्री है।रिया शुरू से ही मेघावी रही है उसकी इस उपलब्धि पर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष एडवोकेट जे.के.अग्रवाल ,निखिल अग्रवाल ,राजू दाऊ ,नीतीश अग्रवाल ,उमेश अग्रवाल,विवेक अग्रवाल ,राकेश तिवारी,दीपक मल ,मनोज डागा ,रूपेश मखीजा ,नंदकिशोर अग्रवाल सहित अनेक शुभचिंतक गणों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

उपराष्ट्रपति द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत राशि दी गई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन स्टेट स्कूल मैदान राजनांदगांव में आयोजित

लखपति दीदी सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत माह नवम्बर 2025 में 21वीं किश्त के रूप में प्रदेश के 69 लाख 07 हजार 615 महिला हितग्राहियों को बटन दबाकर 646 करोड़ 52 लाख 10 हजार रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में अंतरित करेंगे। इसके साथ ही उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन द्वारा नियद नेल्लानार योजना के तहत प्रथम किश्त के रूप में 7 हजार 658 हितग्राहियों को 76 लाख 26 हजार 500 रूपए की राशि उनके खातें में अंतरित करेंगे। इस प्रकार कुल 69 लाख 15 हजार 273 हितग्राहियों को कुल 647 करोड़ 28 लाख 36 हजार 500 रूपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा।

राज्योत्सव में हंगामा : भाजपा कार्यकर्ता और थाना प्रभारी के बीच झूमाझटकी, मामला दर्ज

कवर्धा/नवप्रदेश। राज्योत्सव के दौरान लगातार नेता और अधिकारियों के बीच वर्चस्व की लड़ाई को लेकर अप्रिय खबरों ने 25 वर्षों के रजत उत्सव को किरकिरा बना दिया है। सोमवार को बेमेतरा में भाजपाई और कलेक्टर के बीच राज्योत्सव को लेकर मामूली विवाद को राजहठ का रूप दे दिया गया। बेमेतरा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर से झूमाझटकी कर शासकीय कार्य को निजी रूप देने की कोशिश की गई। बेमेतरा की आग अभी ठंडी ही नहीं हुई थी कि कवर्धा में राज्योत्सव को लेकर भाजपाई और टीआई के बीच विवाद के बाद बवाल मच गया। राज्योत्सव की गरिमा को भाजपाई बार-बार अपमानित कर रहे है। जिस पार्टी के नेता अनुशासित पार्टी होने की दंभ भरते है उनके अभिमान को भी उनके कार्यकर्ता ठेस पहुंचाने में भी गुरेज नहीं कर रहे है।

राज्योत्सव के जश्न के बीच कवर्धा और बेमेतरा जिले से जुड़ा एक विवाद का मामला सामने आया, जिसने सोशल मीडिया पर जमकर सुर्खियां बटोरीं। कवर्धा में सोमवार

की देर रात आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ता और थाना प्रभारी के बीच हुई झूमाझटकी ने पूरे आयोजन का माहौल बिगाड़ दिया।

मिली जानकारी के अनुसार, पीजी कॉलेज मैदान में चल रहे मुख्य कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ता राकेश साहू और थाना प्रभारी योगेश कश्यप के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि राकेश साहू ने थाना प्रभारी का कॉलर पकड़ लिया और उनकी वर्दी के बटन तक टूट गए। इस दौरान मौके पर मौजूद एक अन्य अधिकारी की नेमप्लेट भी क्षतिग्रस्त हो गई।

घटना के बाद अफ्ररातफ्ररी का माहौल बन गया। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद दर्शक और पुलिसकर्मी दोनों ही भागकर बीच-बचाव में जुट गए। इसी बीच राकेश साहू का थाना प्रभारी से गाली-गलौज करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आते ही पुलिस हरकत में आई और आरोपी भाजपा कार्यकर्ता के खिलाफ एफ्रआईआर दर्ज कर ली गई।

वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी समेत कई भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से चर्चा की और स्थिति को शांत करने का प्रयास किया। हालांकि, कुछ देर तक नारेबाजी और हंगामे का दौर चलता रहा, जिससे राज्योत्सव का माहौल पूरी तरह प्रभावित हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, झूमाझटकी की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम स्थल से हटकर घटनास्थल की ओर जमा हो गए। देखते-देखते उत्सव का उल्लास राजनीतिक टकराव में बदल गया। फ्रिलहाल पुलिस ने वायरल वीडियो और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि तथ्यों की पुष्टि के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सेमरिया घाट पर पुल निर्माण के लिए शिवरतन शर्मा ने दिलाए

(1777.65 लाख) की प्रशासकीय स्वीकृति

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा की सक्रियता आखिरकार रंग लाई और लंबे समय से की जा रही शिवनाथ नदी के सेमरियाघाट पर सेमरिया अमलीडीह मार्ग के मध्य उच्च स्तरीय पुल निर्माण एवं पहुंच मार्ग की मांग अब पूरी होने जा रही है। शिवरतन शर्मा के प्रयासों से 17 करोड़ 77 लाख 65 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति लोक निर्माण विभाग द्वारा 03/11/2025 को प्राप्त हुई है। शीघ्र ही सारी औपचारिकताओ का पूर्णतः पालन सुनिश्चित कर निविदा आमंत्रित कर कार्य प्रारम्भ किये जाने हेतु प्रशासन ने आदेश जारी किया हैं। शिवरतन शर्मा ने बताया कि भाटापारा क्षेत्र के विकास हेतु उनके द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है। क्षेत्र के सड़कों एवं पुल पुलिया विहीन गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ने विशेष पहल की जा रही है। मेरा प्रयास है कि भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा का लाभ मिले। जिसमे हम लगभग पूर्णतः की ओर हैं भाटापारा विधानसभा में हर ओर सड़को का जाल बिछाया जा चूका हैं जिससे आवागमन में सुविधाएं मिल रही हैं.

शिवरतन शर्मा ने कहा की इस पुल निर्माण की मांग काफ्री समय से की जा रही थी। उन्होंने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, लोक निर्माण मंत्री अरुण साव एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल के प्रति शिवरतन शर्मा ने आभार व्यक्त किया.है।

पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में यूनिटी मार्च का आयोजन 6 को

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला प्रशासन, माई भारत तथा खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाने और एकता की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से युवाओं की भूमिका पर विशेष ध्यान देते हुए यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा हैं। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती को समर्पित कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करना है। भारत सरकार द्वारा 6 नवंबर 2025 को 150 वीं यूनिटी मार्च की शुरुआत की गई हैं जिसके अंतर्गत जिले में पद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिले में 8 किलोमीटर लंबी पदयात्रा होगी जो ग्राम पंचायत बेलसोंडा से प्रारंभ होकर कस्तूरबा गांधी छात्रावास, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा, शहीद स्मारक, साईं मंदिर, ग्राम पंचायत खरोरा, त्रिमूर्ति कॉलोनी, अम्बेडकर चौक होकर लोहिया चौक में समापन किया जाएगा।

एक तरफशहर को पिलाया जा रहा है जहरीला पानी दूसरी तरफ वाटर संयंत्र में चल रही पार्टी

राजनादगांव/नवप्रदेश।शहर में गंदे पानी की सप्लाई मामले में आज युवा कांग्रेस और कांग्रेस पार्षद दल के संयुक्त तत्वाधान में मोहरा स्थित रानी ज्योतकुवर देवी वाटर संयंत्र का घेराव करने पहुंचे कांग्रेसी नेताओं ने गंदा पानी गिलास में लेकर प्रदर्शन किया और घोषित महापौर मधुसूदन यादव का और अघोषित महापौर जिनके निर्देश पर निगम चलता है अभिषेक सिंह का पुतला दहन किया गया। मौके पर उपस्थित पुलिस बल और तहसीलदार से झूमझटकी भी हुई इसके बाद निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे निगम के प्रभारी ई प्रणय मेश्राम से जब कांग्रेसी नेताओं पार्षद पूर्व पार्षदों ने जब प्लांट दिखाने कहा तो मेश्राम ने कहा कि आपको प्रतिबंधित क्षेत्र में नहीं ले जा सकता जब कांग्रेसी नेताओं ने युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी और नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले के नेतृत्व में जबरन अन्दर घुसने का प्रयास किया तो अन्दर देखा कि ठेकेदारों की पार्टी चल रही है प्रतिबंधित क्षेत्र में पार्टी की परमिशन किसने दी । महापौर प्रत्याशी और युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी ने कहा कि पूरा शहर में गंदे पानी की

सप्लाई की जा रही जिससे हमारे शहर की वार्ड की जनता डायरिया पीलिया जैसी बीमारी से ग्रसित हो रही है जिस कंपनी तेजस को इसका ठेका दिया गया था वो भाग गई ऐसे भगोड़े ठेकेदार पर अब तक कोई कार्यवाही स्नढ्ढक्रदर्ज क्यों नहीं की गई द्विवेदी ने कहा हमने आज घोषित महापौर मधुसूदन यादव व अघोषित महापौर अभिषेक सिंह जो रायपुर से बैठकर निगम चला रहे है दोनों का पुतला जलाया गंदा पानी लेकर प्रदर्शन किया।

पुलिस ने जंगली बिल्ली की खाल के साथ 2 आरोपी को किया गिरफ्तार

गरियाबंद / नवप्रदेश। गरियाबंद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को गांजा, हीरा, वन्य जीव की अवैध परिवहन एवं बिक्री पर रोक लगाने के कड़े निर्देश दिये गये थे। जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारियों के द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत मुखबीर एवं थाना पेट्रोलिंग को सक्रिय किया गया था। इसी क्रम में थाना पाण्डुका को मुखबीर सूचना मिला कि ग्राम टोईयामुडा मोड एनएच 130 सी, मेन रोड के पास दो व्यक्ति थैले में जंगली जानवर का खाल रखकर बिक्री हेतु ग्राहक की तलाश करते मोड के पास बने चबूतरा में बैठे है। कि सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा अपनी टीम तैयार कर मुखबीर द्वारा बताये स्थान ग्राम टोईयामुडा मोड

एनएच 130 सी, मेन रोड के पास पहूंचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किये दो व्यक्ति मोड के पास बने चबूतरा में संदिग्ध अवस्था में दोनों बैठे थे और दोनों के बीच में एक पुरानी इस्तेमाली रंगीन चटकदार कपडेनुमा थैला रखे थे जिसका नाम पता पूछने पर अपना-अपना नाम 1. राकेश सौरा पिता पीलाराम सौरा उम्र 35 साल निवासी लखौली थाना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) 2. राकेश कुमार सौरा पिता अमिताभ सौरा उम्र 22 वर्ष निवासी लखौली थाना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) संदेहियों की तलाशी कराने लेने के दौरान उनके कब्जे से एक पुरानी इस्तेमाली रंगीन चटकदार कपडेनुमा थैला था। जिसके अंदर एक वन्य प्राणी का खाल जैसा मिला। पुलिस टीम द्वारा संदेहियों से वन्य प्राणी का खाल कब्जे में रखने एवं खरीदी बिक्री करने के संबंध में पुछे जाने पर कोई वैध दस्तावेज नहीं होना बताया गया। दोनो आरोपियों के कब्जे से जंगली बिल्ली के खाल को जप्त कर आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करते हुए, अपराध धारा 9, 2, 39,44,51,52 वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 का पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

गिरफ्तार आरोपी

01. राकेश सौरा पिता पीलाराम सौरा उम्र 35 साल निवासी लखौली थाना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.)।

02. राकेश कुमार सौरा पिता अमिताभ सौरा उम्र 22 वर्ष निवासी लखौली थाना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.)

प्रीमियम शराब दुकान के विरोध में युवक कांग्रेस एनएसयूआई ने किया धरना प्रदर्शन

तीन घंटे शराब दुकान में की गई तालाबंदी

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर में लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ती चाकूबाजी की घटनाओं, नशीली दवाओं एवं टेबलेट्स की खुलेआम बिक्री तथा नगर के हृदय स्थल पर नई खुली प्रिमियम शराब दुकान को बंद कराने की मांग को लेकर स्थानीय कांग्रेस विधायक इन्द्र साव, कांग्रेसजन एवं नगरवासियों ने शराब दुकान के सामने एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कर प्रीमियम शराब दुकान में ताला बंदी किया।

धरने को संबोधित करते हुए विधायक इन्द्र साव ने कहा कि भाटापारा का शांत माहौल आज सरकार की नीतियों के कारण अशांत हो चुका है। प्रदेश में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि आए दिन चाकूबाजी, लूट और नशे की घटनाएं सामने आ रही हैं। शासन-प्रशासन मौन दर्शक बना हुआ है। जनता असुरक्षित महसूस कर रही है और सरकार मूक दर्शक बनी बैठी है। अब जनता की सहनशक्ति जवाब दे चुकी है। साव ने आगे कहा कि जनविरोधी सरकार आम लोगों की पीड़ा नहीं समझती। नगर के बीचोंबीच प्रिमियम शराब दुकान खोलकर युवाओं को नशे की दलदल में धकेलने का प्रयास किया जा रहा है। जब तक यह दुकान बंद नहीं होगी, तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। यह लड़ाई सिर्फशराब के खिलाफनहीं, बल्कि सरकार की संवेदनहीनता के खिलाफ है। कार्यक्रम में उपस्थित जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा धृतलहरे ने अपने आक्रोशित शब्दों में कहा कि ÷भाटापारा की शांति और सादगी को सरकार ने नशे और अपराध के हवाले कर दिया है।

गुरुनानक जयंती के उपलक्ष्य में भव्य प्रभात फेरी निकाली गई

कुरूद/नवप्रदेश। गुरु नानक जयंती के उपलक्ष्य में नया बाजार रोड स्थित सिंध भवन से सिंधी समाज कुरूद की ओर से सोमवार सुबह भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। इसका आयोजन सिंधी समाज कुरूद की ओर से किया गया। इस दौरान प्रभात फेरी व गुरुनानक देव के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग मौजूद रहे। प्रभातफेरी सुबह 5:30 बजे सिंध भवन से निकाली गई। जो पुराना बाज़ार सरोजिनी चौक कारगिल चौक संजय नगर होते हुए अनिल बजाज के निवास में पूर्ण हुईइस दौरान प्रभात फेरी का स्वागत कर प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर

पर मुरलीधर शादीज़ा,प्रकाश चैनवानी,राजेश चैनवानी, अनिल बजाज,मोहन सुखरामनी, राजकुमार बजाज, विक्रांत सुखरामणि , नरेश सचदेवा, लालचंद बजाज, चिराग सुखरामणि , साक्षी सुखरामणि,पूर्वी सुखरामणि, भाविका सुखरामनी, सारिका सचदेव, मनीषा नागवानी, ममता जसूजा, मधु बजाज,भारत सुंदरानी आदि मौजूद थे।

धमधा की सड़कों पर गंदगी, तालाबों में सड़ांध, कभी स्वच्छता का मॉडल रहा नगर अब बदबू की राजधानी

धमधा /नवप्रदेश। नगर पंचायत का हाल इन दिनों बेहाल है स्थानीय नगरीय प्रशासन ने स्वच्छता को लेकर पूरे स्वच्छता पखवाड़ा और स्वच्छता सर्वेक्षण जैसी बड़ी बड़ी केंद्रीय योजनाओ का धज्जी उड़ा दिया है। कभी अपनी स्वच्छता, तालाबों की सुंदरता और हरियाली के लिए पहचाने जाने वाला धमधा नगर पंचायत आज कचरे, दुर्गंध और लापरवाही का प्रतीक बन गया है। जहां कभी तालाबों की लहरें नगर की पहचान थीं, वहीं आज प्लास्टिक और सड़ी गंदगी तैर रही है।

नालियों में महीनों से नहीं सफ्राई, मच्छरों का आतंक : नगर पंचायत के सर्वाधिक वार्डों के नली में कचरा भरा पड़ा है, मच्छर और सड़ांध से लोग परेशान हैं। हर साल नाली सहित सफ्राई कार्यों पर लाखों रुपये खर्च दिखाए जाते हैं,लोगों से कचरा कलेक्शन के नाम पर शुल्क लिया जाता है टैक्स लिया जाता है लेकिन जमीनी स्तर पर सफ्राई व्यवस्था नाम की चीज नहीं है। और मूलभूत असुविधाओं की कमी ने आम नगर वासियों का कमर तोड़ दिया है। शिकायतकर्ताओं को टारगेट किया जाता है जिससे लोग बोलने से कतरनें लगे है।

प्रसिद्ध तालाबों की नगरी में तैरते है प्लास्टिक और कचरे : यू तो धमधा अपने 6 आगर 6 कोरी तालाब के नाम से प्रसिद्ध है पूर्व में प्रशाशन द्वारा तालाबों के संरक्षण में कई दबे तालाबों का खनन और सफ्राई किया गया था ऐसा करके तालाबों को संरक्षित करने का कार्य किया गया था।

पंच प्यारों की अगुवाई में निकली गुरु नानक देव की शोभायात्रा

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी का 556वा प्रकाश पर्व नगर में आज

हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इससे पूर्व मंगलवार को बुधवारी में स्थित गुरुद्वारा से पंच प्यारों की अगवाई में दोपहर बाद हर बार की तरह इस बार भी भव्य शोभा यात्रा समाज के द्वारा निकाली गई। गुरुद्वारा से निकली यह शोभा यात्रा रेलवे चौक,खंडु पारा, जयस्तंम चौक, गोल बाजार होते देर शाम गुरुद्वारा पहुंची। इस दौरान समाज के लोगो के साथ -साथ अन्य समाज के लोगो के द्वारा भी शहर के विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया।

साधन-संसाधन के अभाव में प्रतिभा नहीं रुकेगी : तरुण व्यवहार

बागबाहरा/नवप्रदेश। महासमुंद जिले के बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम हरनादादर की बालिकाएं खेल जगत में क्षेत्र का नाम रौशन कर रही हैं। कराते और कुमिते जैसी खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए इन बालिकाओं ने राज्य से लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पदक हासिल किए हैं।

राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में कुमारी नेहा भारतद्वाज, हर्षा ध्रुव, देवकी यादव, और डालेश्वरी ध्रुव ने स्वर्ण पदक जीता, वहीं खिलेश्वरी ठाकुर ने रजत पदक

प्राप्त किया। इसके अलावा, अंतर्राष्ट्रीय ओपन कराते चैंपियनशिप विशाखापत्तनम में भाग लेकर देवकी यादव और हर्षा ध्रुव ने स्वर्ण पदक, नेहा भारतद्वाज ने कांस्य पदक और डालेश्वरी ध्रुव ने रजत पदक जीतकर बागबाहरा का मान बढ़ाया।

अपनी इस शानदार उपलब्धि के बाद बालिकाओं ने अपने मास्टर ट्रेनर कुमारी अवंतिन निराला के साथ जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार से भेंट की और उन्हें मिठाई खिलाकर अपनी सफ्लता का श्रेय उन्हें दिया। खिलाड़ियों ने कहा कि आपके निरंतर प्रोत्साहन और सहयोग से हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली, जिसके कारण हमने यह मुकाम हासिल किया। खिलाड़ियों ने बताया कि उनका चयन आगामी 28 से 29 नवम्बर को दिल्ली में आयोजित होने वाली नेशनल कराते चैंपियनशिप के लिए हुआ है, किंतु आर्थिक अभाव के कारण वे भाग लेने में असमर्थ हैं। इस पर तरुण व्यवहार ने आश्वासन देते हुए कहा - मेरे रहते किसी भी प्रतिभावान खिलाड़ी की प्रतिभा साधन-संसाधन या आर्थिक अभाव के चलते दम नहीं तोड़ेगी।

जिंदल स्टील रायगढ़ को इस्पात मंत्रालय की राष्ट्रीय अध्ययन पहल के लिए किया गया चयनित

रायगढ़/नवप्रदेश इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत जॉइंट प्लांट कमेटी द्वारा इस्पात क्षेत्र में सुरक्षा संसाधनों की समीक्षा एवं उपयुक्त सुधारात्मक उपायों सहित एक संस्थागत तंत्र विकसित करने÷ के उद्देश्य से एक व्यापक अध्ययन शुरू किया गया है। इस अध्ययन का लक्ष्य इस्पात उद्योग में सुरक्षा से जुड़ी नीतियों, नियमों, क्षमता निर्माण, जागरूकता और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ठोस सिफारिशें प्रस्तुत करना है।

इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय अध्ययन के लिए मे. ग्रांट थॉर्नटन भारत एलएलपी को रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अध्ययन के अंतर्गत देशभर के चुनिंदा बड़े एकीकृत इस्पात संयंत्रों का स्थल निरीक्षण किया जा रहा है। जिंदल स्टील, रायगढ़ को इस परियोजना के तहत मॉडल वृहद एकीकृत इस्पात संयंत्र के रूप में चयनित किया गया है। यह समूचे जिंदल स्टील परिवार के लिए गर्व और गौरव का विषय है कि देश के कुछ चुनिंदा संयंत्रों में से एक के रूप में रायगढ़ इकाई को इस अध्ययन में शामिल किया गया है। मे. ग्रांट थॉर्नटन भारत एलएलपी की तीन सदस्यीय टीम, जिसमें संस्था के कार्यकारी निदेशक भी शामिल थे, ने जिंदल स्टील रायगढ़ का दौरा किया। दौरे की शुरुआत कार्यपालन निदेशक सब्यसाची बंद्योपाध्याय के साथ सौहार्दपूर्ण संवाद से हुई। टीम ने अपने प्रवास के दौरान संचालन, सुरक्षा एवं मानव संसाधन विभागों के साथ विस्तृत चर्चा की और संयंत्र के विभिन्न क्षेत्रों का दिन व रात्रिकालीन निरीक्षण किया। दौरे के अंत में टीम ने जिंदल स्टील रायगढ़ की कार्य संस्कृति और सुरक्षा के प्रति समर्पण की अत्यधिक सराहना की। इस्पात मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर नीतियां बनाने के लिए किए जा प्रयासों की कड़ी में देश के चुनिंदा संयंत्रों के साथ जिंदल स्टील रायगढ़ का नाम भी शामिल होना सिर्फरायगढ़ ही नहीं, पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।

राज्योत्सव के दौरान हितग्राहियों को मिली सौगात

बालोद/नवप्रदेश छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव समारोह शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित जिले के हितग्राहियों के लिए सौगातों भरा रहा। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर रविवार 02 नवंबर को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने विभागों के प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को चेक सामग्री एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर उन्हें शुभकामनाएं भी दी। इसके अंतर्गत मुख्य अतिथि श्री कोर्सेवाड़ा एवं अतिथियों ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कचांदुर निवासी मत्स्य पालक कृषक श्री छबिलाल ढीमर को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत जीवित मछलियों के विक्रय हेतु कुल 10 लाख रूपये की लागत की चार पहिया वाहन प्रदान किया गया।

इस योजना के अंतर्गत मत्स्य पालक कृषक छबिलाल ढीमर को कुल लागत की 40 प्रतिशत यानी 04 लाख रूपये की राशि का अनुदान भी प्राप्त हुआ है। इस दौरान अतिथियों के द्वारा गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम चिचबोड़ निवासी संतोष निषाद, डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुजरा निवासी श्रीमती बिंदा बाई एवं बालोद विकासखण्ड के ग्राम परेंगुड़ा निवासी लाल सिंह ठाकुर एवं गुरूर विकासखण्ड के ग्राम सोरर निवासी जतिन ढीमर को 10-10 हजार रूपये लागत की 01-01 नग मछली जाल प्रदान किया गया। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम चिचबोड़ निवासी पवन साहू, डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुजरा निवासी सुलोचना तारम, बालोद विकासखण्ड के ग्राम परेंगुड़ा निवासी गौरसिंह निषाद एवं गुरूर विकासखण्ड के ग्राम सोरर निवासी पंचुराम को 06-06 हजार रूपये लागत की आईसबॉक्स प्रदान किया गया। इस दौरान राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चैधरी, नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, पूर्व विधायक राजेंद्र राय, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि चेमन देशमुख एवं केसी पवार एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, वन मंडल अधिकारी अभिषेक अग्रवाल, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं नूतन कंवर, एडिशनल एसपी मोनिका ठाकुर एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

खम्हारडीह में मंडई मेला आज

खैरागढ़/नवप्रदेश पाडादाह से सटे ग्राम खम्हारडीह मे 5 नवंबर बुधवार को मंडई मेला आयोजित है । ग्राम पटेल बरातुराम साहू ने बताया कि मंडई के उपलक्ष्य मे छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी पूजा के फूल खल्लारी बालोद वालो का रात्रि मे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा ।

पुराने विवाद के चलते मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। तेंदूकोना पुलिस ने खेड़ीगांव में मारपीट के मामले में दोनों पक्षों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। पुलिस को अनूप बंजारा ने बताया कि वह ग्राम लिलेसर का रहने वाला है। उनका पैतृक गांव खेड़ीगांव है, जहां परिवार वाले रहते हैं। 1 नवंबर को देवउठनी पर खेड़ीगांव गया था। चौक में कुछ सामान लेने के बाद अपने भाई गुल्लू बंजारा के घर जा रहा था। रात करीब 8 बजे गांव के मोहन नायक ने उसे देखकर-तुम्हारा कोई जमीन-घर नहीं है, दीया जलाने के लिए आया है कह कर गाली गलौज कर मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है। दूसरी ओर मोहन नायक ने पुलिस को बताया कि अनूप बंजारा पारिवारिक बडें भाई लगते हैं। दोनों का घर आपस में लगा हुआ है और जमीन संबंधी विवाद पूर्व से चल रहा है। 1 नवंबर की रात करीब 8 बजे वह संतोष यादव चौरा के पास बैठा था, उसी समय अनूप बंजारा आया और तुम अपने मकान को मेरे जमीन तरफबढ़ाकर बना रहे हो कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

पलायन पर नहीं लग रहा रोक : रश्मि

महासमुंद/नवप्रदेश। कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि रोजगार कभी भाजपा का एजेंडा नहीं रहा, यही कारण है कि पलायन हो रहा है। महासमुंद जिले से पलायन पर रोक नहीं लग रही है। कमाने-खाने के लिए परदेश जाने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। हर साल महासमुंद जिले के सभी ब्लॉकों में हजारों की संख्या में लोग यहां से परदेश की डगर नाप जाते हैं। लेकिन, जिलों से कितने लोग बाहर जा रहे हैं और कितने वापस आ रहे हैं। इसका कोई रिकार्ड संधारण नहीं किया जाता न ही सरकार और जिला प्रशासन द्वारा रोकने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि परदेस जाने के बाद जब कभी मजदूरों को बंधक बना लिया जाता है।

धमतरी जिले के सरकारी भवन में चल रहा है सेहत से खिलवाड़ का खेल

❒ भटगांव में घटिया गुणवत्ता की बालूशाही-मिक्चर इकाई पर एफडीए की बड़ी कार्रवाई

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के ग्राम भटगांव स्थित रीपा सेंटर में संचालित बालूशाही, सेव मिक्चर एवं अन्य खाद्य सामग्री निर्माण इकाई पर 3 नवम्बर को बड़ी कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा की शिकायत पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफ्डीए) धमतरी की टीम द्वारा की गई।

अध्यक्ष अरुण सार्वा एवं सभापति अजय फत्ते लाल ध्रुव ने रीपा सेंटरों की स्थिति का निरीक्षण करते हुए भटगांव पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि खाद्य सामग्री अत्यधिक गंदगी में खुले में तैयार की जा रही थी। जगह-जगह भिनभिनाती मक्खियां, बिना किसी सुरक्षा उपकरण के काम करते वर्कर, और मानक से परे रासायनिक पदार्थों के इस्तेमाल की आशंका ने स्थिति को गंभीर बना दिया।

इस पर तत्काल एफ्डीए अधिकारी सर्वेश यादव को सूचना दी गई। वे अपनी टीम - फूड सेफ्टी अधिकारी फनेश्वर पिथौड़ा और नमूना सहायक वर्मा के साथ मौके पर पहुंचे। जांच में पाया गया कि संचालक अनिल कुमार कलवानी (निवासी आमापारा, धमतरी) बिना किसी लाइसेंस के खाद्य निर्माण कार्य कर रहा था। टीम ने खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 एवं विनियम 2011 के तहत विधिक नमूना संग्रहन करते हुए "विदाउट लाइसेंस" की धारा में कार्रवाई की।

अरुण सार्वा ग्राम पंचायत भटगांव के सरपंच फगूराम साहू एवं सचिव गजेन्द्र नेताम ने बताया कि उक्त संचालक को पांच

जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा की शिकायत पर हुई सख्त कार्यवाही - मौके पर मिली गंदगी और मानकहीन उत्पादन प्रक्रिया

बार से अधिक चेतावनी दी जा चुकी थी, लेकिन सुधार नहीं हुआ। साथ ही उसने कई माह से पंचायत का किराया भी नहीं दिया है। अब पंचायत की बैठक बुलाकर उसे उक्त स्थल से हटाने की प्रक्रिया की जाएगी। एफ्डीए अधिकारी ने बताया कि, निर्माण में किसी प्रकार का लाइसेंस नहीं होना, एसओपी मानक प्रक्रिया का पालन नहीं पाया गया। बालूशाही और सेव मिक्चर के चार नमूने (प्रत्येक दो किलो) रायपुर लैब भेजे गए हैं, जिनकी रिपोर्ट आने के बाद न्यायालयीन कार्रवाई की जाएगी।

इस संबंध में जब हमारे संवाददाता ने संचालक अनिल कलवानी से बातचीत कर उनका पक्ष जानने की कोशिश की, तो उन्होंने किसी भी प्रकार की बात करने और प्रश्नों का उत्तर देने से साफ इनकार कर दिया। जिला मुख्यालय से महज 4 किलोमीटर की दूरी पर इस तरह की मानकहीन और अस्वच्छ खाद्य सामग्री का निर्माण होना चिंताजनक है। यदि मुख्यालय के इतने समीप यह स्थिति है, तो जिले के आंतरिक ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के अवैध उत्पाद निर्माण से इनकार नहीं किया जा सकता। इसलिए आवश्यक है कि जिला प्रशासन इस दिशा में बड़ी और ठोस कार्यवाही कर ऐसे अस्वास्थ्यकर खाद्य निर्माण इकाइयों पर सख्त रोक लगाए।

बच्चों की सेहत से जुड़े इस मामले में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा और सभापति अजय फत्ते लाल ध्रुव की तत्परता और कार्रवाई की आम नागरिकों ने खुलकर सराहना की।

नई दिशा अभियान के तहत नशामुक्ति का आयोजन

बलौदाबाजार/नवप्रदेश कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में शासकीय मिनीमाता महाविद्यालय बलौदाबाजार में नई दिशा अभियान एवं हम होंगे कामयाब कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि पुष्पराज वर्मा के द्वारा युवाओं को साइबर जागरूकता एवं धोखाधड़ी से संबंधित जानकारी, परामर्श तथा बचाव के उपायों के बारे में बताया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा नई दिशा अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान में नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई एवं नशामुक्ति शपथ दिलाई गई। इस दौरान सभी ने नशामुक्त भारत अभियान के क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन शपथ लेकर सर्टिफिक्रेट प्रदान किया। हम होंगे कामयाब कार्यक्रम के अंतर्गत कैरियर मार्गदर्शन कौशल विकास तथा रोजगार से संबंधित जानकारी दी गई। जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से मानसिक स्वास्थ्य के विषय में जानकारी प्रदान की गई तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न योजना की जानकारी दी गई।

कांग्रेस के प्रदर्शन से पहले ही घबराया प्रशासन

❒ प्रदर्शन स्थगित होने के बाद भी नींद से जागे लोनिवि ने आनन फानन मे कराई सडक़ की मरम्मत

खैरागढ़/नवप्रदेश जर्जर सडक़ को सुधारने कांग्रेस के सदबुद्धि यज्ञ कराने से पहले ही राज्योत्सव मे मस्त प्रशासन ने प्रदर्शन को देखते आनन फानन मे जर्जर सडक़ की मरम्मत कराकर राहत की सांस ली है । कांग्रेस और मिशन संडे टीम द्वारा रविवार को ईतवारीबाजार के धमधा मोड़ पर जर्जर हो चुकी सडक़ की मरम्मत के लिए रविवार को तिराहे पर ही मरम्मत कराने सरकार और स्थानीय प्रशासन को जगाने सदबुद्धि यज्ञ का आयोजन किया था । हालंकि विधायक यशोदा वर्मा के रविवार को प्रवास और अन्य कार्यक्रमों मे व्यस्त रहने के चलते कार्यक्रम की शनिवार को पूरी तैयारी किए जाने के बाद देररात स्थगित करने की सूचना दे दी गई । प्रदर्शन की जानकारी शनिवार को स्थानीय प्रशासन को मिली जिसके बाद पूरा प्रशासन हरकत मे आ गया । राज्योत्सव के दौरान ही शहर मे कांग्रेस और मिशन संडे के इस बड़े प्रदर्शन

से प्रशासन की किरकिरी होने के डर से आनन फानन मे लोनिवि अधिकारियो को दिशा निर्देश देकर रविवार को सडक़ की मरम्मत कराए जाने के आदेश दे दिए गए । आदेश के बाद लोनिवि के अधिकारी भी रतजगा करते रविवार सुबह से ही धमधा मोड़ की जर्जर सडक़ की सुधार और मरम्मत के लिए जूट गए । महीनो से मरम्मत की मांग को अनदेखा करने वाले लोनिवि अधिकारी दलबल साथ रविवार दोपहर मौके पर पहुँचे और आनन फानन मे उक्त सडक़ की मरम्मत कराने के बाद उसका डामरीकरण भी करा दिया । ताकि कांग्रेस और मिशन संडे को प्रदर्शन का मौका न मिल सके । मरम्मत कार्य पूर्ण होने के स्थानीय क्षेत्रवासियों ने भी राहत की सांस ली है आवाजाही करने वाले वाहनो और लोगो को भी मरम्मत कार्य पूर्ण होने से बड़ी राहत मिली है । विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने बताया कि जनता के मुद्दों और इतवारी बाजार चौक की जर्जर सडक़ को लेकर विधायक के नेतृत्व में प्रदर्शन की तैयारी थी विधायक के प्रवास पर होने से कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा। प्रशासन आंदोलन के डर से सक्रिय हुआ और सडक़ सुधार कार्य शुरू करना पड़ा। यह जनता की जीत है। सरकार और जिला प्रशासन को सदबुद्धि यज्ञ की घोषणा से ही बुद्धि मिल गई । कांग्रेस अब किसानों के मुद्दे पर बड़ा आंदोलन करते असमय बारिश से हुई धान,सोयाबीन और अन्य फसलों की क्षति पर मुआवजा दिलाने के लिए कांग्रेस सडक़ पर उतरेगी। कांग्रेस जनता से जुड़े हर मुद्दे पर समस्याओं के समाधान तक संघर्ष जारी रहेगा।

विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की

गरियाबंद/नवप्रदेश छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय गरियाबंद के गांधी मैदान में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव 2025 के दूसरे दिन आज कलेक्टर श्री बी. एस उइके, वरिष्ठ नागरिक श्री अनिल चन्द्राकर, श्री आशीष शर्मा, श्री सुरेन्द्र सोनटेके, श्री राधेश्याम सोनवानी, श्री अजय रोहरा, श्री सूरज सिन्हा, श्री भीष्मदेव निषाद ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। आज राज्योत्सव के दूसरे दिन भी विविध मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इन कार्यक्रमों में जिले के शैक्षणिक संस्थानों एवं गैर-शालेय दलों के

कलाकार छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति, लोकनृत्य एवं लोकगीत से दर्शक गदगद हुए। कार्यक्रम में शालेय दलों की प्रस्तुतियों की शुरुआत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्वामी आत्मानंद (हिंदी माध्यम) गरियाबंद के विद्यार्थियों द्वारा हल्बी गीत से की गई। इसके पश्चात स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल गरियाबंद के छात्राओं द्वारा सुआ नृत्य की प्रस्तुत दी गई। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गरियाबंद के छात्र-छात्राएँ ने करमा नृत्य, तथा कमार आवासीय विद्यालय दर्रापारा के विद्यार्थी छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य से दर्शकों का मनोरंजन किया। इसके अलावा पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास गरियाबंद का लोकनृत्य, श्रद्धा पब्लिक स्कूल का परब नृत्य, और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरियाबंद का करमा नृत्य मंच पर प्रस्तुति दी गई। छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल गरियाबंद द्वारा सुआ नृत्य, श्रद्धा पब्लिक स्कूल गरियाबंद द्वारा पंथी नृत्य, तथा स्प्रिंग बोर्ड हाई स्कूल सोहागपुर के विद्यार्थियों द्वारा राउत नाचा की आकर्षक प्रस्तुति दी गई।

पालिकाध्यक निखिलकांत साहू ने किया फिल्टर प्लांट का निरीक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने आज बेलसोंडा स्थित 17 वर्ष पुराने वाटर फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई मशीनें व उपकरण जर्जर अवस्था में पाई गई। मशीनें जर्जर होने के कारण जल शोधन प्रक्रिया प्रभावित होने की बात सामने आई। जिस पर श्री साहू ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल मशीनों को दुरुस्त करने निर्देशित किया। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि मरम्मत योग्य मशीनों का मरम्मत कराए तथा आवश्यकता पड़ने नई मशीनों की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि नगरवासियों को साफ व शुद्ध पेयजल

उपलब्ध कराना नगर पालिका का प्रथम कर्तव्य है। यहां की पानी को फिल्टर करने व उसके शुद्धिकरण की पूरे प्रक्रिया महत्तवपूर्ण है, इसे प्राथमिकता में लेते हुए सावधानीपूर्वक फिल्टर करें। उन्होंने प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों को पानी की शुद्धिकरण सावधानी पूर्वक करने की बात कही। साथ ही एलम, ब्लीचिंग पावडर की स्टॉक भरपूर मात्रा में रखने अधिकारियों को निर्देशित किया। तथा बिना अनुमति के किसी भी बाहरी व्यक्तियों को प्रवेश न करने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान शाहबाज राजवानी, जल विभाग प्रभारी दुर्गेश कुंजेकार सहित फिल्टर प्लांट के कर्मचारी उपस्थित थे।

अजब-गजब तीर्थयात्री ... गरीब वृद्धजनों को एक साल बाद भी मौका नहीं मिला

भाजपा पार्षदों समेत शासकीय व्याख्याता को बीपीएल बताकर भेजा तीर्थ यात्रा

महासमुंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना में बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। नगर पालिका और समाज कल्याण विभाग की मिलीभगत से शासकीय कर्मचारियों और भाजपा पार्षदों को बीपीएल श्रेणी का बताकर तीर्थ यात्रा कराई गई, जबकि पात्र गरीब वृद्धजन एक साल से अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।

योजना के तहत 60 वर्ष से अधिक उम्र के गरीब वृद्धजनों को तीर्थ यात्रा पर भेजा जाना था। हालांकि, शासकीय व्याख्याता और पार्षदों ने अपने पूरे परिवार के साथ प्रयाग, काशी विश्वनाथ, हनुमान मंदिर और श्रीरामलला अयोध्या के दर्शन किए। इन सभी को कथित तौर पर बीपीएल श्रेणी का दर्शाया गया। छत्तीसगढ़ सरकार ने 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना शुरू की थी। इस योजना के तहत 27 अक्टूबर 2025 को 5 दिवसीय यात्रा के लिए महासमुंद जनपद से 52, बागबाहरा से 47, पिथौरा से 50, बसना से 40, सरायपाली से 43, नगर पालिका महासमुंद से 50, बागबाहरा से 6, सरायपाली से 15, तुमगांव से 6 और नगर पंचायत बसना से 5 श्रद्धालु शामिल हुए। इनके साथ कुल 9 अनुरक्षक भी यात्रा पर गए थे। इन श्रद्धालुओं को 18 बसों से रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचाया गया, जहां से वे ट्रेन द्वारा तीर्थ स्थलों के लिए रवाना हुए। ट्रेन में कुल 323 लोगों का आरक्षण कराया गया था, लेकिन इनमें से 20 लोग यात्रा पर नहीं गए। कुछ बुजुर्ग स्वास्थ्य कारणों से भी यात्रा के लिए अनुपयुक्त पाए गए।

छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार 60 साल से अधिक बुजुर्गों को ही इस तीर्थ यात्रा में भेजा जाना है, लेकिन महासमुंद नगर पालिका क्षेत्र के बुजुर्गों को भेजने के बजाए नगर पालिका के भाजपा पार्षदों और शासकीय कर्मचारी को बीपीएल बताकर तीर्थ यात्रा में भेजा गया। इनमें वार्ड नंबर 24 के पार्षद एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल (58), उनकी व्याख्याता पत्नी श्रीमती किरण पटेल (50), वार्ड नंबर 12 की पार्षद कल्पना सूर्यवंशी (50), पति लोकनाथ सूर्यवंशी (58) इनकी बेटी पूनम सूर्यवंशी (23), वार्ड नंबर 6 की पार्षद सीता टोंडेकर (50), तीन बार के पूर्व पार्षद रह चुकी और वर्तमान में महामंत्री मीना वर्मा, उनके पति गोपाल वर्मा, भाजपा नेता उमेश नसीने, उनका भतीजा कृष्णा नसीने (22) और कृष्णा के पिता दिनेश नसीने (53) जो अपात्र, कम उम्र होते हुए फार्म में फर्जी जानकारी भरकर इस यात्रा में भेजा गया है। मजेदार बात यह है कि इस तीर्थ यात्रा में गए 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों ने तो अपने साथ अनुरक्षक (सहयोगी) नहीं ले गए लेकिन भाजपा नेताओं ने पति-पत्नी बच्चों को सहयोगी बता कर तीर्थ यात्रा में शामिल किया। और यात्रा कर के लौट भी आए हैं।

वहीं दूसरी ओर वार्ड नंबर 5 में निवासरत पुन्नी बाई (62), केशर बाई (69), कुमारी ध्रुव (66), खेदी यादव (68), भगवानी मोहरे (70), मथुरा मोगरे (65) ने 3 अक्टूबर 2024 को तीर्थ यात्रा में जाने के लिए मेडिकल टेस्ट समेत आवेदन जमा कर चुके हैं लेकिन एक साल बाद भी इनका नंबर नहीं आया है। जबकि समाज कल्याण विभाग 60 साल से अधिक उम्र वालों के लिए योजना होना बता रहे हैं।

सहकारी समिति कर्मचारियों की सभी मांगें शीघ्र पूर्ण करें सरकार : विनोद

महासमुंद/नवप्रदेश। छग शासन के पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सहकारी समिति कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर किए जा रहे आंदोलन को जायज ठहराते हुए सरकार से कर्मचारियों की मांगें शीघ्र पूरा करने की मांग की है। चंद्राकर ने कहा कि कर्मचारियों के आंदोलन से धान खरीदी प्रभावित हो सकती है, समय रहते सरकार को इस दिशा में सार्थक पहल करते हुए कर्मचारियों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उनकी सभी मांगों को तत्काल पूर्ण किया जाना चाहिए।

चंद्राकर ने कहा कि वेतन, पदोन्नति और नियमितीकरण, सूखत (सूखने के कारण होने वाला नुकसान) के प्रावधान, 'शून्य शॉर्टेज' (धान की कमी न होने पर) पर प्रोत्साहन राशि और प्रबंधकीय अनुदान जैसी मांगों को लेकर कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं, जो जायज भी है। पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के समय सहकारी समितियों को जीरो शार्टेज पर प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई थी। लेकिन, 2 साल के कार्यकाल में भाजपा ने सहकारी समितियों को पूरी तरह नजर अंदाज कर दिया।

न्यूज गैलरी

तहसील चौक का नाम छत्तीसगढ़ महतारी करने की मांग अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

गुरुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, गुरुर नगर इकाई ने सोमवार को नगर पंचायत को मांग पत्र सौंपा। परिषद ने तहसील कार्यालय के सामने स्थित चौक का नामकरण छत्तीसगढ़ महतारी चौक करने एवं वहाँ छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की है। नगर मंत्री चैतन्य कुमार ने कहा कि ÷छत्तीसगढ़ महतारी हमारी संस्कृति, परंपरा और अस्मिता की प्रतीक हैं। नगर में उनकी प्रतिमा स्थापित होने से नई पीढ़ियों में प्रदेश के प्रति गर्व और सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ेगी। परिषद पदाधिकारियों ने बताया कि संबंधित चौक नगर का प्रमुख केंद्र है, जहाँ से लोग प्रतिदिन आवाजाही करते हैं। ऐसे स्थान पर छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा से जनजागरण और सांस्कृतिक चेतना का संदेश जाएगा।इस अवसर पर नगर सहमंत्री आकाश दीवान, तुसार साहू, नगर कार्यालय मंत्री साहिल सेन, नगर कोषाध्यक्ष आर्यन सेन, नगर कार्यकारिणी सदस्य भीषम साहू, हिमांशु साहू, डिगेंद्र साहू सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

महानदी एकेडमी, नगरी के विद्यार्थियों की शानदार उपलब्धि

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले में आयोजित कला उत्सव प्रतियोगिता में महानदी एकेडमी, नगरी के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि के बाद विद्यालय के विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय कला उत्सव के लिए हुआ।

रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कला उत्सव में विद्यार्थियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया और न्यायाधीशों एवं दर्शकों से भरपूर सराहना प्राप्त की। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और विद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।विद्यालय परिवार की ओर से विद्यार्थियों को प्रोत्साहन संदेश देते हुए कहा गया ÷प्रिय विद्यार्थियों, आपकी यह सफलता पूरे विद्यालय के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। आपने सिद्ध किया है कि मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। हम आशा करते हैं कि आप भविष्य में भी इसी लगन और निष्ठा से विद्यालय का नाम रोशन करते रहेंगे।

कार्यक्रम में विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, एवं संचालक ,अजय छाजेड़,मोहन नाहटा, निकेश ठाकुर, अहमद रजा,शशक तथा अनिल जैन ने सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम आसमान में आज दिखाएगी करतब

महासमुंद/नवप्रदेश। रजत जयंती पर 5 नवंबर को नवा रायपुर का आसमान देशभक्ति और रोमांच से झूम उठेगा। भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम पहली बार रायपुर में अपने जांबाज पायलटों के साथ शानदार करतब दिखाने जा रही है। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रदेश के लिए गर्व की बात यह है कि महासमुंद जिले के अर्जुनी गांव के स्क्वाड्रन लीडर गौरव पटेल भी टीम का हिस्सा होंगे। इस मौके पर उन्होंने कहा- ये मेरा सौभाग्य हावय कि मैं अपन प्रदेश के धरती मा प्लेन उड़ाहूं। जानकारी के अनुसार इस एयर शो का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना जगाना और उन्हें भारतीय सशस्त्र बलों से जुड़ने की प्रेरणा देना है। 5 नवंबर को नवा रायपुर के सेंध जलाशय के ऊपर सूर्यकिरण और आकाश गंगा पैराशूट

पर टीम अपना शौर्य प्रदर्शन करेंगी। जिसके लिए रायपुर एयरपोर्ट पर फाइटर जेट्स पहुंचे। आज सुबह शौर्य प्रदर्शन की रिहर्सल हुई जिसे देखने के लिए भारी भीड़ जमा हुई। 5 नवंबर की सुबह 10 बजे से शुरू होने वाला मुख्य शो लगभग 40 मिनट तक चलेगा। इस दौरान 9 फाइटर जेट्स बॉम्ब बर्स्ट, हार्ट इन द स्काई और एरोहेड जैसे शानदार फॉर्मेशन बनाते हुए उड़ान भरेंगे। इन विमानों की दूरी मात्र 5 मीटर होती है, जो भारतीय वायुसेना की सटीकता और अनुशासन की मिसाल है।

गांव से आसमान तक का सफर पटेल के जुबानी

स्क्वाड्रन लीडर गौरव पटेल ने बताया कि मेरा सफर गांव से शुरू हुआ। मेरे पिता कमलकिशोर पटेल किसान हैं और मां गृहिणी। मेरे दादा श्याम कुमार पटेल एनसीसी में इंस्ट्रक्टर थे। उन्हे देखकर ही मुझे फौज में जाने की प्रेरणा मिली । सैनिक स्कूल एीवा में पढ़ाई करने के बाद मैने एनडीए की परीक्षा पास कर 2013 में भारतीय वायु सेना में फाइटर पायलट के रूप में भर्ती हुआ। आज जब मैं सूर्यकिरण टीम का हिस्सा बनकर अपने छत्तीसगढ़ की धरती पर उड़ने वाला हूं तो लगता है कि मेरी मेहनत सफल हुई और यह मेरे माता- पिता , दादा का आशीर्वाद है। ये मेरा सौभाग्य है कि मैं अपनी धरती पर अपने झंडे से सजे फाइटर प्लेन को खुद उड़ा रहा हूं।

सूर्यकिरण टीम भारत का आकाशीय गौरव

1996 में गठित सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम भारतीय वायुसेना की सटीकता, तकनीकी दक्षता और साहस का प्रतीक है। यह एशिया की एकमात्र नौ-विमान वाली एरोबेटिक टीम है, जिसने अब तक 700 से अधिक प्रदर्शन किए हैं। इस टीम ने यूके, सिंगापुर, श्रीलंका, संयुक्त अरब अमीरात और थाईलैंड जैसे देशों में भारत की शान बढ़ाई है।

पैदल चल रहे युवक को बाइक ने कुचला मौके पर मौत, बुझ गया इकलौता चिराग

राजिम/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक सवार ने पैदल चल रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बाइक सवार एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया, जबकि दूसरा युवक फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने युवक को हिरासत ले लिया है।

फिंगेश्वर-छुरा मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम बोरिद में सोमवार देर शाम एक युवक को बाइक ने टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि ग्राम बोरिद निवासी लेखराम सिन्हा (21 वर्ष) बीएससी द्वितीय वर्ष का छात्र था। वह सोमवार देर शाम घर के सामने मेन रोड पर टहल रहा था। तभी तेज रफ्तार से आ रही मोटरसाइकिल ने उसे पीछे से ठोकर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक उछलकर सड़क किनारे जा गिरा और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद आस-पास के लोगों की भीड़ जमा हो

गई। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी। घटना की सूचना पर 108 एंबुलेंस पहुंची। युवक को फिंगेश्वर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही फिंगेश्वर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मर्च्युरी भेज दिया गया।

घर का बुझ गया इकलौता चिराग

घटना के बाद मोटरसाइकिल पर सवार दो में से एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया, जबकि बाइक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है, वहीं फरार आरोपी की तलाश जारी है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

दो बाइक की आमने-सामने टक्कर, एक की मौत, पति-पत्नी, दो बच्चे घायल

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। नवापारा इलाके में दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे बाइक में सवार पति-पत्नी और उनके दो बच्चे घायल हो गए। हादसे में दोनों मोटरसाइकिल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसा सोंठ-परसदा गांव के पास दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई। परसदा निवासी मनीष तारक पिता अश्वनी तारक अपनी मोटरसाइकिल से नवापारा की ओर जा रहा था, जबकि भानसोज (आरंग) निवासी रामकुमार सिन्हा अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ दूसरी मोटरसाइकिल से नवापारा से अपने गांव लौट रहे थे। तभी परसदा और सोंठ के बीच यह घटना हो गई।

इलाज कराने लिए आए थे दम्पति

बताया जा रहा है कि रामकुमार सिन्हा कुर्रा के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज के लिए आए थे। वे शाम को घर लौट रहे थे। हादसा इतना भयानक था कि दोनों मोटरसाइकिल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में मनीष तारक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने एम्बुलेंस और पुलिस को सूचना दी। घायलों को एम्बुलेंस से नवापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्च्युरी भेज दिया गया है। मंगलवार को पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

विधायक संगीता सिन्हा ने किया काव्य संग्रह 'नयनतारा' का विमोचन

गुरुर/नवप्रदेश। आज दिनांक 04 नवम्बर 2025 को विधायक कार्यालय गुरुर में क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा के करकमलों द्वारा ग्राम परसुली निवासी साहित्यकार एवं शिक्षक श्री लीलाराम सिन्हा की द्वितीय कृति नयनतारा (काव्य संग्रह) का विमोचन किया गया।

इस अवसर पर विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा ने साहित्यकार श्री लीलाराम सिन्हा को बधाई देते हुए कहा साहित्य समाज की आत्मा है। रचनाकार अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को नई सोच और संवेदना प्रदान करते हैं। 'नयनतारा' जैसी कृति निश्चित रूप से पाठकों को नई दिशा देगी।

विधायक जी ने श्री सिन्हा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है।

साहित्यकार श्री लीलाराम सिन्हा ने इस अवसर पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा – ÷'नयनतारा' मेरे जीवन के अनुभवों और भावनाओं का संग्रह है। मेरा प्रयास रहेगा कि मेरी रचनाएँ समाज में सकारात्मक सोच का प्रसार करें।

कार्यक्रम में स्थानीय साहित्यकार, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

स्वच्छता एवं व्यसन मुक्ति अभियान के साथ मनाया गया राज्य स्थापना रजत जयंती उत्सव

■ लोक संस्कृति की झलकियों से गूंजा गांव

– सुवा, कर्मा और राउत नाचा ने मोहा मन

गुरुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ÷रजत जयंती उत्सव÷ एवं ÷देवउठनी एकादशी पर्व÷ के अवसर पर ग्राम ठेकवाडीह में अखिल विश्व गायत्री परिवार, श्रीराम युवा मंडल ठेकवाडीह, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता जनजागरूकता अभियान,

व्यसन मुक्ति रैली और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

प्रातःकाल गांव के युवाओं व युवतियों ने विद्यालय, सामुदायिक भवन, कला मंच एवं चौक-चौराहों में स्वच्छता अभियान चलाकर ÷स्वच्छ ग्राम, स्वस्थ ग्राम÷ का संदेश दिया। वहीं शाम को व्यसन मुक्ति रैली निकालकर ग्रामवासियों को नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया गया।

रात्रि में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में छत्तीसगढ़ महतारी की आरती कर श्रद्धा अर्पित की गई। तत्पश्चात ग्राम के बच्चों व युवाओं ने छत्तीसगढ़ी लोकगीतों पर सुवा नृत्य, कर्मा और राउत नाचा की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का दिल जीत लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गायत्री परिवार जिला समन्वयक बिशाल सिंह अठनागर, ब्लॉक समन्वयक धनसिंह गंजीर, जिला युवा प्रकोष्ठ समन्वयक दिलीप कुमार निर्मलकर, गायत्री शक्ति पीठ परिव्राजक बहुर सिंह साहू एवं हीरक मंडल समन्वयक हरिराम साहू रहे।

मुख्य अतिथियों ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहने, समाज में व्यसन मुक्त वातावरण निर्माण और छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम को सफल बनाने ग्रामीणों का विशेष योगदान

कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीराम युवा मंडल ठेकवाडीह के सदस्य चैतन्य साहू, जगमोहन साहू, निखिल कुमार, हर्ष कुमार, रूपेंद्र साहू, गोपी किशन, लेखराम, कुलदीप, दीपेश, गुलशन, रेखराम, सोनाली, कुमुदनी, डिंपल, लक्ष्मी, प्राची, मुस्कान, तेजस्वी, साक्षी, यामिनी, लेसिका, देविका, चेतना, जाह्नवी एवं ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में ग्राम विकास समिति अध्यक्ष मदन मोहन साहू, परिक्षेत्र साहू समाज अध्यक्ष दुलार साहू, ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष पूर्णोत्तम साहू, जगत राम साहू, उदय लाल साहू, केशव राम साहू, रविकांत देशमुख (जरूर), ईश्वर साहू, कन्हैया साहू, भीखू राम साहू, रिखी राम साहू, बिक्रम भंडारी, दुलार गंजीर, अर्जुन साहू, प्रवीण साहू, बिजलाल साहू, बालक राम ठाकुर, गैंदलाल ठाकुर, राम कन्हैया साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से शिक्षक- ममेरे भाई की मौत

■ नेशनल हाईवे 53 पर अल सुबह घने कोहरे से हादसा, एक गंभीर घायल

■ अंतिम संस्कार में शामिल होने एक बाइक पर रायगढ़ जा रहे थे तीनों

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में एक सड़क हादसे में एक शिक्षक और उनके ममेरे भाई की मौत हो गई। यह घटना सरायपाली के परसदा नाला के पास नेशनल हाईवे 53 पर घने कोहरे के कारण हुई है। हादसे में एक बालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर किया

गया है। मृतकों की पहचान रायगढ़ निवासी शिक्षक जयराम नागवंशी (32) और जशपुर के ओमप्रकाश नागवंशी (16) के रूप में हुई है। जयराम का छोटा भाई लिंगूराज नागवंशी (16) गंभीर रूप से घायल हुआ है। तीनों सोमवार रात करीब 10 बजे जगदलपुर के लोहंडीगुड़ा से रायगढ़ होते हुए घटगांव के लिए निकले थे। मंगलवार सुबह करीब 5 से 6 बजे के बीच महासमुंद जिले के सरायपाली स्थित परसदा नाला के पास नेशनल हाईवे 53 पर उनकी बाइक सीजी 13 ए ख्याई 6761 घने कोहरे के कारण सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई। इस दुर्घटना में जयराम नागवंशी और ओमप्रकाश नागवंशी की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और तीनों को सरायपाली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

चिकित्सकों ने लिंगूराज को प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए रायपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को घटना की जानकारी दी और शवों का पोस्टमार्टम कराकर उन्हें सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि तीनों एक परिजन के अंतिम संस्कार में शामिल होने रायगढ़ जा रहे थे।

नकली कफसिरप बेचने पर कार्रवाई, मेडिकल स्टोर का संचालक गिरफ्तार

राजिम/नवप्रदेश। खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ द्वारा नकली दवाओं की रोकथाम हेतु निरंतर निरीक्षण एवं सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में औषधि बेस्टो कॉफ ड्राई कॉफ फार्मूला जिसमें बैच नंबर, निर्माण तिथि एवं एक्सपायरी तिथि वर्णित नहीं था का नमूना संकलन औषधि निरीक्षक गरियाबंद द्वारा किया जाकर जांच हेतु औषधि परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया था। जिसे जांच उपरांत अमानक घोषित किया गया था।

इस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए औषधि के लेबल में लिखे गए निर्माता फर्म से संपर्क किया गया

जिसमे यह पता चला कि यह दवाई लेबल लिखित निर्माता फर्म के द्वारा बनाया ही नहीं गया है। जिससे दवाई के नकली होने की पुष्टि हुई है। इसकी विवेचना करते हुए कुलेश्वर मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स के संचालक सीताराम साहू को औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के प्रावधानों के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया है।

बता दे कि राजिम स्थित कुलेश्वर मेडिकल स्टोर में झोलाछाप डॉक्टरों को नियम विरुद्ध दवाएं सप्लाई किए जाने की शिकायत मिली थी। इसी आधार पर विभाग द्वारा मेडिकल का औचक निरीक्षण किया गया था। जांच के दौरान मेडिकल स्टोर से न केवल एक्सपायरी और नियर-एक्सपायरी दवाएं बरामद की गई, बल्कि नशीली दवाओं का भी बिना लाइसेंस स्टॉक मिला था।जिसके बाद जिला सहायक औषधि नियंत्रक के निर्देश पर कुलेश्वर मेडिकल स्टोर राजिम के लाइसेंस को निलंबित किया गया, निलंबन अवधि के दौरान मेडिकल स्टोर पूरी तरह से बंद था।

खेलकूद

बालक ,बालिका कबड्डी अपना प्रदर्शन दिखाते हुए विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी कलेक्टर व एसपी प्रदान किए

अंतिम छोर बोराई के खालसा बुड़रा में ग्रामीण-पुलिस-जन संबंध मजबूत करने खेलकूद

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के नक्सल क्षेत्र में नगरी विकासखंड के अंतिम छोर पर सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ग्रामीणों और पुलिस प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय एवं आपसी विश्वास स्थापित करने के उद्देश्य से विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित बोराई थाना क्षेत्र के आश्रित ग्राम खालसाबुड़रा में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं गांवों में ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर और एसपी का जोरदार मदरगीत बाजेगाजे के साथ स्वागत किया साथ अतिथि का गुलाल तिलक स्वागत अभिनंदन किया गया

इस कार्यक्रम में बालक एवं बालिका वर्ग के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण अंचल में आपसी सौहार्द, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित किया गया। जिसमे बालिका वर्ग में विजेता टीम बुड़रापारा बालक व में विजेता टीम कट्ठीगांव मरियामारी ने बाजी मारी

मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अविनाश मिश्रा ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। खेलकूद से शरीर स्वस्थ रहता है और व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने इस अवसर पर क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं –जैसे

सड़क, पुल-पुलिया निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने का आश्वासन भी दिया। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह ने युवाओं को नक्सलवाद जैसी भ्रामक विचारधाराओं से दूर रहकर शिक्षा और सकारात्मक सोच की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया। सेना में भर्ती होकर देश सेवा करने की बात कही उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन की असली शक्ति है, इससे ही समाज और देश का निर्माण होता है।÷

कार्यक्रम में वन विभाग डीएफओ कृष्ण जाधव, एडिशनल एसपी शैलेंद्र पांडे, एसडीओपी विपिन रंगारी, एसडीएम प्रीति दुर्गम,थाना प्रभारी बोराई, नरेन्द्र सिंह ठाकुर ,जनपद सीईओ, रोहित ,जनपद सदस्य सोनराज वटी,सरपंच बोराई माखन सलाम,राधा नेताम, गांव पटेल राजा राम पटेल,सहदेव वटी, गढ़ाराय नेताम ,नीरज मरकाम, डां यू एल कौशिक, सीएचमो धमतरी ,साथ सिविल अस्पताल बोराई कर्मचारी गण अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों के करकमलों से विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं सम्मान पत्र प्रदान किए गए। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह और उमंग का वातावरण रहा। देखने के बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थिति थे

कुंडेल धान संग्रहण केंद्र के कर्मचारी कर रहे धरना प्रदर्शन

पीएफकी राशि नहीं मिलने से नाराज हैं कर्मचारी

राजिम/नवप्रदेश। गरियाबन्द जिले के कुंडेल धान संग्रहण केंद्र के कर्मचारियों का प्रदर्शन देर रात तक जारी रहा। श्रमिक पिछले एक साल से भविष्य निधि (पीएफ) की राशि नहीं मिलने से नाराज हैं और ठेकेदार पर शोषण का आरोप लगा रहे हैं। सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी केंद्र परिसर में धरने पर बैठे रहे। उनका कहना है कि बार-बार आश्वासन के बावजूद पीएफ की राशि अब तक जमा नहीं की गई। इससे पहले भी इसी मांग को लेकर कर्मचारी प्रदर्शन कर चुके हैं। स्थिति को संभालने के लिए राजिम एसडीएम विशाल महाराणा, डीएमओ अमित चन्द्राकर, खाद्य अधिकारी और फिंगेश्वर पुलिस मौके पर पहुंचे और देर रात तक कर्मचारियों व ठेकेदार के बीच सुलह कराने की कोशिश करते रहे। वहीं ठेकेदार ने अधिकारियों के सामने दो दिन के भीतर पीएफ की राशि जमा करने की बात कही, लेकिन श्रमिकों और ठेकेदार के बीच समझौता नहीं हो पाया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक मांग पूरी नहीं होती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

सतिगुरू नानक प्रगटिआ

सिक्ख धर्म के प्रथम गुरू श्री गुरू नानक देव जी का आगमन 1469 ई. में पिता ''महिता कालू चंद जी'' तथा माता ''त्रिपताजी'' के घर तलवंडी ''राय भोंए'' नामक गांव में हुआ। उनके आगमन से ही सारा ''जग जगमगा'' उठा।

श्री गुरनानाक देव जी का प्रकाश मानव कल्याण के लिए ही हुआ था।

उस समय भारत ऐसा भूखंड था, जहां विदोशी हमलावारो के अत्याचारो से लोग जिंदगी के पल गिन गिन कर काट रहे थे। इस हमले में स्त्रियों की दुर्दशा होती जा रही थी। धर्म तथा ईमान कुछ भी नहीं था। बाबा नानक जी को यह भी चिंता थी कि भारतीय समाज के टुकड़े टुकड़े ना हो जाये।

''नानक दुखिया सब संसार''

इस संसार मे सभी प्राणी दुखी थे। चारो ओर हाहाकार मचा हुआ था। ''जो जो दीसै सो सो रोगी''

अर्थात जो भी दिखाई देता है वह रोगी है। रोग कैसे मुक्त हो सकता है। इसका समाधान श्री गुरूनानक देव जी ने समझाया।

''सुणिये दुख पाप का नास'' अर्थात परमात्मा का नाम लेने और सुनने से दुख दूर हो जाते है।

श्री गुरूनानक देव जी हमेशा अकाल पुरख की बदंगी करने पर जोर देते रहे। उन्होनें मेहनत की कमाई पर जोर दिया।

'' किरत करो, नाम जपो, वंड छकों''

इसी मे मानव जीवन मूल्यवान बनता है।

श्री गुरूनानक देव जी जहां भी गये उन्होनें पवित्र जीवन जीने को कहा। मनुष्य के अपने कर्मो का फ्ल भी उन्हीं के अनुसार मिलता है। इसलिए श्री गुरूनानक देव जी ने बार बार जाप पर बल देते रहें।

बाबा नानक का संदेश था - ''दुख मे ही क्यों सुख मे भी प्रभु के नाम का जाप करना चाहिए'' सच्ची शांति केवल ईश्वर के चरणों में मन लगाने से ही प्राप्त होती है।

हिन्दू और मुस्लमान के अंतर को मिटाने के लिए श्री गुरू नानक देव जी ने ''ना हम हिन्दू ना मुस्लमान'' का संदेश दिया। उन्होनें अपने आपको पूरी तरह से परमात्मा के आगे समर्पित कर दिया था।

करतारपुर में अपने ही हाथों से अपने खेतों में कृषि करते रहे। तेरा तेरा के मीठे बोलो से गरीब, दीन, दुखियों मे अनाज बांटते रहे और लगंर की प्रथा चलाई इस धरती को बाबा नानक ने ही सींचा।

बाबा नानक जी एक दिन वन पर्वतों की यात्रा करते हुए दीन दुखियों, दर्द मंदों का दुख दूर करने पैदल निकल पड़े। भाई मरदाना जी धर्म प्रचार के लिए की गइ यात्राओं में छाया की तरह श्री गुरू नानक देव जी के साथ ही रहते थे।

गर्मो का मौसम था, भाई मरदाना जी को बहुत प्यास लगी। आस पास कहीं दूर दूर तक पानी नहीं दिखाई दे रहा था। बाबा नानक जी ने पहाड़ी की चोटी पर नजर डाली और मरदाना जी को कहा इस पहाड़ी पर वली कंधारी नाम का एक वीर रहता है। उस कुटियां मे जाओं और वहां जाकर पानी पी आओं।

भाई मरदाना जी पहाड़ी की चोटी पर पहुंचे और वली कंधारी से कहा मुझे प्यास लगी है कृपया अपने चश्में से थोड़ा पानी पीने के लिए दे दो।

वली कंधारी ने कहा तुम कौन हो यहां कैसे आये?

मेरा नाम मरदाना है, मै श्री गुरूनानक देव जी का साथी हूं। गुरू जी ने मुझे यहां पानी के लिए भेजा है।

वली कंधारी ने कहा अगर तुम्हारे गुरू में इतनी शक्ति है तो क्या वह तुम्हें पानी नहीं पिला सकता? तुम्हारा गुरू स्वयं मेरे पास चलकर आये और मेरी अधीनता स्वीकार कर ले तो मैं तुम्हें पानी पिला दूंगा।

भाई मरदाना जी को कंधारी की बातें अच्छी नहीं लगी। बिना पानी पिये आ गये। श्री गुरू नानक देव जी ने दुबारा भेजा, फ्रि भी वली कंधारी ने पानी ना दिया, और मरदाना जी वापिस आ गये।

बाबा नानक ने कहा ''मरदानिया'' इस पत्थर को उठाओं ज्यों ही भाई मरदाना जी ने वह पत्थर उठाया, पानी का चश्मा फुट पड़ा और स्वच्छ जल की धारा बहने लगी। फ्रि मरदाना जी ने खूब पानी पिया और न जाने कितने थके मंदे पथिकों ने प्यास बुझाई।

कुछ देर बार वली कंधारी को प्यास लगी। वह चश्में के पास पानी पीने आया तो देखा उसके चश्में का पानी समाप्त हो चुका है। उसने पहाड़ी के नीचे झांक कर देखा कि ''बाबा नानक'' और भाई ''मरदाना जी'' पहाड़ी के दामन बैठे नए फुटे चश्में की लहरों का आनन्द ले रहे है।

यह दृश्य देख कंधारी आग बबूला हो गया। उसने बड़ा सा पत्थर दोनों के उपर फेंका बाबा नानक जी ने पत्थर को अपनी ओर आता देख अपना दायां हाथ पत्थर को रोकने के लिए बढ़ाया। पत्थर रूक गया और बाबा नानक जी के हाथ का पंजा उस पत्थर पर अंकित हो गया।

अब वली कंधारी को बाबा नानक जी की शक्ति का एहसास हुआ और उसकी अपनी शक्ति का अहंकार जाता रहा। विनम्र होकर गुरू जी के चरणों में आ गिरा।

बाबा नानक जी ने कहा तुम तो एक महान तपस्वी हो। प्रभु का नाम जपने वाले को अहंकार शोभा नहीं देता। प्यासे को पानी पिलाना तो सबसे बड़ी सेवा है। बाबा नानक ने अभिमान छोड़कर परमात्मा की भक्ति का उपदेश दिया।

श्री गुरू नानक देव जी के हाथ का पंजा पत्थर पर आज भी लगा हुआ है। जहां आज गुरूद्वारा ''पंजा साहिब'' (पाकिस्तान) सुशोभित हैं

''वाहिगुरू जी का खालसा
वाहिगुरू जी की फ्तहि''

- मनजीत कौर पसरीजा

गुरु नानक जयंती पर जाएं इन प्रसिद्ध सिख धर्म स्थलों पर

गुरु नानक जयंती सिख धर्म का सबसे बड़ा और पवित्र पर्व है। यह दिन केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि सत्य, करुणा, समानता और सेवा के मूल्यों की याद दिलाता है। 2025 में गुरु नानक जयंती का पर्व पूरे देश में 5 नवंबर को बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। अगर आप इस खास मौके पर गुरुद्वारे में माथा टेकने या किसी सिख तीर्थस्थल की यात्रा करने की सोच रहे हैं तो आइए जानते हैं देश के कुछ प्रमुख गुरुद्वारों के बारे में, जहां गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं की गूंज आज भी सुनाई देती है।

गुरु नानक जयंती का पर्व केवल पूजा या पर्व नहीं, यह आत्मा को शुद्ध करने का अवसर है। अगर आप इस दिन किसी पवित्र स्थल पर माथा टेकते हैं, तो यह केवल दर्शन नहीं, बल्कि ÷सेवा और सच्चाई÷ के मार्ग पर चलने का संकल्प है। तो इस गुरु पर्व पर किसी गुरुद्वारे जरूर जाएं। भले वह पास का हो या किसी ऐतिहासिक स्थल का, क्योंकि गुरु नानक जी की कृपा वहीं बरसती है, जहां मन में सच्ची श्रद्धा होती है।

स्वर्ण मंदिर (हरमंदिर साहिब), अमृतसर- सिख धर्म का सबसे पवित्र स्थल – अमृतसर का स्वर्ण मंदिर। सुनहरे गुंबद, शांत सरोवर और नित-निमित्त चलने वाला लंगर यहां के आध्यात्मिक वातावरण को अनोखा बना देते हैं। गुरु नानक जयंती पर मंदिर हजारों दीपों से जगमगाता है, और श्रद्धालुओं की भीड़ यहां उमड़ पड़ती है। यहां की लाइटिंग, कीर्तन और 24 घंटे लंगर सेवा खास है।

गुरुद्वारा ननकाना साहिब (पाकिस्तान)- यह स्थान वही है जहां गुरु नानक देव जी का जन्म हुआ था। हालांकि यह अब पाकिस्तान में है, फ्रि भी हर सिख के लिए यह स्थान आस्था का केंद्र है। हर साल यहां विशेष नगर कीर्तन और अखंड पाठ आयोजित किया जाता है। गुरु नानक जी की जन्मस्थली, प्राचीन स्मारक और ऐतिहासिक संग्रहालय देखें।

गुरुद्वारा बंगला साहिब - दिल्ली के बीचोबीच स्थित यह गुरुद्वारा अपनी शांति और भक्ति के लिए प्रसिद्ध है। यहां आने वाले हर श्रद्धालु को लंगर का प्रसाद और ÷सेवा का भाव÷ मिलना तय है। यहां का सरोवर, कीर्तन, और 24 घंटे खुला रहने वाला लंगर दर्शनीय योग्य हैं।

पटना साहिब - यह वह पवित्र स्थान है जहां गुरु गोविंद सिंह जी का जन्म हुआ था, पर यहां गुरु नानक देव जी के चरण भी पड़े थे। नवंबर के महीने में यहां का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो जाता है। गुरु नानक जयंती पर शोभा यात्रा और विशेष आरती में जरूर शामिल हों।



राजद–कांग्रेस आई, तो रंगदारी और कट्टा ही देखने को मिलेगा

❒ जनता एनडीए के विकास के साथ खड़ी है

पटना (आईएएनएस)। बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने महागठबंधन पर निशाना साधते हुए राजद-कांग्रेस की सत्ता को 'रंगदारी' और 'कट्टा' करार दिया है। भाजपा सांसद ने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव से लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तक सभी महिला विरोधी हैं। पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान ठाकुर ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अगर राजद-कांग्रेस की सरकार आ गई, तो यहां सिर्फ रंगदारी और कट्टा ही देखने को मिलेगा। लेकिन बिहार की जनता कभी ऐसा नहीं होने देगी। जनता एनडीए के विकास के साथ। पूरे बिहार में एक ही आवाज गूंज रही है 'रफ्तार पकड़ चुका बिहार, फिर एक बार एनडीए सरकार।'

शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम हो रहा

ठाकुर ने कहा कि बिहार के हर गांव में सड़कें बन रही हैं, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम हो रहा है। अब नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने महिलाओं के बैंक खातों में 10,000 रुपए ट्रांसफर करना भी शुरू कर दिया है। लेकिन, महागठबंधन के लोग इसका विरोध कर रहे हैं, उन्हें बर्दाश्त नहीं हो रहा है कि महिलाओं का सम्मान किया जाए। भाजपा सांसद ने महागठबंधन के नेताओं द्वारा चुनाव आयोग से इस 10,000 रुपए के लाभ को रोकने की मांग का जिक्र करते हुए तंज कसा।

नेपाल के रिश्तेदार, बंगाल की नौकरी और बिहार का पता...

पटना/किशनगंज/अररिया। 'यह एक ऐसा जिला है जहां कई परिवार तीन हकीकतों में उलझे रहते हैं– नेपाल के रिश्तेदार, बंगाल की नौकरी और बिहार का पता। दस्तावेज अक्सर बिखरे हुए होते हैं। इस साल जब बीएलओ और अधिकारियों ने अतिरिक्त सत्यापन शुरू किया, तो जानकारी से ज़्यादा अफ़वाहें फैलीं। इस बार किसी का नाम कट गया तो–गलगलिया में बार-बार यही वाक्य सुनाई देता था। लेकिन खुदा का शुक्र है कि कुछ बुरा नहीं हुआ।' गलगलिया में एक जूते की दुकान चलाने वाले मोहम्मद इस्लामुद्दीन (55) ने बताया।

स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि बिहार में मतदाता सूची के भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्ढक्र) में किशनगंज या अररिया में एक भी विदेशी मतदाता नहीं मिला। किशनगंज के एक ओर नेपाल है, तथा दूसरी ओर उत्तर बंगाल का चाय क्षेत्र है, तथा अररिया की सीमा नेपाल से लगती है। ऐसा माना जा रहा था कि नेपाल और बांग्लादेश से आए कुछ लोग इन दोनों जिलों की मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने में सफल हो गए होंगे।

अररिया में नहीं मिले विदेशी वोटर

अररिया के जिला मजिस्ट्रेट अनिल कुमार ने भी कहा कि मतदाता सूची में किसी भी विदेशी मूल के व्यक्ति का नाम नहीं है। उन्होंने कहा, 'हमने लगभग 1.4 लाख मतदाताओं के नाम अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत (एएसडी)' कॉलम से हटा दिए हैं और सभी राजनीतिक दलों को इसकी पूरी जानकारी दे दी गई है।'

किशनगंज जिले के गलगलिया ब्लॉक की ग्राम प्रधान अनुपमा ठाकुर ने बताया कि विदेशी नागरिकों के मतदाता सूची में शामिल होने और चुनावों को प्रभावित करने का मुद्दा बेवजह तूल दिया गया।

सतर्कता का डर नहीं, नौकरशाही का डर

निवासी सतर्कता का विरोध नहीं करते - लेकिन नौकरशाही की प्रतिक्रिया से डरते हैं। अनुपमा ठाकुर ने कहा कि जब सीमा पर जांच होती है तो व्यापार प्रभावित होता है। ठाकुरगंज निवासी बच्च राज (35) ने कहा कि लोगों की मांग सीधी-सी है: सुरक्षा को दक्षता के साथ जोड़ें। 'हर बार जब बाड़ के उस पार कोई डर हो, तो व्यापार बंद न करें। और, अनावश्यक सांप्रदायिक दहशत न फैलाएं। SIR को लेकर बहुत ज्यादा प्रचार किया गया था।'

किशनगंज में नहीं मिला एक भी विदेशी वोटर

लेकिन किशनगंज के जिला मजिस्ट्रेट विशाल राज ने कहा कि एसआईआर के दौरान, संदिग्ध विदेशी मूल का कोई भी मतदाता नहीं मिला। उन्होंने कहा, 'हमने कुछ मतदाताओं को संदिग्ध निवास के आधार पर नोटिस जारी किए। उनसे अपनी नागरिकता साबित करने के लिए वैध दस्तावेज दिखाने को कहा गया और उन्होंने संबंधित अधिकारियों के सामने अपने दस्तावेज पेश भी किए।'

उन्होंने आगे बताया कि नेपाल से आई कुछ नवविवाहित दुल्हनों को छोड़कर, उनके इलाके में सभी के पास वैध पहचान पत्र थे। ठाकुरगंज विधानसभा क्षेत्र में स्ढ्ढक्र कोई मुद्दा नहीं है क्योंकि गलगलिया जैसे ब्लॉक सिर्फ सीमावर्ती भूगोल ही नहीं, बल्कि सीमावर्ती अर्थव्यवस्था भी हैं। ट्रक, मिनी-टेम्पो, पिक-अप वैन, बाइक–इस पट्टी में आवाजाही कोई दिखावटी काम नहीं है। यह रोजी-रोटी का सवाल है।

किशनगंज की समस्या समझिए

समस्या का एक कारण यह है कि किशनगंज के कई लोग उत्तर बंगाल के चाय बागानों में काम करते हैं। किशनगंज के एक चाय की दुकान चलाने वाले मोहम्मद हाफिज़ (45) ने कहा, 'युवाओं, खासकर डिप्लोमा धारकों और इंटरमीडिएट पास लड़कों के लिए, स्थानीय श्रम बाजार पहाड़ों के साथ सिकुड़ता जा रहा है। यहां नौकरी कोई नारा नहीं है। नौकरी सचमुच सीमा के खुले या बंद होने के बीच का अंतर है।'

किशनगंज में बाढ़ बड़ा मुद्दा

किशनगंज के एक पुस्तक विक्रेता मोहम्मद मिंतुल्लाह ने कहा, पूरे किशनगंज जिले में एसआईआर से भी अधिक गंभीर मुद्दे हैं। महानंदा और कनकई (नदियां) बार-बार हमारी छोटी-छोटी सड़कों को नुकसान पहुंचाती रही हैं, तटबंधों को निगलती रही हैं और हमारी नसों को झकझोरती रही हैं। हर मानसून में, ठाकुरगंज और पोठिया ब्लॉक में यही दहशत फैल जाती है।

यहां के ग्रामीण बड़ी परियोजनाओं की मांग भी नहीं कर रहे हैं। वे पानी बढ़ने से पहले बाढ़ निरोधक काम की मांग कर रहे हैं, जैसे पत्थर गाड़ना, बांधों को मजबूत करना, दरारों को रोकना। उन्होंने कहा कि यहां के लोग चाहते हैं कि सरकार तटबंधों पर अभी काम करे, न कि नतीजों के बाद।

राजद-कांग्रेस ने गरीबों के हक पर डकैती डाली

गरीबों के हक पर डकैती डालने वाला, पशुओं का चारा डकारने वाले ये लोग कभी बिहार का हित नहीं कर सकते

पटना(आईएएनएस)। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार के अंतिम दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समस्तीपुर के मोहिउद्दीननगर में विपक्ष पर ऐसा तीखा प्रहार किया कि सभा में 'जय श्री राम' के नारे गूंज उठे। बीजेपी प्रत्याशी राजेश कुमार सिंह के समर्थन में आयोजित जनसभा में सीएम योगी ने राजद-कांग्रेस गठबंधन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि गरीबों के हक पर डकैती डालने वाला, पशुओं का चारा डकारने वाले ये लोग कभी बिहार का हित नहीं कर सकते। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जब बिहार में कांग्रेस और राजद की सरकारें थीं, तब सड़क और बिजली नहीं थी। गरीब के पास मकान, शौचालय और राशन नहीं था। उन्होंने बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि यह गरीबों को क्या राशन देते, क्योंकि वे खुद पशुओं का चारा खा गए। उन्होंने राम मंदिर के विषय पर भी राजद-कांग्रेस पर तीखा हमला किया। कांग्रेस-राजद के लोग रामद्रोही हैं। इन पार्टियों ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को रोकने का पाप किया था। राजद ने राम मंदिर के लिए निकली रथयात्रा को रोका था। कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में भगवान राम को काल्पनिक बताया।

न लालू प्रसाद का बेटा मुख्यमंत्री बनेगा, न सोनिया गांधी का बेटा प्रधानमंत्री : अमित शाह

दरभंगा(आईएएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लालू प्रसाद और सोनिया गांधी का नाम लेते हुए 'परिवारवाद' पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जो नेता अपने बेटा-बेटी को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, वे युवा, गरीबों, किसानों और जीविका दीदी की चिंता नहीं कर सकते हैं। दरभंगा के जाले विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, "लालू-राबड़ी अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं और सोनिया गांधी अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं।

मैं दोनों को कहना चाहता हूं कि न लालू-राबड़ी का बेटा मुख्यमंत्री बनेगा, न सोनिया गांधी का बेटा प्रधानमंत्री।"उन्होंने आगे कहा, "बिहार में नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने हुए हैं और दिल्ली में नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री बने हुए हैं। इन लोगों के लिए कुर्सी खाली नहीं है। दोनों जगह कोई वैकेंसी खाली नहीं है।""जो नेता अपने बेटा-बेटी को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, क्या वे जाले के युवाओं की चिंता कर सकते हैं? क्या वे जीविका दीदी, किसान, गरीब और मछुआरा की चिंता कर सकते हैं? इन सभी लोगों की चिंता सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार कर सकते हैं।"

सीएम कौन होगा, बांग्लादेश के लोग तय नहीं कर सकते

अमित शाह ने राहुल गांधी की 'बिहार यात्रा' पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, ~~जाले में राहुल गांधी ने 'घुसपैठिया बचाओ' यात्रा निकाली। मैं कहना चाहता हूं कि देश में जितनी भी 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' निकालनी है, निकाल लो, हम घुसपैठियों को देश से बाहर निकालने का काम करेंगे। बिहार का मुख्यमंत्री कौन होगा, ये सिर्फ यहां के लोग तय कर सकते हैं, बांग्लादेश के लोग तय नहीं कर सकते हैं।

बिहार में बने गोले से देंगे पाकिस्तान को जवाब: अमित शाह

अमित शाह ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने निर्दोष लोगों को मार दिया। मोदी जी ने आपरेशन सिंदूर करके आतंकवादियों का सफाया किया। बिहार में बने तोप के गोले से आतंकवादियों को जवाब देने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार बनने के बाद किसानों को छह की जगह नौ हजार रुपये दिए जाएंगे। दरभंगा समेत चार एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय बनाने का काम किया जाएगा। एक करोड़ 17 लाख माताओं को उज्जवला योजना का सिलेंडर देने का काम किया है। बिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना की है। 36 हजार करोड़ से कोसी के पानी को किसानों के खेत तक पहुंचाएंगे।

बिहार में एक नहीं बल्कि 4 डिप्टी सीएम होंगे

पटना/ए.। आज यानी 4 नवंबर को बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले फेज के लिए चुनाव प्रचार शाम 5 बजे से थम जाएगा। इसके बाद बारी वोटरों की होगी जो 6 नवंबर को अपनी ताकत ईवीएम के जरिए दिखाएंगे। लेकिन उससे पहले ही तेजस्वी यादव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नए वादों की झड़ी लगा दी है।

तेजस्वी यादव ने कहा है कि अगर महागठबंधन सरकार बनी तो पिछड़ी और अतिपिछड़ी जाति से भी एक-एक डिप्टी सीएम बनेंगे। तेजस्वी यादव की माने तो महागठबंधन सरकार आने पर बिहार इस बार 4 डिप्टी सीएम देखेगा।

नाम–परिवर्तन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं तेजेन्द्र कुमार पिता स्व. देव लाल पता ग्राम ओड़ारसकरी तह. अर्जुन्दा जिला बालोद (छ.ग) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपने पुत्र का पुराना नाम ऐश्वर्य खुटेल (AISHWARYA KHUTEL) त्याग कर नया नाम उत्कर्ष खुटेल (UTKARSH KHUTEL) रख लिया हूं । अत: आज से मेरे पुत्र के समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नया नाम उत्कर्ष खुटेल (UTKARSH KHUTEL) के नाम से ही जाना व पहचाना जावे।

रोहित देवांगन
अधिवक्ता–जिला न्यायालय
दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9300602516

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा–पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम भास्कर प्रसाद | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202510100400398/अ-2/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका भास्कर प्रसाद आ./पति श्यामलाल निवासी सेक्टर- भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तह. व जिला दुर्ग	704/2	0.0200 हें वर्गफीट 2400	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **मैं डीगेश्वरी साहू पति अजय कुमार साहू निवासी वार्ड नं 14 बचेली दंतेवाड़ा छत्तीसगढ़**

यह शपथ करती हूं कि, मैने अपना पुराना नाम त्याग कर नया नाम डीगेश्वरी साहू पति अजय कुमार साहू रख लिया है अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम डीगेश्वरी साहू पति अजय कुमार साहू से जाना पहचाना जावे।

डीगेश्वरी साहू
पता - वार्ड नं 14
बचेली दंतेवाड़ा
छत्तीसगढ़

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)
// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री तेजराम साहू पिता रामजी निवासी ग्राम गाडाडीह तहसील देवकर जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की ग्राम गाडाडीह प.ह.नं. 26 तहसील देवकर स्थित भूमि ख.नं. 479/17 रकबा 0.02 हेक्ट. भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित करने बी-1, नक्शा-खसरा मय आवेदन पेश किया गया है। जिसे संहिता की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित किया जाना है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर-दावा हो तो दिनांक 7/11/25 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31/10/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), साजा, जिला - बेमेतरा

न्यायालय नायब तहसीलदार राजिम जिला गरियाबंद (छ.ग.)
ईश्तहार

ग्राम रवेली वर्ष-2024-2025
कमांक/Q/ वाचक / ना.तह. / 2025
राजिम, दिनांक 8/10/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक खोरबाहराराम निवासी ग्राम रवेली तहसील राजिम जिला गरियाबंद द्वारा अपने माता सुकारे का मृत्यु दिनांक 25/08/2000 को होना बताया गया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / सर्वसाधारण को कोई आपत्ति या उजर दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 17/11/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। पश्चात् प्राप्त आपत्ति या उजर दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 8/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 8/10/2025

मुहर — नायब तहसीलदार, राजिम (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अण्डा सर्कल जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202505101012000019 /अ-6अ/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र. कं.. 2024-25 आवेदक देवेन्द्र कुमार पिता कमलराम निवासी म.नं.- 284, वार्ड नंत्र 17 ग्राम व पोष्ट आलबरस, तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा मौजा ग्राम आमटी प.ह.नं. 30 रा.नि.म. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित खसरा नंबर 77 रकबा 0.33 हे. भूमि को आवेदक के पिता श्री कमल राम के द्वारा पंजीकृत बैनामा दिनांक 16.09.1999 अपने पुत्र ना.बा. पुत्र दनेश्वर (घरेलूनाम) उर्फ देवेन्द्र कुमार आ. कमल राम जाति राउत के नाम से विक्रेता भानूराम पिता मेहत्तर जाति मरार साकिन आमटी तहसील व जिला दुर्ग के कय किया गया है। जिसका प्रमाणिकरण क्रमांक 114 आदेश दिनांक 17.01.2000 को प्रमाणिकरण किया जा चुका है। उक्त आवेदित भूमि के राजस्व अभिलेख में आवेदक देवेन्द्र कुमार का घरेलू नाम दनेश्वर दर्ज हो गया है। आवेदक के समस्त दस्तावेजों में आवेदक का सही व वास्तविक नाम देवेन्द्र कुमार दर्ज है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदक का नाम ना.बा. रूप से दर्ज है। जो कि भूमि क्रय करते समय आवेदक ना.बा. अवस्था में था। वर्तमान में बालिग अवस्था में आने पर घरेलू नाम दनेश्वर को सुधार कर अपना सही नाम देवेन्द्र कुमार बालिग अवस्था में दर्ज कर त्रुटि सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 14.11.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 31.10.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा–पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम बालमुकुंद साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202510100400346/अ-2/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका बालमुकुंद साहू आ./पति गैंदलाल साहू निवासी मडोदा भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 52 तह. व जिला दुर्ग	997/15	0.0104 हें वर्गफीट 1125	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा–पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम मीनाक्षी साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202510100400360/अ-2/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका मीनाक्षी साहू आ./पति नंदकिशोर साहू निवासी मंडल पारा भाटागांव द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 52 तह. व जिला दुर्ग	997/14	0.0104 हें वर्गफीट 1125	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202510102700016 /ब-121/वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक प्रहलाद देवांगन आत्मज बुधुराम, निवासी वॉर्ड नंबर-58 सांई नगर उरला दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा अपनी पत्नी सेवती बाई का मृत्यु दिनांक 22/11/1987 को स्थान ग्राम बोरी, तहसील बोरी में मृत्यु हुआ है। मृत्यु का पंजीयन किसी भी स्थान या जिले में पंजीयन नहीं कराया गया है। अतः संबंधित विभाग में जन्म/मृत्यु का पंजीयन करने हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म/मृत्यु) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13 (3) सहपठित छ.ग. जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के कंडिका 9(3) के अंतर्गत आदेश देने हेतु आवेदन पत्र मय शपथपत्र, पंचायत प्रमाण पत्र, पटवारी प्रतिवेदन, जिला सांख्यिकीय कार्यालय से अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, थाना रिपोर्ट की कॉपी सहित संलग्न कर इस न्यायालय के समक्ष निवेदन किया गया है, जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक प्रहलाद देवांगन की पत्नी सेवती बाई का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आदेश जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/ दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 12.11.2025 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202510103800006/अ-20(3)/वर्ष 25-26

मामले की श्रेणी–राजस्व

दुर्ग प.ह.न. 00019 हे.
पक्षकारों का विवरणः आवेदक पक्षकार- कुसुमलता साहू/ अनावेदक पक्षकार : छ.ग. शासन

ईश्तहार

आवेदिका कुसुमलता साहू पति पवन कुमार साहू निवासी 11 ए भिलाई के आवेदन अनुसार दुर्ग स्थित नजूल स्थित भूमि शीट क्रमांक 28 डी, प्लाट नंबर 98/2 रकबा 211.50 वर्गमीटर भूमि अनुराधा पारख पति दिलीप पारख के नाम नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा ऋण राशि का भुगतान यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को समयावधि में नही करने के कारण सार्वजनिक नीलामी सरफयसी एक्ट 2002 के तहत् अधिकृत अधिकारी समीर होता पिता बालाराम होता निवासी संबलपुर ओडिसा द्वारा पंजीकृत बयनामा दिनांक 07.10.2025 आवेदिका के पक्ष में निष्पादित किया गया है। उक्त आधार पर नामांतरण करते हुए स्वयं का नाम दर्ज किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 13.11.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवष्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा कराया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप। आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी।

यह ईमतहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.10.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला–रायपुर (छ.ग.)

क्रं. / 63 / न.पा.नि./ जलप्रदाय शाखा/2025-26 बीरगांव, दिनांक 31/10/2025

मैन्यूअल पद्धति वार्षिक निविदा आमंत्रण सूचना 2025–26

निकाय की जलप्रदाय शाखा हेतु सबमर्सिबल पंप / मोटर मरम्मत कार्य (सामग्री एवं लेबर सहित) बाबत् निविदा प्रपत्र "बी" में पात्र फर्मो से मुहरबंद निविदाएं तीन लिफाफा पद्धति में स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्री डॉक से आमंत्रित हैं। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 14.11.2025 अपरान्ह 3.00 बजे तक। निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 17.11.2025 सायं 5.00 बजे तक। निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि 24.11.2025 अपरान्ह 3.00 बजे तक। प्राप्त निविदाओं को खोलने की तिथि 24.11.2025 सायं 4.00 बजे।

क्रं.	कार्य क्षेत्र	अनुमानित लागत राशि (लाख रू. में)
1	वार्ड 16 से 19 (उरकुरा)	3.50

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से तथा साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट www.nagarnigambirgaon.com अथवा संचालनालय की बेबसाईट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

आयुक्त

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 7543/ लो.क.वि/न.पा.नि./2025 रायगढ़, दिनांक 04/11/25

।। निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिक निगम, रायगढ़ क्षेत्रांतर्गत अधोसरंचना मद से निम्नलिखित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "अ" में पी. डब्ल्यू डी. एसओआर दिनांक 01.01.2015 प्रचलित से दिनांक 05-12-25 तक अपरान्ह 04:00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 05-12-25 को अपरान्ह 04:30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी। विस्तृत जानकारी नगर पालिक निगम, रायगढ़ कार्यालय एवं वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com /uad.cg.gov.in से का अवलोकन व डाउनलोड कर सकते हैं।

क्र.	कार्य का नाम	कार्य की लागत (लाख में) / अमानत राशि
1	वार्ड क्र. 31 षड़गी घर से नाला तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	9.26/7000.00
2	वार्ड क्र. 32 नासिर घर से विधयान महराज घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	9.62/7300.00
3	वार्ड क्र. 33 भुरूवा खुटे से अंजना रात्रे तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य ।	8.06/6100.00
4	वार्ड क्र. 35 उषा तिवारी घर से स्वास्थ्य केन्द्र नाला तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	6.40/5000.00
5	वार्ड क्र. 35 दीपक साहा घर से नाला से नटवर चौहान घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	8.00/6000.00
6	वार्ड क्र. 37 राजा ठाकुर घर से नाला तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	5.02/5000.00
7	वार्ड क्र. 37 राजा ठाकुर घर से शिव मंदिर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	5.02/5000.00
8	वार्ड क्र. 45 यशवंत गुप्ता घर से राजस्थानी होटल तक सी.सी. सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	7.70/5800.00
9	वार्ड क्र. 47 स्कुल पारा में बैशाखु दुकान से सेवकराम मालाकार घर तक सी. सी. सड़क निर्माण कार्य।	8.85/6700.00

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि., रायगढ़

कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक–8

मैनुवल पद्धति से तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 35/लो.क.वि./न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025 रायपुर, दिनांक 04/11/2025

नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक 8 अंतर्गत निम्नांकित प्रस्तावित कार्यों के लिए सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों / पंजीकृत किराया भण्डार/फर्मों से आयटम दर/पी.डब्ल्यू.डी. रोड/भवन एस.ओ.आर. 2015/पी.एच.ई. एस.ओ.आर. 2020 अद्यतन संशोधित दर पर त्री लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवश्यक निर्धारित दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि -**10/11/2025 दिन सोमवार** सायं 5:00 बजे तक। अपूर्ण दस्तावेज का आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।
2. दस्तावेज निरिक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि- **11/11/2025 दिन मंगलवार**
3. जोन आयुक्त, कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक- 8 मोहबा बाजार रायपुर (छ.ग.) में त्री लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि-**14/11/2025 दिन शुक्रवार** सायः 5:30 तक।
4. प्राप्त समस्त पात्र निविदाएं दिनांक **17/11/2025 दिन सोमवार** को प्रातः 12:00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। अपरिहार्य कारणों निर्धारित तिथि पर निविदा नहीं खुलने पर आगामी तिथि निर्धारित की जावेगी कार्य का विवरण निम्नानुसार है-

क्र.	कार्य का नाम	आगणित राशि लाख में	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	निविदाकार की श्रेणी	समया वधि	एस.ओ. आर.	फार्म का प्रकार
1	जोन क्र -08 अंतर्गत टाटीबंध एम्स जलागार में स्लूईस वाल्व प्रदाय कर लगाए जाने का कार्य। **(जल संकट मद)**	5.74	5000.00	750.00	Class-D & above	04 माह	P.H.E.S.O.R 2020 On Amendment S.O.R. No. 07/2022-23	A

निविदा की शर्तें:-

1. निविदा के दस्तावेज बंद लिफाफा में रजिस्टर्ड पोस्ट / स्पीड पोस्ट से प्राप्त किया जायेगा। 2. ई पंजीयन प्रमाणपत्र (जीवित), 3. बैंक साल्वेंशी, 4. बैंक पासबुक की छायाप्रति। 5. GST प्रमाण पत्र एवं GST Return (3B) (विगत 3 माह) 6. आयकर रिटर्न (विगत 3 वर्ष) तथा 100 रु का स्टाम्प पेपर निविदा जारी होने की तिथि के पश्चात् का शपथ पत्र होना अनिवार्य है। 7. निविदा जारी होने के पश्चात् से प्रत्येक कार्य के लिए पृथक-पृथक एफ.डी.आर. मूल एवं छायाप्रति प्रस्तुत होना आवश्यक है तथा जो एफ.डी. आर. जीवित होना आवश्यक है। 8. त्री लिफाफा पद्धति में निविदा प्राप्त नहीं होने पर निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।
2. टीप:- अन्य निविदा की शर्तें एवं जानकारियां कार्यालयीन समय व दिवस में कार्यालय जोन क्र. 8 में अवलोकन किया जा सकता है।
3. निविदा में किसी भी विवाद की स्थिति में सक्षम अधिकारी का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

घरो से निकालने वाले सूखा और गीला कचरे को सपई मित्र (वाहन) को देखें।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-08
नगर पालिक निगम रायपुर

वन विभाग ने खेत में गिरे हाथियों का किया सफलतापूर्वक रेस्क्यू

■ **वन विभाग की टीम ने हाथियों को जंगल में छोड़ा**

कसडोल/नवप्रदेश। बलौदाबाजार वनमण्डल के अंतर्गत हरदी ग्राम में तीन हाथी- एक मादा हाथी, उसका बच्चा एवं एक नर जुवेनाइल हाथी- ग्रामीण टिकनेश्वर ध्रुव के खेत में फिसलकर गिर गए थे। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने तत्काल मौक़े पर पहुँचकर त्वरित और समन्वित कार्रवाई की गई। वन विभाग द्वारा सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए रैंप तैयार किया गया, जिसके माध्यम से तीनों हाथियों को सावधानीपूर्वक निकाला गया। रेस्क्यू ऑपरेशन के उपरांत सभी हाथियों को सुरक्षित रूप से निकटस्थ वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया, जहाँ वे अपने समूह से पुनः जा मिले। विभागीय अधिकारियों ने पुष्टि की है कि सभी हाथी पूरी तरह स्वस्थ हैं और किसी भी प्रकार की चोट नहीं आई है।

इस मौके पर मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) स्तोविषा समझदार भी घटनास्थल पर पहुँचीं

और रेस्क्यू की पूरी प्रक्रिया का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय टीम की त्वरित कार्रवाई और उत्कृष्ट समन्वय की सराहना की।

रेस्क्यू ऑपरेशन वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार धम्मशील गणवीर की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में तथा अधीक्षक बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य कृषानू चन्द्राकर के नेतृत्व में संचालित किया गया। विभागीय टीम ने रातभर सतर्कता और समर्पण के साथ कार्य करते हुए इस जटिल रेस्क्यू को सफलता पूर्वक अंजाम दिया।

वनमण्डलाधिकारी श्री धम्मशील गणवीर ने कहा - वन विभाग का दायित्व केवल वन्यजीवों की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक जीवन को सुरक्षित बचाना हमारी प्राथमिकता है। हरदी ग्राम का यह रेस्क्यू ऑपरेशन विभाग की त्वरित प्रतिक्रिया, सामूहिक समर्पण और फील्ड टीम की दक्षता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

वन विभाग, बलौदाबाजार द्वारा इस प्रकार की आपात स्थितियों से निपटने हेतु त्वरित रेस्क्यू रेस्पॉन्स प्रणाली, ग्राउंड टीमों का प्रशिक्षण, और स्थानीय समुदायों के साथ समन्वय को निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है।

इस अभियान को सफल बनाने में वन परिक्षेत्र अधिकारी गोपाल वर्मा, वन परिक्षेत्र अधिकारी बल्दाकछार गीतेश कुमार बंजारे, वन परिक्षेत्र अधिकारी कोठारी जीवनलाल साहू, प्रशिक्षु वन परिक्षेत्र अधिकारी राहुल उपाध्याय, अतुल तिवारी, दीक्षा पाण्डेय सहित परिक्षेत्र कोठारी और बार के समस्त वनकर्मियों, फील्ड स्टाफ एवं स्थानीय ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

ईस्ट-वेस्ट पॉवर लिफ्टिंग महापौर ट्रॉफी नेशनल पॉवर लिफ्टिंग का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। छ.ग पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा ईस्ट-वेस्ट पॉवर लिफ्टिंग महापौर ट्रॉफी नेशनल पॉवर लिफ्टिंग का आयोजन रायपुर के बुढेश्वर महादेव मंदिर भवन मे किया गया। जिसमें सब-जूनियर वर्ग में रागिनी राघव ने फूल पॉवर लिफ्टिंग में 120 द्मद्द. वजन उठा कर, दो गोल्ड मेडल हाँसिल किया। और रायपुर और रायपुर दक्षिण के विधायक श्री सुनील सोनी जी ने प्रोत्साहन दिया।

लेखा प्रभारी ने 41 हजार से अधिक का किया हेराफेरी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग पंडरी में तत्कालीन लेखा प्रभारी ने 41 हजार से अधिक का हेराफेरी कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जेआर निराला 52 वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग पंडरी में कार्यरत है। बताया जाता है कि छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग में पदस्थ तत्कालीन लेखा प्रभारी विनोद साहू ने कार्य करने के दौरान विभाग के 41856 रुपए का हेराफेरी कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

किराना दुकान के गल्ले से 50 हजार पार

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम चंदखुरी स्थित किराना दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 50 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी तोषण साहू 26 वर्ष चंदखुरी का रहने वाला है। प्रार्थी किराना दुकान चलाता है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान का ताला तोड़कर गल्ले में रखे नकदी 50 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

हेरोइन चिट्टा के साथ दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। आमानाका पुलिस ने टाटीबंध चौक से सरोना मार्ग में ट्रेलर वाहन में हेरोइन चिट्टा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 34-60 ग्राम चिट्टा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आमानाका पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर टाटीबंध चौक से सरोना मार्ग में दबिश देकर ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 एचएक्स 6227 में सवार आरोपी हरदीप कुमार 36 वर्ष और मंजीत सिंह 53 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से 34-60 ग्राम हेरोइन चिट्टा, तौल मशीन और 2 मोबाइल फोन जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

निजी भूमि पर कब्जे की कोशिश

कोरबा/नवप्रदेश। ग्राम दाधरखुर्द में निजी स्वामित्व वाली भूमि पर कथित रूप से गैर राजनीतिक पार्टी के नाम का दुरुपयोग करते हुए जबरन वृक्षारोपण किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद भूमि स्वामी शत्रुघन सिंह राजपूत ने जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। श्री राजपूत ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में बताया है कि उनकी पैतृक भूमि खसरा नंबर 1125 ग्राम दाधरखुर्द में स्थित है। इस भूमि से जुड़ा सीमांकन विवाद वर्तमान में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के समक्ष लंबित है।

मृत्युभोज खाने के बाद डायरिया का कहर

दो ग्रामीणों की मौत के बाद जागा प्रशासन, 5 दिनों में 30 से अधिक ग्रामीण इलाज के लिए भर्ती

■ **पाडादाह, खैरागढ़ राजनांदगांव मे करा रहे इलाज**

खैरागढ़/नवप्रदेश । गातापार जंगल इलाके के वनांचल ग्राम लिमऊटोला मे पिछले पांच दिनो से डायरिया के प्रकोप के बाद भी राज्योत्सव मे जूटे स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते दो लोगो की मौत हो गई है । जबकि 30 से अधिक ग्रामीण डायरिया के चलते विभिन्न अस्पतालो मे भर्ती है । मामले मे सोमवार सुबह भी जिला मुख्यालय के सिविल अस्पताल मे इलाजरत समारू गोड़ की डायरिया के इलाज के दौरान मौत हो गई । गातापार इलाके के जनप्रतिनिधियो और ग्रामीणो का आरोप है कि लगातार जानकारी दिए जाने के बाद भी स्वास्थ्य अमला राज्योत्सव की तैयारी मे जुटे होने का हवाला देकर गांव मे कैंप लगा रहा है ना ही विशेषज्ञ चिकित्सको का दल भेज पाया है । लिमऊटोला मे बढ़ते डायरिया के प्रकोप के चलते आज मंगलवार को होने वाले गातापार जंगल का साप्ताहिक बाजार भी संक्रमण रोकने स्थगित कर दिया गया है । दुकानो को भी बंद कराने कहा गया है । गांव मे डायरिया की शुरूआत शुक्रवार से हूई है । गांव की 70 वर्षीय महिला को उल्टी दस्त के चलते सिविल अस्पताल मे इलाज के बाद राजनांदगांव रिफर किया गया था जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई । गांव मे उसके अंतिम संस्कार के बाद उसके शोक कार्यक्रम मे आयोजित मृत्युभोज में लगभग पूरा गांव शामिल हूआ था । भोज के बाद से गांव के लोगो को उल्टी दस्त की शिकायत शुरू होने की जानकारी है । पहले एक दो लोगो को डायरिया की शिकायत सामने आई । लेकिन शनिवार से मामला लगातार बढने लगा । शनिवार से सोमवार तक गांव के 30 से अधिक लोग डायरिया के चलते पाडादाह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिविल अस्पताल मे भर्ती है । सोमवार को भी सुबह तीन मरीजो की स्थिति बिगडने के बाद उन्हे सिविल अस्पताल लाया गया । जबकि दो गंभीर मरीजो का इलाज राजनांदगांव मेडिकल कालेज और कूछ ग्रामीण व्यवस्था नही होने के चलते खैरागढ़ के निजी अस्पताल मे अपना इलाज करा रहे है । लिमऊटोला की साढ़े तीन सौ की जनसंख्या मे आधे से ज्यादा लोगो को डायरिया से पीड़ित बताया गया है । गातापार मे पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता और मितानीनो के भरोसे गांव मे डायरिया पीड़ित लोगो की जांच और इलाज जारी है । सिविल अस्पताल मे बीएमओ को तीन दिन से जानकारी दिए जाने के बाद भी कोई भी स्वास्थ्य टीम सोमवार तक गांव नही पहुँची ।

न कैंप लगाया, न ही पहुंचे चिकित्सक

लिमऊटोला मे तीन दिन से लगातार डायरिया के मरीजो की संख्या बढने के बाद भी स्वास्थ्य अमला मौके पर नही पहुँचा है । आरएचओ और मितानीने ग्रामीणो की जांच और इलाज कर रही है । शनिवार को पाड़ादाह स्वास्थ्य केन्द्र की टीम गांव पहुँची थी । जिसके बाद पाडादाह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधिकारी डा रितुराज सिंह ने इसकी जानकारी सिविल अस्पताल और जिला स्वास्थ्य विभाग को दी थी । सोमवार को मामला बिगडने के बाद नींद से जागे स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी गांव पहुँचे जिसमें सीएमएचओ डा आशीष शर्मा, बीएमओ विवेक बिसेन सहित स्वास्थ्य दल शामिल था । ग्रामीणो के आक्रोश के बाद आंगनबाड़ी केन्द्र मे ही इलाज के दौरान दो मरीजो को भर्ती व्यवस्था बनाकर इलाज शुरू कराया गया। अधिकारियो ने गांव का भ्रमण कर लोगो से जानकारी लेते दवाई का वितरण किया । इस दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र मे चल रहे आरएचओ और मितानीनो द्वारा किए जा रहे इलाज और जांच की जानकारी ली ।

> लिमऊटोला मे सीएमएचओ के साथ जांच और निरीक्षण किया गया । ग्रामीणो कीजांच लगातार की जा रही है । कुछ नए मरीज और आ सकते है । प्राथमिक रूप से मृत्युभोज खाने के बाद ही स्थिति बिगडने का मामला सामने आया है । जांच के बाद दवाई वितरण जारी है ज्यादा दिक्कत वालो को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है । आंगनबाड़ी केन्द्र मे स्वास्थ्य कार्यकर्ता लगातार जांच और राहत देने जूटे है ।
>
> **डॉ विवेक बिसेन,** बीएमओ सिविल अस्पताल खैरागढ़

पैलीमेटा में सैकड़ों एकड़ की फसले कीट प्रकोप से बर्बाद

मुआवजा और कर्ज माफी को लेकर सैकड़ों किसानों ने घेरा कलेक्ट्रेट

खैरागढ़/नवप्रदेश जिले के साल्हेवारा क्षेत्र स्थित पैलीमेटा सहकारी समिति मे शामिल 30 से अधिक गांवो के किसानो ने फसल नुकसान को लेकर सोमवार को जिला कार्यालय पहुँच जमकर प्रदर्शन किया और मुआवजा राशि दिलाने सहित कर्ज माफकिए जाने की मांग की । सोमवार को तीन सौ से अधिक की संख्या मे कलेक्टर कार्यालय पहुँचें पैलीमेटा, ठाकुरटोला, मोहगांव, जंगलपूर, अचानकपूर, गर्रा, बेलगांव, झिरिया, मानपूर पहाड़ी, बेंगरी, डुमरिया सहित अन्य गांवो के किसानो ने कलेक्टेट के मुख्य द्वार पर ही बैठकर प्रदर्शन किया । कलेक्ट्रेट द्वार पर बैठे किसानो ने बताया कि लगातार बारिश , कीट प्रकोप के चलते इलाके की धान, सोयाबीन, सब्जी सहित अन्य फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई है । किसानों ने अपनी पीड़ा बताते कहा कि समिति से बड़ी मात्रा मे

खाद बीज और कर्ज लेकर उन्होने खेती मे लगाई थी लेकिन प्रतिकूल मौसम और कीट प्रकोप के चलते फसलें पूरी तरह चौपट हो गई । कई बार दवाईयों का छिडकाव किए जाने के बाद भी फसलें नही बची और किसान कर्ज चुकापाने की स्थिति मे नही है ।

5 सुत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

पैलीमेटा समिति से जूड़े किसानो ने इस दौरान कलेक्टर को पांच सुत्रीय मांग को लेकर ज्ञापन सौंप धान, सोयाबीन, टमाटर एवं अन्य फसलों के नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा दिए जाने, आरबीसी 6- 4 के तहत क्षतिपूर्ति राशि किसानो को प्रदान किए जाने, फसल बीमा की राशि किसानो को शीघ्र प्रदान करने, समिति से लिए गए कर्ज की राशि को पूर्णत माफकिए जाने, किसानो की आर्थिक स्थिति को देखते बढ़े हुए बिजली बिल मे राहत देने की मांग दोहराई ।

भिक्षुक आश्रम में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाकर 60 मरीजों की जांच

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू-04) द्वारा जोन 3 के अंतर्गत भिक्षुक आश्रम में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य समाज के उन जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना था जो बेघर हैं या जिन्हें परिवार से अलग कर दिया गया है। भिक्षुक आश्रम में रहने वाले कई लोग वृद्ध, दिव्यांग या शारीरिक रूप से असमर्थ हैं, जिनके लिए नियमित चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। इस शिविर में कुल 60 मरीजों की जांच की गई, जिनमें 16 पुरुष, 27 महिलाएं, 1 बच्चा और 16 बुजुर्ग शामिल थे। कुल 53 मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं तथा 17 मरीजों के लैब टेस्ट किए गए, जिनमें 10 पुरुष और 7 महिलाएं थीं। सभी मरीजों को सामान्य स्वास्थ्य जांच, प्राथमिक उपचार और आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया।

शिविर का संचालन डॉ. भूमिका पटेल के नेतृत्व में किया गया। उनके साथ फार्मासिस्ट आंचल पाल, लैब टेक्नीशियन प्रिया वर्मा, नर्स स्वाति मणिकपुरी और ड्राइवर हेमंत वर्मा ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर में एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर विकास दुबे की उपस्थिति रहे जिन्होंने संपूर्ण व्यवस्था का निरीक्षण किया। यह विशेष शिविर रायपुर नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती तृप्ति पाणिग्रही के मार्गदर्शन एवं निगरानी में आयोजित किया गया। भिक्षुक आश्रम में आयोजित यह शिविर इस बात का प्रमाण है कि मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना न केवल शहरी झुग्गी बस्तियों तक, बल्कि समाज के सबसे हाशिए पर खड़े लोगों तक भी स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह प्रयास मानवता, करुणा और समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

खनिज विभाग ने शुरू की गोल्ड माइन नीलामी, वेदांता और जिंदल आए आगे

■ **प्री-बिड ऑनलाइन मीटिंग छह नवंबर को, बलरामपुर में बेस मेटल्स और सिल्वर ब्लॉक भी नीलामी**

■ **वेदांता, जिंदल समेत देश-विदेश की कंपनियों ने रुचि दिखाई**

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार प्रदेश में एक और गोल्ड खान की नीलामी करने की तैयारी कर रही है। वर्तमान में महासमुंद जिले के करणखोल-रचपालपुर इलाके में गोल्ड की पुष्टि हुई है। इसके बाद खनिज साधन संचालनालय ने नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक गोल्ड माइंस के करीब डेढ़ सौ हेक्टेयर क्षेत्र को चयनित किया गया है। चयनित कंपनियों को कंपोजिट लाइसेंस जारी किए जाएंगे, जिसके तहत उन्हें प्रास्पेक्टिंग के बाद खनन पट्टा (माइनिंग लीज) के लिए अलग से लाइसेंस की आवश्यकता नहीं होगी। इसके लिए देश-विदेश की प्रमुख खनन कंपनियों से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। खनिज संचालक रजत बंसल ने बताया कि सर्वेक्षण कार्य पूर्ण हो चुका है।

लाइमस्टोन और सिल्वर भी नीलामी को तैयार

गोल्ड खान के अलावा राज्य में लाइमस्टोन, सिल्वर, कापर, बेस मेटल्स और आयरन ओर की खदानों की नीलामी की भी तैयारी है। सूत्रों के अनुसार, लाइमस्टोन खदानों में अदाणी, अल्ट्राटेक और श्री सीमेंट जैसी बड़ी कंपनियां

रुचि दिखा रही हैं। वहीं, आयरन ओर खदानों के लिए प्रदेश की प्रमुख स्टील कंपनियां बोली लगाने की तैयारी में हैं। विभाग ने अनुमान जताया है कि इन नीलामियों से आने वाले वर्षों में सैकड़ों करोड़ रुपये का राजस्व राज्य को प्राप्त होगा।

बलरामपुर में बेस मेटल्स और एसोसिएट मिनरल्स : बलरामपुर जिले के धुलांगी क्षेत्र में लगभग 150 हेक्टेयर क्षेत्र में बेस मेटल्स और एसोसिएट मिनरल्स सिल्वर और कापर की पुष्टि के बाद नीलामी के लिए आफर बुलाए गए हैं। वहीं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के गोपालटोला क्षेत्र में लगभग 1,217 हेक्टेयर में आयरन ओर माइंस की नीलामी प्रक्रिया शुरू की गई है। कबीरधाम जिले के भीकुरिया-छंटा (399 हेक्टेयर) और जगमड़वा-हनाईबांध (304 हेक्टेयर) में लाइमस्टोन ब्लाकों की भी नीलामी प्रस्तावित है। इन सभी नीलामियों की प्रक्रिया केंद्र सरकार की एजेंसी एमएमटीसी के माध्यम से कराई जाएगी।

19 को खोले जाएंगे टेंडर

खनिज विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस खान को लेकर छह नवंबर को प्री-बिड आनलाइन मीटिंग आयोजित की जाएगी, जिसमें विभाग के अधिकारी खदानों का विस्तृत ब्यौरा देंगे। वेदांता, जिंदल और अन्य बड़ी कंपनियों ने इस नीलामी में विशेष रुचि दिखाई है। कंपनियों के लिए टेंडर जमा करने की अंतिम तिथि 17 नवंबर निर्धारित की गई है, जबकि 19 नवंबर को टेंडर खोले जाएंगे। इससे पहले राज्य में सोनाखान इलाके के बागमहरा में गोल्ड माइंस की नीलामी की जा चुकी है, जहां वर्तमान में पूर्ववेक्षण कार्य जारी है।

15 कोल ब्लाक भी

केंद्र सरकार ने देशभर के 41 कोल ब्लाकों की नीलामी प्रक्रिया शुरू की है, जिनमें छत्तीसगढ़ के 15 ब्लाक शामिल हैं। इनमें तौलीपाली, बताती-कोल्गा वेस्ट, मदवानी, करतला साउथ, कलगामार, गोरही महलोई श्रृंखला के चार ब्लाक, रेओंटी पूर्व, टेरम, विजयनगर उत्तर-दक्षिण और भटगांव के दो ब्लाक शामिल हैं।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com